सूर्योदय 5:44 सूर्यास्त 6:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 27.3 अधि |
| धर्मशाला | 22.0 न्यू | 33.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,664 |
| निफ्टी | 24,173 |
| सोना 1,51,150 | चांदी 2,40,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 | 11 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 115, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

## 149 दिन बाद खुले बद्रीनाथ के कपाट

**एजेंसी, चमोली।** चारधाम यात्रा के पांचवें दिन वीरवार को चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट 149 दिन के बाद विधिवत रूप से खोल दिए गए हैं। सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर मंदिर के द्वार खुलते ही सबसे पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनके बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भगवान के दर्शन किए। अनुमान है कि आज करीब 7 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचेंगे, कपाट खुलने के समय मंदिर परिसर में करीब 2 हजार लोग मौजूद थे। यहां सबसे पहले बीते छह महीनों से जल रही अखंड ज्योति के दर्शन किए जा रहे हैं। वहीं, कपाट बंद होने के समय बद्रीविशाल पर चढ़ा घृत कंबल हटा दिया गया है। बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन चंद्र उनियाल ने बताया कि इस साल कंबल घी में लबालब मिला है, जो ये संकेत देता है कि पूरे साल मौसम अनुकूल रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## यूपी के मिर्जापुर में हादसे में 11 की मौत

**एजेंसी, लखनऊ।** यूपी के मिर्जापुर में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इसमें बोलेरो सवार 9 लोग जिंदा जल गए। हादसा रात 9.30 बजे मिर्जापुर-रीवा नेशनल हाईवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्रक ने आगे चल रही बोलेरो और स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियां आगे चल रहे एक ट्रॉले से जा टकरा गईं। रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर के बाद बोलेरो उछलकर अलग हो गई। तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। जबकि, स्विफ्ट कार ट्रक और ट्राले के बीच में फंस गई। आग इतनी भीषण थी कि बोलेरो सवार 9 लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसमें एक ही परिवार के 8 लोग और एक ड्राइवर था। करीब ढाई घंटे तक बोलेरो धू-धू कर जलती रही। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए आए, लेकिन आग तेज होने की वजह से कोई पास नहीं जा पाया। (अनंत ज्ञान)

## नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और कारोबारी दीपक भट्ट से संबंध का आरोप है। इसके अलावा निवेश और वित्तीय लेनदेन को लेकर भी सवाल उठे हैं। नेपाल के अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने निष्पक्ष जांच और हितों के टकराव से बचने के लिए पद छोड़ने की बात कही। गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'मैंने अपने खिलाफ उठे सवालों को गंभीरता से लिया है। मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से बड़ी है और जनता का भरोसा सबसे बड़ी ताकत है।' यह नेपाल की नई सरकार में एक महीने के भीतर दूसरा मामला है, जब किसी मंत्री को पद छोड़ना पड़ा है। इससे पहले 9 अप्रैल को श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को अनुशासनहीनता के आरोप में हटाया गया था। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- राजधानी के कमला नेहरू अस्पताल में इलाज करना हुआ महंगा -पेज 2
- 113 दिन में चरस व चिट्टे के 43 मामले दर्ज, 74 लोग किए गिरफ्तार -पेज 4
- महिला आरक्षण की आड़ में पुरुषवादी मानसिकता बढ़ा रही भाजपा -पेज 9

# पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 91 % से ज्यादा रिकॉर्डतोड़ मतदान

## तमिलनाडु में भी बंपर वोट पड़े, पहली बार 82 प्रतिशत मतदान

**एजेंसी, कोलकाता/चेन्नई**

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में वीरवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में कुल 91.46 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 82.24% वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 5 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। ममता ने वोटिंग के बाद कहा- बंगाल की जनता ने एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग की है।

इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91%, पुडुचेरी में 90% और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27% वोटिंग हुई थी। पाचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे। बंगाल में वोटिंग खत्म होने के बाद अमित शाह ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। गृहमंत्री शाह ने लिखा कैप्शन में लिखा, 'तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका है।' (अनंत ज्ञान)

### कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी पर हमला, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**पश्चिम** बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया। वहीं, पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। बीरभूम के बोधपुर गांव में टीएमसी खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में बुधवार देर रात देसी बम से हमले में कई लोग घायल हो गए। आम जनता उन्नयन पार्टी चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया। सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यहां से शंकर घोष भाजपा प्रत्याशी हैं।



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान करने के लिए लाइन में खड़ी महिलाएं। अनंत ज्ञान

# प्रदेश के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी

## 40 डिग्री पहुंचा ऊना का तापमान, कांगड़ा का पारा भी सामान्य से 7.2 डिग्री ज्यादा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला/ऊना।** हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। ऊना का तापमान वीरवार को सामान्य से 4.1 डिग्री ज्यादा के साथ 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। ऊना में का अप्रैल में अधिकतम तापमान 30-04-2022 को 43.2 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं, कांगड़ा का तापमान भी सामान्य से 7.2 डिग्री ज्यादा के साथ 36.4 डिग्री, धर्मशाला का 5.1 डिग्री के उछाल के साथ 33.0 और कुल्लू के भुंतर का अधिकतम तापमान नॉर्मल से 5.2 डिग्री ज्यादा के साथ 33.4 डिग्री पहुंच गया है।

इसी तरह अन्य शहरों के तापमान में भी उछाल दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों के साथ साथ ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्र में तपने लगे है। शिमला का तापमान भी सामान्य से 4.7 डिग्री ज्यादा के साथ 27.2 डिग्री, मनाली का 4.3 डिग्री के उछाल के साथ 26.8 डिग्री हो गया है। प्रदेश में बीते एक सप्ताह से खिल रही धूप के बाद ऊना, कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर और सिरमौर जिला के निचले इलाकों में दिन में धूप में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।



### आज और कल बारिश के आसार

**राहत** की बात यह है कि 24 अप्रैल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर अगले चार दिन नजर आएगा। चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के अधिक ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को भी हल्की बूंदाबांदी के आसार है। वहीं 25 अप्रैल को पूरे प्रदेश में बारिश के आसार हैं। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला में आंधी-तूफान का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 26 अप्रैल को कांगड़ा और कुल्लू जिला में चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बारिश हुई तो इससे गर्मी से राहत मिलेगी।

### देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। वीरवार को देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा वीरवार को 44.6 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा।

हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे। राजस्थान और यूपी में ठंडक के लिए सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा है।

बीकानेर, ग्वालियर के जू में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं। उधर, दिल्ली के स्कूलों में वॉटर बेल सिस्टम लागू किया जाएगा। हर 45 से 60 मिनट में घंटी बजाई जाएगी, ताकि छात्रों को पानी पीने की याद दिलाई जा सके और डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)


**◆हीटवेव को देखते हुए ओडिशा में दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक**

# शिमला में यूटिलिटी डक्ट कार्य को गति दें अधिकारी : मुख्यमंत्री

## 145 करोड़ से भूमिगत होंगी शहर की तारें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोक निर्माण विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिमला में निर्माणाधीन यूटिलिटी डक्ट के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिमला क्लब तक 10 मई तथा लिफ्ट तक 15 जून तक तारकोल बिछाने का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना आम जनता की सुविधा से सीधे जुड़ी हुई है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने बताया कि छोटा शिमला से विलीज पार्क तक लगभग सात किलोमीटर लंबे यूटिलिटी डक्ट के निर्माण पर करीब 145 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर इसे पूर्ण किया जाए, ताकि शहर में यातायात और बुनियादी सुविधाओं में सुधार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शिमला एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ प्रदेश की राजधानी भी है, जहां हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। ऐसे में शहर को पेड़ों पर लटके तारों के जाल से मुक्त करना बेहद आवश्यक है। इस परियोजना के तहत बिजली, पानी और अन्य केबल्स को भूमिगत किया जाएगा, जिससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि पर्यटकों को भी बेहतर अनुभव प्राप्त होगा।

# स्कूलों में नहीं, डिप्टी डायरेक्टर के ऑफिस में हुई शिक्षकों की ट्रांसफर

## चार टीजीटी और एक प्रिंसिपल उपनिदेशक कार्यालय में देंगे सेवाएं

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** एलिमेंट्री एजुकेशन डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में पिछले दो दिन में दो टीजीटी शिक्षकों ने ज्वाइन किया है। अब इनकी तादाद चार हो गई है। एक प्रिंसिपल पहले से ही यहां सेवाएं दे रहे हैं।

कुल मिलाकर पांच शिक्षक इसी कार्यालय में सेवा देंगे। अब ये पांचों यहां करेंगे क्या? किसी को कोई पता नहीं है। क्योंकि शिक्षकों का तबादला डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में हो जाए, वह भी बगैर काम के, तो फिर शिक्षा विभाग का सिस्टम कैसे चल रहा है, इस पर सवाल उठना लाजिमी है। वैसे प्रिंसिपल का तबादला इस कार्यालय में सिस्टम पर सवाल उठा रहा है। क्या प्रिंसिपल हिमाचल में सरप्लस हो गए हैं, जिन्हें स्कूलों में पोस्टिंग देने की बजाए विभाग के डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में दी जा रही है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### एक-दो दिन नहीं लंबे समय तक डटे रहेंगे यहां

**पिछले** लंबे समय से चल रही यह प्रैक्टिस अब अच्छी खासी फल फूल रही है, क्योंकि आए दिन ये टीचर या प्रिंसिपल दो दिनों के लिए एडजस्टमेंट के लिए नहीं आ रहे, बल्कि काफी लंबे समय तक उनकी मौजूदगी यहां रहती है। बुधवार और वीरवार को भी दो अलग-अलग टीचर जब इस डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में ज्वाइन कर चुके हैं। अब चर्चा यह है कि अब टीचर और प्रिंसिपल इस कार्यालय में कहां बैठेंगे, क्या करेंगे, क्या हाजिरी लगाकर चले जाएंगे? ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब मिलने वाला नहीं है। व्यवस्था में जो चल रहा है सब बढ़िया चल रहा है।

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर

**हमीरपुर** के एलिमेंट्री एजुकेशन के डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर का कहना है कि चार टीचर यहां मौजूद हैं और एक प्रिंसिपल भी हैं। दो टीचर पिछले दो दिनों में आए हैं। वे इस पर कमेंट नहीं कर सकते। आदेश ऊपर से इसी कार्यालय के हैं, हमने सिर्फ ज्वाइनिंग ली है। इसलिए इससे ज्यादा और कुछ भी नहीं बता सकते।

**इस साल 16 जून से 15 जुलाई तक पहला चरण, फरवरी 2027 से शुरू होगा दूसरा**

# हिमाचल में दो चरणों में होगी जनगणना

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 2027 में होने वाली जनगणना को लेकर अहम अधिसूचना जारी कर दी है। यह जनगणना पहली बार पूरी तरह डिजिटल तरीके से दो चरणों में संपन्न करवाई जाएगी। सरकार ने आम जनता से अपील की है कि वे जनगणना अधिकारियों का पूरा सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि राज्य के विकास और योजनाओं के निर्माण के लिए सटीक आंकड़े जुटाए जा सकें।

अधिसूचना के अनुसार पहला चरण 16 जून 2026 से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें हाउस लिस्टिंग और आवास संबंधी जानकारी एकत्र की जाएगी। इस चरण से पहले 15 दिनों की अवधि में स्वयं गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी लोगों को दिया जाएगा।

दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें वास्तविक जनसंख्या गणना की जाएगी। हालांकि बर्फबारी वाले क्षेत्रों में यह कार्य सितंबर 2026 में ही पूरा किया जाएगा, ताकि मौसम की बाधा न आए।

### जनगणना कार्य में बाधा डाली तो होगी कार्रवाई



**अधिसूचना** में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत जानकारी देता है, जानकारी देने से इनकार करता है या जनगणना कार्य में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। सरकार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में जिम्मेदारी के साथ भाग लें, ताकि हिमाचल प्रदेश के भविष्य की योजना और विकास को मजबूत आधार मिल सके।

### सही जानकारी देने की अपील

**सरकार** ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान अधिकारियों को घरों, संस्थानों और अन्य स्थानों तक पहुंच देने की जिम्मेदारी नागरिकों की होगी। उनसे पूछे गए प्रश्नों का सही और पूर्ण उत्तर देना कानूनी रूप से अनिवार्य है। जनगणना आंकड़े राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं, संसाधनों के वितरण, विकास कार्यों और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए इसकी उपयोगिता व्यापक और दीर्घकालिक है। राज्य सरकार का मानना है कि जनगणना प्रदेश के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। सही और पारदर्शी जानकारी से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और रोजगार जैसी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाए और जनगणना को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करे, ताकि हिमाचल प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके।

# ट्रंप का सीजफायर एकतरफा: ईरान

## ईरानी स्पीकर बाघेर ने कहा-अमेरिकी नाकेबंदी हटेगी तभी करेंगे बात

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**

ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने कहा कि मौजूदा समय में सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए। ईरान और अमेरिका के बीच 22 अप्रैल को सीजफायर खत्म हो गया था। ट्रंप ने इसके खत्म होने से पहले ही इसे एकतरफा तरीके से आगे बढ़ा दिया था।



वहीं, ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर शुक्रवार तक अच्छी खबर आ सकती है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने एक संदेश में यह बात कही। पाकिस्तानी अधिकारियों ने भी संकेत दिया है कि ईरान के साथ अगले 36 से 72 घंटों के भीतर नई बातचीत शुरू हो सकती है। हालांकि, ईरान का कहना है कि उसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह अमेरिका के साथ नए दौर की वार्ता में शामिल होगा या नहीं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी सेना ने ईरान से जुड़े तेल टैंकर को पकड़ा

**अमेरिकी** सेना ने ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर को जब्त कर लिया है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुताबिक, 'मजेस्टिक एक्स' नाम के इस टैंकर को हिंद महासागर में पकड़ा गया। रक्षा विभाग ने कहा, 'हम अवैध नेटवर्क को तोड़ने और ईरान को मदद पहुंचाने वाले जहाजों को रोकने के लिए समुद्री कार्रवाई जारी रखेंगे।' शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, यह टैंकर श्रीलंका और इंडोनेशिया के बीच हिंद महासागर में था और चीन के झोउशान की ओर जा रहा था।

### ट्रंप ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को भी किया बर्खास्त

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है।



इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है।

**अमीरी** फ्रैंक की रिपोर्ट में भारत में बढ़ रही अति अमीर लोगों की फौज

# भारत में 2031 तक होंगे 313 अरबपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रमुख रियल एस्टेट कंसल्टेंट नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अरबपतियों की संख्या में आने वाले वर्षों में भारी उछाल आने वाला है। अनुमान है कि साल 2031 तक भारत में अरबपतियों की कुल संख्या 51 प्रतिशत बढ़कर 313 तक पहुंच जाएगी। नाइट फ्रैंक ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट द वेल्थ रिपोर्ट का 20वां संस्करण जारी किया। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स की आबादी 2031 तक 25,217 होने का अनुमान है।



गौरतलब है कि अति अमीर व्यक्ति उन व्यक्तियों को माना जाता है जिनकी शुद्ध संपत्ति 30 मिलियन डॉलर, यानी लगभग 250 करोड़ रुपए या उससे अधिक होती है। वर्तमान में, भारत में 19,877 ऐसे अति-धनी व्यक्ति और 207 अरबपति मौजूद हैं। रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में भू-राजनीतिक अस्थिरता, बढ़ती ब्याज दरों और अनिश्चित आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति निर्माण में तेजी देखी गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत के 'वेल्थ क्लब' का विस्तार इसकी आर्थिक विकास यात्रा का प्रतिबिंब है। (अनंत ज्ञान)

### इन क्षेत्रों ने लिखी सफलता की गाथा

**भारत** में धन सृजन की इस असाधारण गति के पीछे मुख्य रूप से टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल्स और कैपिटल मार्केट्स का बड़ा हाथ है। नाइट फ्रैंक का कहना है कि भारत की अति अमीर आबादी आज के 19,877 से बढ़कर 2031 में 25,217 हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई अकेले देश की 35.4 प्रतिशत अति-धनी आबादी का घर है। यह शहर निवेश और व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जिससे यहां संपत्ति का संकेंद्रण सबसे अधिक है।

### वैश्विक रैंकिंग में इंडिया का दबदबा

**भारत** अब दुनिया की छठी सबसे बड़ी अति अमीर आबादी वाला देश बन चुका है। अगर अरबपतियों की बात करें, तो पिछले पांच वर्षों में भारत में इनकी संख्या में 58 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है। इस श्रेणी में भारत अब विश्व स्तर पर अमेरिका, 914 अरबपति और चीन 485 अरबपति के बाद तीसरे स्थान पर काबिज है। भारत अब एक अधिक उद्यमशील अर्थव्यवस्था में बदल रहा है, जहां गहरी पूंजी, परिष्कृत वित्तीय बाजार और विश्व स्तर पर जुड़े हुए संस्थापकों और निवेशकों का एक बड़ा समूह तैयार हो रहा है।

# पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त, शिमला द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों को गति देते हुए विभिन्न विकास खंडों में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

आदेश में पूर्व में जारी पत्रों में आंशिक संशोधन करते हुए रामपुर और जुब्बल विकास खंडों के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी तैनात किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये नियुक्तियां राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई हैं। जारी आदेश के तहत रामपुर विकास खंड की 39 ग्राम पंचायतों के लिए नायब तहसीलदार

**◆ रामपुर और जुब्बल में सहायक व रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति**

स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि जुब्बल विकास खंड की 25 पंचायतों के लिए भी संबंधित अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की गई है।

शिमला स्थित उपायुक्त कार्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे चुनावी नियमावली का कड़ाई से पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही, जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को निर्देशित किया गया है कि इस आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनता तक चुनाव संबंधी जानकारी समय पर पहुंच सके।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष बेनकाब : सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस पर



तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संसद में हुए घटनाक्रम ने विपक्ष के महिला विरोधी चेहरे को उजागर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और सपनों से जुड़ा था, लेकिन विपक्ष ने मिलकर इसे रोकने का प्रयास किया। सूद ने कहा कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' जैसे नारे केवल दिखावा साबित हुए, क्योंकि वही दल संसद में महिलाओं को अवसर देने वाले प्रस्ताव के खिलाफ खड़े नजर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक महिलाओं को केवल मतदाता तक सीमित रखा और वास्तविक नेतृत्व देने की इच्छा नहीं दिखाई, जबकि भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सूद ने दावा किया कि आज सामान्य परिवारों से आने वाली महिलाएं भी भाजपा में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं, जो उसकी नीति और सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अब जागरूक हो चुकी है और जन आक्रोश रैलियां इसका संकेत हैं।

### महिलाओं की बसें रोककर लोकतंत्र का गला घोंटा : रीना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा विधायक रीना कश्यप ने आरोप लगाया कि जन आक्रोश महिला पदयात्रा से घबराकर कांग्रेस सरकार ने प्रशासन



का दुरुपयोग करते हुए सोलन समेत विभिन्न क्षेत्रों से आ रही महिलाओं की बसों को रास्ते में रोक दिया और उन्हें घंटों परेशान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बाईपास मार्गों पर भेजना उनकी आवाज दबाने की सुनियोजित कोशिश है। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि कांग्रेस एक ओर महिला सशक्तिकरण की बातें करती है, जबकि दूसरी ओर शांतिपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेने से रोकती है। कश्यप ने कहा कि बाधाओं के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाएं रैली में पहुंचीं, जो नारी शक्ति के जागरूक होने का संकेत है।

# राजधानी के कमला नेहरू अस्पताल में इलाज करना हुआ महंगा

## नई शुल्क व्यवस्था लागू, आम मरीजों पर बढ़ा बोझ, गरीब और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थान कमला नेहरू अस्पताल में अब इलाज कराना पहले से अधिक महंगा हो गया है। अस्पताल प्रशासन द्वारा नई उपयोगकर्ता शुल्क व्यवस्था लागू किए जाने के बाद विभिन्न सेवाओं के लिए मरीजों को अधिक राशि चुकानी पड़ रही है। इस फैसले का सीधा असर उन मरीजों पर पड़ा है जो पहले ही आर्थिक तंगी से जूझते हुए सरकारी अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं।

नई शुल्क व्यवस्था के तहत पंजीकरण, जांच, वार्ड सेवाएं और अन्य सुविधाओं के लिए निर्धारित शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं की

**◆ सरकार ने व्यवस्था सुधार का दिया तर्क, विपक्ष ने बताया जनविरोधी फैसला**

गुणवत्ता सुधारने और संसाधनों को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि, आम लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों का मकसद सस्ती और सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराना होना चाहिए, लेकिन इस तरह के निर्णय से यह उद्देश्य कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। मरीजों और उनके परिजनों में इस फैसले को लेकर असंतोष साफ नजर आ रहा है। कई लोगों का कहना है कि निजी अस्पतालों की ऊंची फीस से बचने के लिए वे सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं, लेकिन अब यहां भी खर्च बढ़ने से उनकी परेशानी दोगुनी हो गई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए यह अतिरिक्त बोझ और भी कठिन साबित हो रहा है, क्योंकि उन्हें पहले ही यात्रा और रहने का खर्च उठाना पड़ता है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह तर्क दिया जा रहा है कि बढ़े हुए शुल्क से मिलने वाली राशि का उपयोग अस्पताल में बेहतर सुविधाएं, उपकरण और सेवाएं उपलब्ध कराने में किया जाएगा। वहीं विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय को जनविरोधी करार देते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए आम जनता पर आर्थिक दबाव डालने के बजाय अन्य विकल्प तलाशने चाहिए।

**राहत की उम्मीद में उठी आवाज, सरकार से पुनर्विचार की मांग तेज**

**अस्पताल** में बढ़ी फीस के खिलाफ अब आवाजें तेज होने लगी हैं और लोग सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग कर रहे हैं। मरीजों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो गरीब वर्ग के लिए इलाज कराना और भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में अब सबकी नजर सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर : पायल वैद्य

अनंत ज्ञान



शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करती भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसके माध्यम से पंचायत से संसद तक 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इस महत्वपूर्ण अवसर का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों को बाधित किया।

उन्होंने प्रियंका गांधी के 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने की बात आई तो कांग्रेस पीछे हट गई, जिससे उसका दोहरा चरित्र उजागर हो गया।

पायल वैद्य ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि संगठन और शासन दोनों स्तरों पर महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है, जो उसकी महिला विरोधी सोच को दर्शाता है। इसके विपरीत भाजपा में महिलाओं को व्यापक अवसर दिए जा रहे हैं और संगठन में 33 प्रतिशत से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने 23 अप्रैल को शिमला में आयोजित जन आक्रोश महिला पदयात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाओं का यह आक्रोश आगामी चुनावों में परिवर्तन की दिशा तय करेगा।

**◆ महिलाओं का आक्रोश बनेगा सत्ता परिवर्तन का आधार**

# हिमाचल में बढ़ते अपराधों पर अभाविप ने जताया आक्रोश

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गहरा रोष जताया है। परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि मंडी के सरकाघाट में हुई जघन्य घटना के बाद अब शिमला में दसवीं कक्षा की छात्रा पर जानलेवा हमला प्रदेश की कानून-व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर स्थिति के बावजूद निष्क्रिय बनी हुई है, जिसके चलते अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं और प्रदेश की बेटियां स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी सराहनीय है, लेकिन ऐसी घटनाओं का होना ही प्रशासनिक कमजोरी को दर्शाता है, जिससे समाज में भय का माहौल बन रहा है।

**◆ छात्राओं की सुरक्षा पर उठाए गंभीर सवाल**

अभाविप ने मांग की है कि इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए दोषियों को कठोर सजा दी जाए तथा मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालतों में की जाए।

परिषद ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि प्रदेशभर में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, स्कूलों और महाविद्यालयों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए और विशेष सुरक्षा अभियान चलाए जाएं। नैंसी अटल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो विद्यार्थी परिषद प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन छेड़कर सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य करेगी।

# महिला आरक्षण बिल गिराना लोकतंत्र का काला दिन : डेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महिला आरक्षण से जुड़े घटनाक्रम को लोकतंत्र का काला दिन बताया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को नीति निर्माण में भागीदारी देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने इसे रोककर महिलाओं के अधिकारों के साथ विश्वासघात किया।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखती है और जब अधिकार देने की बात आती है तो उन्हें पीछे कर दिया जाता है। डेजी ठाकुर ने कहा कि 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' के माध्यम से महिलाएं अब अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करेंगी और लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देंगी।

# अनिरुद्ध सिंह ने दुधली में किए ₹5.68 करोड़ के शिलान्यास

अनंत ज्ञान



दुधली में विकास कार्यों का शिलान्यास करते मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

**ब्यूरो, शिमला।** कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के दुधली में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने 5.68 करोड़ रुपए की लागत से चार विकास परियोजनाओं का शिलान्यास कर क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई दिशा दी। इन परियोजनाओं में दो महत्वपूर्ण सड़कों और दो पंचायत सामुदायिक भवनों का निर्माण शामिल है, जिससे न केवल ग्रामीण कनेक्टिविटी बेहतर होगी बल्कि सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों को भी सुदृढ़ आधार मिलेगा।

मंत्री ने कहा कि दुधली क्षेत्र का भौगोलिक महत्व देखते हुए यहां आवागमन को सुगम बनाना प्राथमिकता है। इसी कड़ी में 2.52 करोड़ रुपए से बेशक से टूड गांव सड़क और 87 लाख रुपए से भराड़ी-रगयान से कनैना सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही दुधली और टूड में आधुनिक पंचायत सामुदायिक भवनों के निर्माण पर प्रति भवन 1.14 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जो ग्राम सभाओं और सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में कुसुम्पटी क्षेत्र में सड़कों के लिए लगभग 200 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं और सैकड़ों सड़कों का निर्माण एवं औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। इसके अलावा ऑकलैंड टनल से कमयाना तक सड़क सुधार कार्य और आगे डुम्मी-शीड़ा होते हुए कनेक्टिविटी बढ़ाने का कार्य प्रगति पर है, जिससे पूरे क्षेत्र में आवागमन का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि महिला मंडलों को 60 फूड वैन देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, वहीं कमयाना हिल टॉप पर 7 करोड़ रुपए से पर्यटन पार्क विकसित किया जा रहा है।

# 133 ईको डोगरा बटालियन ने पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान



ईको डोगरा बटालियन के साथ पौधरोपण करते स्टूडेंट्स।

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल को टेरिटोरियल आर्मी की 133 इन्फैंट्री बटालियन टीए इको डोगरा, जिसे हिमाचल इको वॉरियर्स के रूप में जाना जाता है, ने पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण को समर्पित एक व्यापक अभियान का आयोजन किया।

कुफरी, तत्तापानी और औट मंडी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आयोजित इस पहल में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समुदाय के सदस्यों और होटल स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के अंतर्गत बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया गया, जिसमें अनेक पौधे रोपकर हरित क्षेत्र के विस्तार की दिशा में ठोस प्रयास किए गए। साथ ही जागरूकता व्याख्यानों के माध्यम से लोगों को वन संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग और बदलते जलवायु परिदृश्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया, जिससे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना और प्रगाढ़ हो सके।

इस अवसर पर चलाए गए स्वच्छता अभियान ने भी विशेष प्रभाव छोड़ा, जिसमें विभिन्न स्थानों से कचरा और प्लास्टिक अपशिष्ट हटाकर स्वच्छ परिवेश का संदेश दिया गया। बटालियन के अधिकारियों ने इस पहल को राष्ट्र निर्माण के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा बताते हुए कहा कि सेना केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और प्रकृति के संरक्षण में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वर्ष भर निरंतर प्रयास जारी रखने की सामूहिक शपथ ली, जिससे यह भाव और सुदृढ़ हुआ कि प्रकृति की रक्षा करना भी राष्ट्र सेवा का ही एक महत्वपूर्ण स्वरूप है।

# कांग्रेस के खिलाफ प्रदेशभर में तेज होंगे आंदोलन : श्रीकांत शर्मा

अनंत ज्ञान



भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** दीपकमल, चक्कर में भाजपा प्रदेश कोर ग्रुप और प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में श्रीकांत शर्मा, संजय टंडन, जयराम ठाकुर और सुरेश कश्यप सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति का विस्तृत विश्लेषण किया गया और कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रामक रणनीति तैयार करने के साथ प्रदेशभर में आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया।

श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है और केवल झूठे वादों के सहारे चल रही है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले नगर निगम और पंचायती राज चुनावों में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो लगातार जनता के बीच सक्रिय रहता है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और आगामी चुनावों में इसका असर स्पष्ट दिखाई देगा। बैठक में तय किया गया कि बढ़ती बेरोजगारी, प्रशासनिक सुस्ती, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों में देरी को लेकर भाजपा प्रदेशभर में जनआंदोलन चलाएगी। साथ ही धरना-प्रदर्शन और जनसंपर्क अभियानों को और तेज करने का निर्णय लिया गया।

# रामपुर नगर परिषद के 9 वार्डों में चार महिलाओं के लिए आरक्षित

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर नगर परिषद के चुनावों को लेकर परिषद क्षेत्र मै चुनावी माहौल गर्माने लगा है कई उमीदवार तो चुनावी मैदान मै उतर गए है । पुरानी नगर परिषद मै मुस्कान नेगी अध्यक्ष पद पर रही। नगर परिषद रामपुर का चुनाव रोस्टर के अनुसार विभिन्न वार्डों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो गई है। जारी रोस्टर के अनुसार इस बार महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिला है, जिससे नगर परिषद चुनावों में महिला उम्मीदवारों की भागीदारी बढ़ने की संभावना है।

जारी रोस्टर के अनुसार वार्ड नंबर-1 पिप्टी मोहल्ला महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड नंबर 2 पदम नगर अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित रखा गया है। वार्ड नंबर 3 रघुनाथ मोहल्ला-सत्यानारायण मोहल्ला महिलाओं के लिए आरक्षित है। वहीं वार्ड नंबर 4 नर सिंह मोहल्ला-महावीर मोहल्ला अनारक्षित रखा गया है।

इसके अलावा वार्ड नंबर 5 अखाड़ा टेंपल महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड नंबर 6 लोअर डाकोलर भी महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। वार्ड नंबर 7 अपर डाकोलर अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड नंबर 8 चुहाबाग व राचोली अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित घोषित किया गया है। जबकि वार्ड नंबर 9 खनेरी अनारक्षित रखा गया है।

**◆ एससी व एसटी वर्ग को भी मिला प्रतिनिधित्व**

रोस्टर जारी होने के बाद राजनीतिक दलों व संभावित प्रत्याशियों ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। जानकारों का मानना है कि परिषद में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित होने से नगर परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव में भी महिलाओं की भूमिका निर्णायक हो सकती है। नगर परिषद चुनावों को लेकर अब क्षेत्र में चुनावी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और आगामी दिनों में प्रत्याशियों की गतिविधियां और अधिक बढ़ने की संभावना है।

**चुनाव** नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन के लिए 4 दिन का अंतिम मौका

# जिला शिमला में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आया सामने

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला में पंचायत चुनाव 2026 को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम 1994 के तहत यह सूची तैयार की गई है। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों के मतदाताओं की पूरी नामावली भी सार्वजनिक की गई है, जिससे आम नागरिक अपनी जानकारी का सत्यापन कर सकें।

जारी सूचना के अनुसार प्रारंभिक सूची पर प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा करने के बाद अब अंतिम सूची प्रकाशित की गई है। इस सूची में प्रत्येक मतदाता का नाम, पिता/पति का नाम, पता, जन्म तिथि और अन्य आवश्यक विवरण शामिल किए गए हैं। इससे मतदाताओं को अपनी प्रविष्टि की पुष्टि करने में आसानी होगी और किसी

**◆ अंतिम सूची के साथ मतदाताओं का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक**

**◆ निर्धारित अवधि के बाद सूची मानी जाएगी अंतिम**

प्रकार की त्रुटि होने पर उसे समय रहते सुधारा जा सकेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बार पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केवल अधिसूचना ही नहीं बल्कि पूरी मतदाता सूची भी जारी की गई है।

सूची में क्रमवार सभी संबंधित व्यक्तियों का विवरण दिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूट न जाए और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल न हो। यह कदम निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की दिशा में अहम माना जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम सूची में नहीं है, या उसमें कोई त्रुटि है, तो वह निर्धारित प्रारूप में दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन देना अनिवार्य होगा। साथ ही इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी विभिन्न विभागों को भी भेजी गई है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

**चार दिन में करें दावा या आपत्ति दर्ज**

**प्रशासन** ने स्पष्ट किया है कि अंतिम प्रकाशित सूची पर किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज करने के लिए केवल 4 दिनों का समय दिया गया है। इस अवधि के भीतर प्राप्त दावे और आपत्तियों पर ही विचार किया जाएगा। समय सीमा समाप्त होने के बाद इस सूची को अंतिम मान लिया जाएगा और उसी के आधार पर पंचायत चुनाव की आगे की प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

# महिला आरक्षण पर भाजपा की पदयात्रा ढकोसला: विनय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की जन आक्रोश पदयात्रा को महज एक ढकोसला करार



दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में वर्ष 2023 में महिला आरक्षण कानून पहले ही पारित हो चुका है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार इसे लागू करने में लगातार आनाकानी कर रही है।

विनय ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कभी भी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं रही है, बल्कि वह परिसीमन के मौजूदा स्वरूप का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण में हर वर्ग और हर जाति की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, जिसके लिए जाति आधारित जनगणना अत्यंत आवश्यक है। उनके अनुसार भाजपा 33 प्रतिशत आरक्षण के नाम पर महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है और सहानुभूति हासिल करने की कोशिश में लगी है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पूरा कदम एक सुनियोजित राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। सरकार को पहले से पता था कि संशोधन के लिए पर्याप्त बहुमत नहीं है, इसके बावजूद विधानसभा चुनावों में लाभ लेने के उद्देश्य से विशेष सत्र बुलाकर बिना व्यापक चर्चा के बिल पारित किया गया। विनय कुमार ने मांग की कि भाजपा महिलाओं से माफी मांगे और 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करे।

# चौड़ा मैदान में नारी शक्ति का प्रदर्शन

## महिला पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, कांग्रेस पर जड़े तीखे आरोप

अनंत ज्ञान



जन आक्रोश महिला पदयात्रा में उमड़ी महिलाओं की भीड़। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक चौड़ा मैदान में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' में प्रदेशभर से आई हजारों महिलाओं की भागीदारी ने इसे बड़े शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया। रैली के दौरान महिला अधिकार, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही और पूरे मैदान में नारी शक्ति के समर्थन में नारे गूंजते रहे। प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा केवल दिखावा बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को पंचायत से संसद तक 33 प्रतिशत आरक्षण देने की ऐतिहासिक पहल है, जिसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा डेजी ठाकुर ने इसे लोकतंत्र का काला दिन बताया, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस पर सामाजिक न्याय के खिलाफ कदम उठाने का आरोप लगाया। विधायक रीना कश्यप ने कहा कि रैली को रोकने के लिए प्रशासन का दुरुपयोग किया गया।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने महिला आरक्षण विधेयक को गिराने को महिलाओं के साथ विश्वासघात बताया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति अब निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार है और जनता इसका जवाब देगी।

# हिमाचल पुलिस छात्र सुरक्षा को लेकर आई एक्शन मोड में

## छुट्टी के समय हर स्कूल-कॉलेज पर रहेगी कड़ी नजर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने अब सख्त और जवाबदेह व्यवस्था लागू कर दी है। छुट्टी के समय थानों और चौकियों के प्रभारी अब केवल निर्देश देने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि मौके पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इसके तहत उन्हें मौके पर पहुंचकर फोटो या सेल्फी लेकर उच्च अधिकारियों को भेजनी होगी, ताकि यह साबित हो सके कि सुरक्षा व्यवस्था वास्तव में जमीन पर लागू है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में मंडी के सरकाघाट सहित शिमला के संजौली क्षेत्र में एक छात्रा पर पत्थर से हमले की घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का मानना है कि केवल कागजी आदेशों से काम नहीं चलेगा,

◆ संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी पुलिस की मौजूदगी

◆ जमीनी हकीकत दिखाने का सख्त फरमान



बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रियता ही ऐसी घटनाओं को रोक सकती है।

नई व्यवस्था के तहत विशेष रूप से उन स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां छात्रों की आवाजाही अधिक रहती है या जहां पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की नियमित गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके और किसी भी वारदात को

### लोगों और अभिभावकों ने किया स्वागत

इस सख्त पहल का स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा यह कदम बेहद अहम है और इससे न केवल अपराधियों में डर पैदा होगा, बल्कि समाज में भरोसा भी मजबूत होगा।

समय रहते रोका जा सके। पुलिस विभाग ने इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निगरानी तंत्र भी मजबूत किया है। हर दिन की गश्त की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही मौके से ली गई फोटो या सेल्फी इस बात का प्रमाण होगी कि पुलिस वास्तव में फील्ड में मौजूद है। यदि कोई अधिकारी इस आदेश में लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है।

# सुजानपुर में नदी में डूबी महिला का शव बरामद

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर के ग्राम पंचायत दाड़ला भलेठ की डूबी 35 वर्षीय महिला का शव नदी में चौड़ू के पास बरामद हुआ है। महिला रविवार से घर से लापता थी, जिसके बाद परिजनों ने सुजानपुर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

परिजनों के अनुसार महिला रविवार को घर से निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। स्थानीय लोगों ने उसे ब्यास नदी के किनारे जाते हुए देखा था, जिससे आशंका जताई जा रही थी कि महिला ने नदी में छलांग लगा दी है।

शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। उसके बाद स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से ब्यास नदी के पुंग खड्ड व सोहार क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। तीन दिनों तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। मंगलवार को गृह रक्षा विभाग की टीम भी सर्च अभियान में शामिल हुई। तथा एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची जिन्होंने स्थानीय लोगों के साथ इस जांच कार्य में सहयोग दिया।

वहीं, सुजानपुर थाना के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि शव को बरामद कर लिया गया है।

# हिमाचल में पंचायत चुनाव में बोनस लोकतंत्र का दांव

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में संभावित त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर इस बार माहौल कुछ अलग नजर आ रहा है। सरकार ने निर्विरोध चुनाव को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि में भारी इजाफा कर दिया है, जिससे पंचायतों में अब 25 लाख, पंचायत समितियों में 50 लाख और जिला परिषद स्तर पर एक करोड़ रुपये तक का प्रावधान किया गया है। इस फैसले के बाद गांव-गांव में बैठकों और आपसी सहमति बनाने की कोशिशों का दौर तेज हो गया है, हालांकि जमीनी सच्चाई अब भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

प्रोत्साहन राशि बढ़ने के बाद पंचायत स्तर पर लोगों में उत्साह जरूर बढ़ा है। कई गांवों में संभावित उम्मीदवारों और स्थानीय प्रतिनिधियों को एक मंच पर बैठाकर सहमति बनाने की कोशिश की जा रही है। लोगों को समझाया जा रहा है कि यदि चुनाव निर्विरोध होते हैं तो यह पैसा सीधे गांव के विकास में खर्च हो सकता है। इससे सड़क, पानी, स्कूल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को

◆ 25 लाख से 1 करोड़ तक प्रोत्साहन, गांव-गांव में सहमति की सियासत तेज

◆ सर्वसम्मति की राह पर सरकार का बड़ा प्रोत्साहन दांव

◆ गांवों में बैठकों का दौर शुरू सहमति की कोशिशें हुई तेज

मजबूत करने का अवसर मिलेगा, लेकिन हर गांव में एक राय बनाना आसान नहीं दिख रहा।

जमीनी स्तर पर सबसे बड़ी अड़चन राजनीतिक दलों की सक्रियता बन रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने समर्थित उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में हैं, जिससे सहमति की संभावना कमजोर पड़ रही है। पंचायत स्तर पर जहां व्यक्तिगत रिश्ते और सामाजिक समीकरण हावी रहते हैं, वहीं पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर राजनीतिक खींचतान और भी ज्यादा स्पष्ट नजर आती है। यही वजह है कि उच्च स्तर पर निर्विरोध चुनाव की संभावना बेहद कम मानी जा रही है।

### 1995 से अब तक सीमित सफलता, नई पहल पर नजरें

निर्विरोध चुनाव की यह व्यवस्था प्रदेश में वर्ष 1995 से लागू है, लेकिन अब तक केवल करीब 400 पंचायतें ही इस दायरे में आ पाई हैं। पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर अब तक सहमति बनना लगभग असंभव ही साबित हुआ है। ऐसे में सरकार की नई प्रोत्साहन नीति को एक बड़े प्रयोग के तौर पर देखा जा रहा है, जिस पर सभी की नजरें टिकी हैं कि यह जमीन पर कितना असर दिखा पाती है।

### असली कसौटी अब मैदान में

यदि गांवों में सहमति बनती है तो चुनावी खर्च में होने वाली बचत सीधे विकास कार्यों में लगाई जा सकती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बड़ा लाभ साबित होगा। लेकिन यह तभी संभव है जब राजनीतिक दल और स्थानीय नेता अपने हितों से ऊपर उठकर सामूहिक निर्णय लें। फिलहाल स्थिति यही संकेत दे रही है कि जहां पंचायत स्तर पर कुछ सफलता मिल सकती है, वहीं पंचायत समिति और जिला परिषद में यह राह अब भी कठिन बनी हुई है।

# विक्रमादित्य बोले, रोहड़ू में विकास कार्यों में नहीं आएगी कमी

## कहा-आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण को मिली गति, करोड़ों की परियोजनाएं जारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। रोहड़ू में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय मेले के समापन समारोह में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बागवानी, कृषि और शहरी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण सड़कों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन उनके पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि रोहड़ू-चिड़गांव सड़क पर लगभग 20 करोड़ रुपए व्यय किए





मंत्री विक्रमादित्य सिंह विजेता महिलाओं के साथ।

जा रहे हैं और डोडरा-क्वार के अंतिम गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 1500 किलोमीटर सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है, जिनमें रोहड़ू क्षेत्र की 22 सड़कें शामिल हैं और इन पर करीब 300 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

मंत्री ने बताया कि ब्रांदली से सुंगरी तक सड़क को पक्का किया जा रहा है, जबकि सुंगरी से रोहड़ू सड़क के उन्नयन के लिए विशेष पैकेज स्वीकृत करवाने के प्रयास जारी हैं। इसके अलावा रोहड़ू-रामपुर सड़क के सुधार के लिए भी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ठेकेदारों के लंबित भुगतान शीघ्र जारी किए जाएंगे, जिससे निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। शहरी विकास के तहत रोहड़ू में सौंदर्यीकरण, पार्किंग और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए भी योजनाएं बनाई जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने मेले की स्मारिका का विमोचन किया तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। रस्साकशी व कबड्डी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं नशा विरोधी अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए संगीता खुराना को भी सम्मानित किया गया।

# पोक्सो केस में हंसराज को फिर राहत, टली सुनवाई

अनंत ज्ञान, चंबा। पोक्सो केस में चुराह के विधायक डॉ. हंसराज की वीरवार को जिला कोर्ट चंबा में अहम सुनवाई निर्धारित थी, जिसमें लड़की और उसकी मां के बयान दर्ज होने थे। हालांकि, सुनवाई के दौरान नया मोड़ तब आया जब लड़की ने अपनी तबीयत ठीक न होने का हवाला देते हुए अदालत से अगली तारीख की मांग की। कोर्ट ने लड़की की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उसकी अर्जी स्वीकार कर ली और मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तारीख तय कर दी है। अब इस मामले में दोनों के बयान 20 मई को दर्ज किए जाएंगे। इस घटनाक्रम के बाद मामले की सुनवाई फिलहाल टल गई है। वहीं, अगली तारीख पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी, जहां इस केस में आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

◆ लड़की की तबीयत खराब, अब 20 मई को होंगे बयान



### जागा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में बोले शिक्षा मंत्री रोहित शर्मा

# जुब्बल-कोटखाई में 175 सड़कों सहित करोड़ों की परियोजनाएं प्रगति पर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल की कोट काईना पंचायत में जागा माता के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्रवासियों के साथ इस आध्यात्मिक अवसर को साझा किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए देवी से क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

अपने संबोधन में उन्होंने हिमाचल को देवभूमि बताते हुए कहा कि यहां की संस्कृति और परंपरा विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिक युग के साथ कदम मिलाते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहें,



देवी-देवता के समक्ष माथा टेकते शिक्षा मंत्री।

ताकि सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके। शिक्षा मंत्री ने कोट काईना पंचायत में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 15 लाख 29 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा पंचायत में छह सड़कों के निर्माण पर 4 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क सुविधाओं के क्षेत्र में बड़े स्तर पर विकास कार्य हुए हैं। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झगटा का निर्माण, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारी का भवन निर्माण तथा कई नई सड़कों का निर्माण शामिल है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में 175 नई सड़कों का निर्माण किया गया है, जिससे जुब्बल-कोटखाई ने विकास में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि डकैड़ गांव के पास शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# अनुराग ठाकुर बोले-बंगाल में भाजपा सरकार बनी तो लागू होगा यूसीसी

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता पोर्ट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक हो चुकी है और आम नागरिक, महिलाएं, व्यापारी तथा राजनीतिक कार्यकर्ता खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

अनुराग ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और अपराध बढ़े हैं तथा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कार्य में भी बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य सरकार के आचरण पर कड़ी टिप्पणी की है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल लंबे समय से घुसपैठ, बेरोजगारी और राजनीतिक हिंसा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। तृणमूल कांग्रेस



पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में भ्रष्टाचार के मामलों में घिरे नेताओं को संरक्षण दिया जाता है और कार्रवाई होने पर उन्हें बचाने की कोशिश की जाती है।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बंगाल की जनता बदलाव लाए और सुशासन स्थापित करे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, जो पीएम मोदी की गारंटी है। उन्होंने जनता से विकास और सुरक्षा के लिए भाजपा का समर्थन करने की अपील की।

# ट्रिपल आईटी ऊना के छात्रों का अमेजन में चयन, कई चरणों के इंटरव्यू में दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान, ऊना। ट्रिपल आईटी ऊना के छात्रों ने अमेजन के विभिन्न स्तरों पर आयोजित इंटरव्यू को सफलतापूर्वक पास कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। चयन प्रक्रिया के दौरान छात्रों के कई चरणों में ऑनलाइन इंटरव्यू लिए गए, जिनमें कंप्यूटर साइंस के मूल सिद्धांतों, तकनीकी गहराई और व्यावहारिक समझ का गहन परीक्षण किया गया। चयनित छात्रों को 'जस्ट वॉक आउट टेक्नोलॉजी', डिलीवरी एक्सपीरियंस, एक्सेस प्वाइंट टेक्नोलॉजी और लास्ट माइल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिला है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, पाठ्यक्रम में एक पूर्ण सेमेस्टर की अनिवार्य इंडस्ट्री इंटर्नशिप शामिल है, जिससे छात्रों को पेशेवर माहौल में काम करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है।

संस्थान के निदेशक मनीष गौड़ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अमेजन जैसी प्रतिष्ठित कंपनी की प्रतिस्पर्धी चयन प्रक्रिया में छात्रों की सफलता उनकी मजबूत शैक्षणिक नींव और कौशल का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री इंटर्नशिप को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने से छात्रों की पेशेवर तैयारी और बेहतर हुई है। उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनकी प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि संस्थान के संकाय और करियर डेवलपमेंट सेल के सहयोगी वातावरण को भी प्रतिबिंबित करती है।

# पीएमआईएस पोर्टल पर पेंशन पेपर सबमिट करने में दिक्कत

## समय पर कैसे सेटल होंगे मामले, हजारों कर्मचारी हर महीने हो रहे रिटायर

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। सूबे में पीएमआईएस पोर्टल पर कर्मचारियों की पेंशन संबंधी पेपर सबमिट करने के मामले में संबंधित लाभार्थियों को पिछले कई दिनों से समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। इस वजह से कर्मचारियों के पेंशन पेपर सबमिट नहीं हो पा रहे। उनमें चिंता इसलिए बढ़ गई है कि यदि समय पर यह काम मुकम्मल नहीं हुआ, तो फिर मामले सेटल कैसे होंगे? अभी कर्मचारी फरवरी माह के बाद जितने भी पेंशन के मामले ऑफलाइन भेजे गए थे, उन्हें संबंधितों को रिटर्न कर दिया गया है।

पिछले महीने हजारों कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक मार्च महीने वाले ऑफलाइन पेंशन पेपर तो एक्सेप्ट कर लिए गए थे, लेकिन उसके बाद के अब पोर्टल की तकनीकी समस्या की वजह से या फिर कोई और कारण है। इसका पता नहीं चल पा रहा। अलग-अलग विभागों के संबंधित जवाबदेह ऐसी शिकायतें कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसलिए एक सप्ताह से सबमिट नहीं हो रहा है। ऐसे पेंशन पेपर सबमिट कर रहे हैं, तो फिर संबंधित डीडीओ के डिजिटल साइन अंत में होने हैं, वह नहीं हो पा रहे। इसी वजह से जिम्मेदारी का भांडा एक दूसरे पर फोड़ा जा रहा है। असल में समस्या यह है कि कारण क्या है इसका पता नहीं चल पा रहा कोई भी सीधे और स्पष्ट बताने में गुरेज कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

कर्मचारी नेता भी ऐसा मान रहे हैं कि दिक्कतें आ रही हैं और इस बाबत एजी ऑफिस में भी बात हुई है, ट्रेजरी में भी बात कर रहे हैं। लेकिन अभी दिक्कतें जारी हैं। 'अनंत ज्ञान' को कई कर्मचारियों ने बताया कि अब क्योंकि पीएमआईएस पोर्टल पर ही ऑनलाइन यह पेंशन पेपर सबमिट होने हैं। ऑफलाइन सरकार ने मना कर दिया है, इसलिए अब दिक्कत क्या आ रही है, कोई सीधे-सीधे नहीं बता रहा। दिनभर पोर्टल पर बैठे रहने के बाद भी पेपर सबमिट नहीं हो रहे। सूचना यही है कि शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा कर्मचारी सेवानिवृत्ति हुए हैं और उन्हीं को यह दिक्कत सबसे ज्यादा हो रही है।

### क्या कहते हैं डीटीओ

हमीरपुर के जिला कोष अधिकारी (डीटीओ) अभिषेक ठाकुर का कहना है कि ऐसी शिकायत अभी उनके पास आई नहीं है। थोड़ी बहुत दिक्कत होगी तो हल हो जाएगी। क्योंकि तकनीकी तौर पर किसी दिन कोई समस्या हो सकती है। लेकिन स्थाई रूप से ऐसा नहीं हो पा रहा? ऐसी जानकारी उन्हें नहीं आई है।

### समस्या तो है: प्रदीप

कर्मचारी नेता प्रदीप ठाकुर का कहना है कि समस्या तो है, इस बाबत एजी ऑफिस में भी बात हुई है और जल्दी यही है कि यह समस्या जल्दी हल हो जाएगी। पोर्टल पर कोई तकनीकी समस्या होगी, फिर से बात की जाएगी।

# बैजनाथ में दो युवकों की संदिग्ध हालात में मौत

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। बैजनाथ उप मंडल के बही और लंघु गांव से एक बेहद दुखद और चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों युवकों ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिसके कारण उनकी जान चली गई। घटना की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, ग्रामीण भी गहरे सदमे में हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल, इस घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया।

### सरोकार लाभार्थी का आंकड़ा 8.42 लाख पार, समयबद्ध वितरण के लिए नियमों में बड़ा संशोधन

# प्रदेश में 3 वर्षों में 99,799 नए पेंशन मामले स्वीकृत

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करते हुए पिछले तीन वर्षों में 99,799 नए पेंशन मामलों को स्वीकृति दी है, जिससे कुल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 8,41,917 हो गई है। सरकार ने अब पेंशन के समयबद्ध वितरण को सुनिश्चित करने के लिए नियमों में भी संशोधन किया है, ताकि जरूरतमंदों को बिना देरी सहायता मिल सके और योजनाओं का लाभ सीधे पात्र वर्ग तक पहुंचे।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के तहत बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें वरिष्ठ नागरिक, विधवाएं, एकल महिलाएं और दिव्यांगजन प्रमुख हैं। आंकड़ों के अनुसार 5,04,253 वृद्धावस्था पेंशनधारक, 1,26,808 विधवा, निराश्रित और एकल महिला लाभार्थी तथा 78,291





◆ आय सीमा और ग्राम सभा स्वीकृति की अनिवार्यता खत्म

◆ 100 फीसदी दिव्यांगों की पेंशन बढ़कर 3,000 रुपए प्रतिमाह

दिव्यांगजन राहत भत्ता प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय योजनाओं के तहत भी हजारों लोगों को सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 41,799, वर्ष 2024-25 में 41,012 और वर्ष 2025-26 में 16,988 नए मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि 69 वर्ष तक की 2,67,040 महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की पेंशन दी जा रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है और सामाजिक सुरक्षा का दायरा व्यापक हुआ है।

सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए आय सीमा और ग्राम सभा की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है, विशेषकर विधवा, परित्यक्ता और एकल महिलाओं तथा 40 से 69 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए। इस निर्णय से प्रशासनिक अड़चनें कम हुई हैं और पात्र लोगों के लिए योजनाओं तक पहुंच आसान बनी है। साथ ही 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन को 1,700 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रतिमाह करने का फैसला भी लिया गया है, जिससे लगभग 7,000 लोग सीधे लाभान्वित होंगे।

### समाज के कमजोर वर्ग को उनका अधिकार दिलाना शामिल: सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सुशासन का मूल उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को उनका अधिकार दिलाना है और प्रदेश सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता समय पर पहुंचे और सामाजिक सुरक्षा का दायरा और अधिक मजबूत हो सके।



# कौल सिंह ठाकुर बोले- जनता ने साथ दिया होता तो मैं बनता मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

मंडी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि यदि द्रंग विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुनाव में विजयी बनाया होता तो मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश की कमान संभाल रहे होते। उन्होंने दावा किया कि उस समय पार्टी हाईकमान की भी यही मंशा थी। उनका यह बयान अब सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कौल सिंह ठाकुर ने द्रंग की जनता का आठ बार विधायक चुनने के लिए आभार जताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि जब जीत सबसे ज्यादा जरूरी थी, तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि यदि उन्हें अवसर मिलता तो पूरे प्रदेश के विकास को नई दिशा देते, क्योंकि राजनीति में अनुभव की अहम भूमिका होती है।

उल्लेखनीय है कि कौल सिंह ठाकुर तीन बार मंत्री, एक बार विधानसभा अध्यक्ष, आठ बार



◆ कांग्रेस हाईकमान की मंशा का किया जिक्र, भाजपा में जाने की अटकलों को किया खारिज

विधायक और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि वर्ष 2017 और 2022 के चुनावों में उन्हें लगातार पराजय मिली। उनके इस बयान को लेकर सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं और इसे कांग्रेस की आंतरिक स्थिति से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

कौल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और वह पार्टी नहीं छोड़ेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं है, हालांकि पार्टी हाईकमान के निर्देश मिलने पर वह निर्णय पर पुनर्विचार कर सकते हैं। उन्होंने इससे पहले भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा चुके हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर तबादलों में देरी होती है। उन्होंने एक प्रिंसिपल को नजदीकी स्कूल में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया था, लेकिन उसे दूरदराज क्षेत्र में भेज दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मां बगलामुखी जयंती पर पुलिस के कड़े इंतजाम

**अनंत ज्ञान, देहरा।** मां बगलामुखी जयंति पर बनखंडी स्थित मां बगलामुखी मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए देहरा पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। डीएसपी देहरा शुमायला चौधरी ने बताया कि पुलिस बल प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे पुलिस के निर्देशों का पालन करें और अपना सहयोग प्रदान करें।

### आंगनबाड़ी वर्करों ने जताया सीएम का आभार

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** रैत में शाहपुर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कम क्रेच वर्करों ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विधायक केवल सिंह पठानिया का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उन्हें केंद्रों से हटा दिया गया था, जिससे उनके परिवारों पर आर्थिक संकट आ गया। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्या विधायक के समक्ष रखी, जिन्होंने इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया था। अब पुनः नियुक्ति मिलने से उनकी आजीविका बहाल हो गई है। वर्करों ने मुख्यमंत्री और विधायक का धन्यवाद किया। इस मौके पर निर्मला देवी भी उपस्थित रहीं।

### ध्वाला में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** श्री गुग्गा जाहरवीर मंदिर ध्वाला में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक आदर्श शर्मा ने प्रवचनों से भक्तों का निहाल कर रहे हैं।

### पुलिस ने कार से पकड़ी शराब की 96 बोतलें

**अनंत ज्ञान, देहरा।** पुलिस थाना ज्वालामुखी की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ऑल्टो कार (एचपी-36बी-1593) को रोका गया। तलाशी में वाहन से 60 बोतल बरामद हुई। चालक की पहचान कुलदीप कुमार (30), निवासी ज्वालामुखी के रूप में हुई है। मयंक चौधरी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

### गांव नियाड़ में जांचा 91 मरीजों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नियाड़ पंचायत के नियाड़ गांव में स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया, जिसमें 91 मरीजों के स्वास्थ्य जांच की गई । 42 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और जिसमें 13 मरीज हड्डियों के रोगी 13 शुगर के मरीज और 15 बीपी के मरीज और 3 स्त्री रोगी व 47 साधारण रोगी मरीज पाए गए। लोगों को उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया।

### महिला सुरक्षा के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने शिमला में 10वीं कक्षा की छात्रा पर हुए जानलेवा हमले को लेकर प्रदेश सरकार की निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। उन्होंने सरकार से महिला सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

### एलआईसी पालमपुर में बीमा अभिकर्ता की होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पालमपुर ने बीमा अभिकर्ता (एजेंट) के रिक्त पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। यह भर्ती कमीशन आधारित होगी, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभ्यर्थियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इच्छुक उम्मीदवार 26 अप्रैल 2026 को सुबह 10:30 बजे एलआईसी पालमपुर कार्यालय में अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष और शैक्षिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विभाग से संपर्क करें।

# 113 दिन में चरस व चिट्टे के 43 मामले दर्ज, 74 लोग किए गिरफ्तार

## छह किलो 107 ग्राम चरस और 241.55 ग्राम चिट्टा किया बरामद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने इस वर्ष तक 113 दिनों में चिट्टे और चरस के 43 मामले दर्ज कर 74 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में हिमाचल व बाहरी राज्यों के लोग शामिल हैं।

जनवरी से लेकर अब तक जिला पुलिस ने नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार करते हुए 6 किलो 107 ग्राम चरस और 241.55 ग्राम चिट्टा पकड़ा है। इसमें से अधिकतर मामले ऐसे हैं, जिन पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

◆ **बाहरी राज्यों के लोगों को भी किया गिरफ्तारः एएसपी**

एएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल ने बताया कि इस वर्ष अब तक 43 मामले चिट्टे व चरस के पकड़े गए हैं। इसमें 6 किलो 107 ग्राम चरस और 241.55 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। इन मामलों में 74 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में बाहरी राज्यों व हिमाचल के लोग शामिल हैं। एएसपी ने बताया कि नशा तस्करों की संपत्तियों की जांच की जाती है, जो भी अवैध संपत्ति सामने आती है, जो कि तस्करों द्वारा नशा



बेचकर अर्जित की गई हो, उसे भी सीज किया जाता है। बकौल एएसपी जो लोग बार-बार नशे के संलिप्त पाए जाते हैं, उनके खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। अभी तक जिले में 8 से 9 लोगों के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि कुछ और मामले भी सरकार को स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

## पेंशनरों के आंसू और कर्मचारियों का रोष बनेगा कांग्रेस के पतन का कारण : भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, आर्थिक दिवालियेपन और प्रशासनिक विफलता के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने अब निर्णायक जंग का बिगुल फूंक दिया है।



पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रेस बयान में सरकार को घेरते हुए कहा कि हिमाचल आज एक ऐसे नेतृत्व के हाथ में है, जिसके पास न कोई विजन है और न ही जनता के प्रति संवेदना। उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह सबसे काला दौर है। जिस उम्र में बुजुर्गों को घर पर आराम और सम्मान मिलना चाहिए, उस उम्र में सुक्खू सरकार उन्हें ठंड, चिलचिलाती गर्मी और मूसलाधार बरसात में सड़कों पर बैठने को मजबूर कर रही है। पेंशनर्स का बकाया रोकना केवल वित्तीय प्रबंधन की विफलता नहीं, बल्कि उन हाथों का अपमान है जिन्होंने इस प्रदेश की नींव रखी है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्री केवल फोटो-ऑप और छवि निर्माण प्रबंधन में व्यस्त हैं। प्रदेश के विकास कार्य पूरी तरह ठप है। प्रशासनिक अधिकारी दिशाहीन हैं क्योंकि सरकार का पूरा ध्यान जनसेवा के बजाय केवल अपनी कुर्सी बचाने और फिजूलखर्ची पर है। उन्होंने कहा है कि पेंशनर्स के सभी लंबित वित्तीय लाभों का एकमुश्त भुगतान तुरंत किया जाए। अगर समय रहते इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो 'आप' प्रदेशभर में जन-आंदोलन खड़ा करेगी।

## आरा चौक पर फिर सड़क हादसा श्रद्धालुओं की कार पैरापिट से टकराई

### एक घायल को किया टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर



अनियंत्रित होकर पैरापिट से टकराई कार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** पुलिस थाना डाडासीबा क्षेत्र के आरा चौक में वीरवार सुबह करीब 10 बजे एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया।

ज्वालाजी मंदिर में माथा टेकने जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार खतरनाक यू-टर्न पर अनियंत्रित होकर पैरापिट से टकरा गई, जिससे वाहन सवार कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, तलवाड़ा-दितारपुर से एक परिवार दो गाड़ियों में मंदिर जा रहा था। आरा चौक के पास गहरी उतराई और तीखे मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठा और कार जोरदार टक्कर के साथ पैरापिट से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के दोनों फ्रंट एयरबैग खुल गए।

हादसे में घायल 15 वर्षीय अमन कुमार (निवासी मुकेरियां, पंजाब) की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया। अन्य घायलों का इलाज सिविल अस्पताल डाडा सीबा में चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। लोक निर्माण विभाग ने जल्द चेतावनी बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाने का आश्वासन दिया है।

## प्रशासनिक रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद फाइलों में फंसी अधिसूचना

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर को उपमंडल का दर्जा देने की घोषणा मुख्यमंत्री की ओर से काफी समय पहले ही की जा चुकी है, लेकिन प्रशासन की कार्यप्रणाली के चलते अभी तक इसकी औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है। इस देरी ने स्थानीय जनता के बीच भारी असमंजस पैदा कर दिया है। बड़ा खुलासा यह है कि प्रशासन की ओर से प्रपोजल रिपोर्ट काफी समय पहले ही सचिवालय पहुंच चुकी है, लेकिन इसे पंचायत चुनाव और आचार संहिता के नाम पर उलझाया जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के इस तर्क पर क्षेत्र के लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया है। स्थानीय निवासी राजीव, दीपक, राजिंदर, दिनेश, विवेक, कृष्ण गोपाल, परमजीत, सुरेश, संजय, अजय, प्रदीप, रजत, ऋषभ और दीपक ने दो-टूक कहा कि परागपुर का शहरी निकाय की आचार संहिता से कोई लेना-देना नहीं है और घोषणा आचार संहिता लगने से बहुत पहले हुई थी। इन लोगों ने सरकार से मांग की है कि यदि सरकार वास्तव में परागपुर का भला चाहती है, तो आगामी कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को बिना किसी बहानेबाजी के तुरंत मंजूरी प्रदान करे। क्षेत्र की जनता का मानना है कि प्रपोजल रिपोर्ट आने के बाद भी फाइल को दबाए रखना विकास के साथ खिलवाड़ है। अब देखना यह होगा कि क्या सरकार इस कैबिनेट में अधिसूचना जारी कर ऐतिहासिक कदम उठाती है या फिर जनता को इसी तरह चुनावी प्रक्रियाओं के बहाने फाइलों के जाल में उलझाए रखा जाएगा।

> **प्रशासन** द्वारा परागपुर में एसडीएम कार्यालय खोलने की प्रस्तावना रिपोर्ट आ चुकी है। पंचायत चुनाव के चलते इसकी अधिसूचना जारी होने में देरी हो रही है।
> **प्रोमिला शर्मा, अवर सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) प्रदेश सरकार**

## एटीएस मुद्दे पर सीएम सुक्खू से मिले टैक्सी और ट्रक ऑपरेटर्स



सीएम ने मैनुअल फिटनेस टेस्ट की सुविधा देने का आश्वासन दिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) मामले को लेकर बस, टैक्सी एवं ट्रक ऑपरेटर्स की मांगों के संदर्भ में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कांगड़ा एयरपोर्ट पर मुलाकात की। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ऑपरेटर्स की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया है कि कांगड़ा जिले में आरटीओ तथा एमवीआई के माध्यम से भी फिलहाल कमर्शियल वाहनों के लिए मैनुअल फिटनेस टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पहाड़ी राज्यों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से भी आग्रह किया कि वे ऑपरेटर्स की समस्याओं को देखते हुए इस मुद्दे की पैरवी केंद्र सरकार के समक्ष करें।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वाहनों की फिटनेस जांच को ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) के माध्यम से अनिवार्य किया गया है, जिससे प्रदेश में कई व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं। इस अवसर पर कांगड़ा जिला की विभिन्न ऑपरेटर्स यूनियनों के पदाधिकारियों प्रेसिडेंट विक्की पठानिया, करतार पठानिया, मेहर सिंह ठाकुर, मोहिंदर सिंह, संजय शर्मा, कार्तिक शर्मा, कुलजीत राणा, नीका राम, कर्मा, अशोक शर्मा तथा कपिल उपस्थित रहे।

## धर्मशाला के होटलों और रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सप्लाई सुचारु

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियंत्रक, पुरुषोत्तम सिंह मिला। इस दौरान एसोसिएशन ने एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र के होटलों और रेस्टोरेंट को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध और समान आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि गर्मियों का पर्यटन सीजन शुरू होने और पर्यटकों की लगातार आमद के कारण, कमर्शियल गैस सिलेंडरों की मांग में काफी वृद्धि हुई है। एसोसिएशन ने जिला नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह का उनके त्वरित हस्तक्षेप के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। उन्होंने जिला कांगड़ा के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों का कोटा बढ़ाने के लिए तुरंत हिंदुस्तान पेट्रोलियम के साथ इस मामले को उठाया। इसके अलावा, निष्पक्ष और समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए मेसर्स अनिल गैस एजेंसी को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। इन समय पर किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, आज मेसर्स अनिल गैस एजेंसी ने नड्डी, सतोबारी, भागसूनाग और मैक्लोडगंज क्षेत्रों में स्थित होटलों को 61 कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की। एसोसिएशन ने कहा कि सभी सिलेंडरों का वितरण 2,230 प्रति सिलेंडर की आधिकारिक दर पर किया गया और किसी भी प्रकार की अधिक वसूली की शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

## एचआरटीसी बस के न आने से स्टूडेंट्स हुए परेशान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) देहरा डिपो की डाडासीबा से सुबह 7:25 बजे होशियारपुर जाने वाली बस के न आने से यात्रियों, स्कूली बच्चों और कॉलेज विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह बस डाडा सीबा से जौड़बड़ और दौलतपुर होते हुए होशियारपुर तक जाती है और इस रूट की पहली व सबसे महत्वपूर्ण बस मानी जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह बस लंबे समय से क्षेत्र की जीवनरेखा बनी हुई है और रोजाना भारी संख्या में छात्र-छात्राएं इसी बस के सहारे अपने स्कूल और कॉलेज पहुंचते हैं। बस हमेशा सवारियों से भरी रहती है, जिससे इसकी उपयोगिता का अंदाजा लगाया जा सकता है। वीरवार को बस के न आने के कारण कई बच्चों को महंगे किराए पर निजी वाहनों से सफर करना पड़ा, जबकि कुछ विद्यार्थियों को देरी से अपने शिक्षण संस्थानों तक पहुंचना पड़ा। खासकर दौलतपुर कॉलेज जाने वाले छात्रों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी, क्योंकि यह इस रूट की पहली बस है और इसके न चलने से वैकल्पिक साधन आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस बस सेवा को नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि स्कूली बच्चों और कॉलेज विद्यार्थियों को रोजाना की परेशानी से राहत मिल सके और वे समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। देहरा डिपो के आरएम आयुष उपाध्याय से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन तीन बार फोन करने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

> **मामले** की जानकारी ली जा रही है। संबंधित रूट पर बस भेजने के निर्देश दिए जाएंगे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा सामने न आए।
> **-राजकुमार, डीएम हमीरपुर-देहरा।**

## सहकारिता आंदोलन की मजबूती के लिए ईमानदारी और निष्ठा अनिवार्य : विक्रम

### राज्य सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली में 22वां पत्रोपाधि पाठ्यचर्या समारोह संपन्न

अनंत ज्ञान

**परागपुर/गरली।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी प्रबंधन केंद्र गरली में आयोजित 22वें पत्रोपाधि पाठ्यचर्या के समापन समारोह ने प्रदेश के सहकारी ढांचे को सशक्त करने का एक नया संकल्प प्रस्तुत किया।

इस विशेष अवसर पर हिमाचल सरकार की ओर से नवनियुक्त चेयरमैन विक्रम शर्मा डिक्की ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। केंद्र के प्रधानाचार्य बलविंदर सिंह ने मुख्य अतिथि को पारंपरिक कुल्लवी टोपी पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने भारतवर्ष में सहकारिता विभाग की ओर से किए जा रहे क्रांतिकारी कार्यों और सामाजिक विकास में इसके योगदान पर व्याख्यान भी दिया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सहकार बंधुओं और सचिवों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया



सहकारी ढांचे को सशक्त करने का संकल्प प्रस्तुत किया। अनंत ज्ञान

कि सहकारी सभाएं केवल एक आर्थिक इकाई नहीं हैं, बल्कि ये आम जनता के विश्वास का प्रतीक हैं। डिक्की ने उपस्थित सभी सचिवों और सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपनी-अपनी सहकारी सभाओं में पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से इस बात को रेखांकित किया कि सहकारिता की सफलता तभी संभव है जब गांव-स्तर पर सभाओं की सदस्यता में वृद्धि हो। उन्होंने सचिवों को अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ हिमकोफेड के सचिव गौरव जरियाल, गरली केंद्र के प्रधानाचार्य बलविंदर कुमार, सहायक पंजीयक सभाएं देहरा सुनीता देवी और जिला अंकेक्षण अधिकारी विजय कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इसके अतिरिक्त परागपुर ब्लॉक के सहकारी निरीक्षक यशवीर सिंह, केसीसी बैंक के पूर्व निदेशक लेखराज और युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मनोज शर्मा सहित विभिन्न सहकारी सभाओं के सचिवों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## पीएम को आतंकवादी कहने पर खड़गे के खिलाफ धर्मशाला थाने में शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी कहे जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। हिमाचल भाजपा के मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने वीरवार को धर्मशाला पुलिस थाने में खड़गे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। चक्षु ने शिकायत में कहा कि 21 अप्रैल को चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खड़गे ने सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री मोदी के लिए आतंकवादी शब्द का इस्तेमाल किया और कहा कि उनकी पार्टी बराबरी के सिद्धांत में विश्वास नहीं करती। चक्षु ने अपनी शिकायत में इसे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं को आहत करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान से समाज में वैमनस्य, नफरत और अराजकता फैल सकती है तथा कानून व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है। विश्व चक्षु ने थाना प्रभारी धर्मशाला से मांग की है कि श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी प्रधानमंत्री पद की गरिमा पर हमला न कर सके।



◆ **भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी चक्षु ने उठाई कार्रवाई की मांग**

## बहस के बाद दुकान में घुसकर 2 लोगों पर किया जानलेवा हमला

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के समीपवर्ती राजपुरा गांव में बीती रात को मामूली बहस के बाद गुंडागर्दी का नंगा नाच देखने को मिला। पैट्रोल पंप पर बाइक पीछे करने को लेकर हुई तकरार के बाद कैंटर सवारों और उनके साथियों ने टायर रिपेयर दुकान पर हमला कर दिया। आरोपियों ने तलवारों, दातरों और लाठियों का प्रयोग कर दुकान मालिक और उसके बेटे पर जानलेवा हमला किया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान हेमराज और सुभाष चंद के रूप में हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 9 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और घटना में इस्तेमाल कैंटर को भी जब्त कर लिया है। सुभाष चंद की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। थानाध्यक्ष मोहित टाक ने कहा कि अज्ञात हमलावरों की पहचान की जा रही है।

### स्कूली खेलों की तैयारियां तेज, अंडर-19 टूर्नामेंट के वेन्यू तय

## ज्वालामुखी जोन के लड़कों का भडोली कोहाला और लड़कियों का कथोग में होगा टूर्नामेंट



ब्वॉयज स्कूल ज्वालामुखी में उपशिक्षा निदेशक कमलेश की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** जिला कांगड़ा की स्कूली खेल संघ की महत्वपूर्ण बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल ज्वालामुखी में उपशिक्षा निदेशक कमलेश कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बैठक यहां आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में ज्वालामुखी और देहरा जोन के अंडर-19 लड़कों व लड़कियों के टूर्नामेंट के लिए वेन्यू निर्धारित किए गए। ज्वालामुखी जोन के लड़कों के मुकाबले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भडोली कोहाला में, जबकि लड़कियों के मुकाबले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कथोग में आयोजित होंगे। देहरा जोन के लड़कों के मैच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चन्नौर तथा लड़कियों के मैच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मूहल में होंगे। इसके साथ ही सत्र 2026-27 के लिए डीएसएसए के सदस्यों का भी चयन किया गया। ज्वालामुखी जोन से राजीव धीमान, सतिंदर भूषण, चंद्र कांत और संजीव कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि देहरा जोन से राजेश वैद, फकरुद्दीन और राजीव कुमार को सदस्य बनाया गया। बैठक के अंत में एडीपीओ अतुल कटोच ने आयोजन की सफलता के लिए स्कूल प्रशासन और स्टाफ का धन्यवाद किया।

## प्रदेश में कृषि नीति का लक्ष्य निर्धारित नहीं होना चिंतनीय : मनजीत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश में कृषि उत्पादन में लगातार गिरावट के चलते प्रदेश के कुल सकल घरेलू उत्पाद में कृषि उत्पादन का हिस्सा लगातार गिरता जा रहा है, जो 20 फीसदी से कम होते-होते अब 13.3 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि प्रदेश सरकार की लक्ष्य निर्धारित कृषि योजना नहीं होने के कारण प्रदेश में कृषि के विकास में कमी दर्ज हुई है। मनजीत डोगरा ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या के दबाव के कारण लगातार जोतों के आकर कम हो रहे हैं तथा कृषि योग्य भूमि कम होती जा रही है, दूसरा पिछले कई दशकों से प्रदेश में जंगली जानवरों, आवारा जानवरों तथा बंदरों के आतंक का प्रदेश सरकारें स्थाई समाधान नहीं कर पाई जिस के कारण प्रदेश में कृषि को बहुत भारी नुकसान हुआ है तथा जिसके कारण कृषि योग्य भूमि का बहुत बड़ा हिस्सा बंजर भूमि में परिवर्तित हो गया है ।

## रेनबो के छात्र आदविक सूद का बी-1 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### स्कूल से विदेश तक सफलता की उड़ान, जर्मनी की स्कॉलशिप के लिए हुआ प्रदर्शन




रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में छात्र आदविक की सफलता पर काटा केट। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के दसवीं कक्षा के छात्र आदविक सूद ने गोएथे-इंस्टीट्यूट की बी-1 जर्मन परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता के आधार पर उनका चयन जर्मनी की प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। इस कार्यक्रम के तहत आदविक 31 मई 2026 से 16 जून 2026 तक जर्मनी के ग्योटिंगन में जर्मन भाषा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगे।

इस पूरी यात्रा का खर्चा गोएथे-इंस्टीट्यूट की ओर से वहन किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, अभिभावकों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और अभिभावक शामिल हुए, जहां केक काटकर सफलता का जश्न मनाया गया। आदविक के पिता ने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल प्रशासन और जर्मन शिक्षक को दिया। वहीं, गोएथे-इंस्टीट्यूट की नॉर्थ इंडिया जर्मन कोऑर्डिनेटर शिल्पा शर्मा ने भी छात्र और स्कूल को बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे स्कूल और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने जर्मन शिक्षक रवेंद्र सिंह को भी इस सफलता के लिए बधाई दी।

# चार जिले, बारह माह, 5193 चालान 1 करोड़ 85 लाख 53 हजार का जुर्माना

## 74 लाख की जुर्माना राशि का भुगतान बाकी, आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड ने की कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** प्रदेश के चार जिलों में बारह माह में 5193 चालान किए गए हैं। इन चालानों की एवज में एक करोड़ 85 लाख 53 हजार रुपए के चालान विभिन्न यातायात नियमों की अवहेलना पर आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड की ओर से की गई है। अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026 तक किए गए इन चालों में से अभी भी 74 लाख रुपए के चालान का भुगतान शेष है, जबकि एक करोड़ 8 लाख 61 हजार 559 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका है। गौरतलब है कि आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड धर्मशाला कार्यालय के अंतर्गत कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर जिले आते हैं, इन जिलों में विभाग की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में यातायात नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई करते हुए 5193 चालान किए गए हैं, जिनमें हैवी व लाइट व्हीकल शामिल हैं।

### बार-बार अवहेलना पर चालान राशि दोगुनी

**बार-**बार यातायात नियमों की अवहेलना करने पर चालान की राशि दोगुनी हो जाती है। विभाग की ओर से परमिट, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, ओवरलोडिंग, फिटनेस सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस न होने पर विभाग की ओर से चालान किए जाते हैं। हालांकि, विभाग चालकों को बिना दस्तावेजों के वाहन न चलाने के बारे के जागरूक भी करता है, लेकिन बार-बार नियमों की अवहेलना होने पर विभाग की ओर से चालान की कार्रवाई की जाती है।



**वित्तीय** वर्ष 2025-26 में कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर जिलों में 5193 चालान कर 1 करोड़ 85 लाख 53 हजार का जुर्माना किया गया। इसमें से एक करोड़ 8 लाख 61 हजार 559 रुपए की कंपाउडिंग हो चुकी है, जबकि 74 लाख रुपए के करीब चालान राशि का भुगतान होना बाकी है।

**-असीम सूद, आरटीओ फ्लाइंग, धर्मशाला**

## नूरपुर में अशोक कुमार ने संभाला बीडीओ का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर ब्लॉक में अशोक कुमार ने बतौर ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उनकी प्राथमिकता पंचायतीराज चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना रहेगी। अशोक ने बताया कि इससे पूर्व भी वह दो बार नूरपुर क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि इस बार भी चुनाव पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हों। उन्होंने कहा कि मजबूत पंचायतों का निर्माण केवल निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे बिना किसी लालच या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। नव नियुक्त बीडीओ ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नई पंचायतों के गठन के साथ ही विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि क्षेत्र में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# 32 स्कूलों में चौथी कक्षा के 12-12 स्टूडेंट्स का होगा आकलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले के 32 स्कूलों में प्रारंभिक स्तर पर तीसरी से चौथी कक्षा में प्रविष्ट हो चुके बच्चों का आकलन किया जाएगा। आकलन की प्रक्रिया बच्चों में सीखने की गुणवत्ता को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रदेश में समग्र शिक्षा के तत्वावधान में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, (एससीईआरटी ) के समन्वय से फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी के तहत तीसरी कक्षा से पास चौथी कक्षा हुए बच्चों का आकलन से चयनित 205 स्कूलों में से जिले के 32 स्कूलों में किया जा रहा है। इन 32 स्कूलों में 12 सरकारी तथा 20 प्राइवेट स्कूल शामिल हैं, जिनका आकलन किया जाएगा।




बच्चों की सीखने की गुणवत्ता को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी प्रक्रिया।

### भविष्य में सटीक शैक्षिक रणनीतियों में होगा सहायक

**प्रत्येक** चयनित स्कूल से चौथी कक्षा के 12 बच्चों को इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इस तरह का आकलन प्रारंभिक स्तर पर सीखने की गुणवत्ता को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और भविष्य की शैक्षिक रणनीतियों को अधिक सटीक बनाने में सहायक होगा। ये फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी पूरी तरह टैबलेट आधारित होगी, जिससे आकलन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सकेगी। कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ. जोगिंदर सिंह तथा डॉ अंजू शर्मा ने बताया कि इस संबंध में क्षेत्रीय अन्वेषक की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डाइट धर्मशाला में जिला उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा एवं जिला परियोजना अधिकारी भाग सिंह तथा डाइट प्रिंसिपल डॉ निशा कटोच के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। क्षेत्रीय अन्वेषकों को टैबलेट वितरित करते हुए उपनिदेशक भाग सिंह ने उनको सजगता पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## दो दुकानों और वाहन से अवैध देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना गगल के तहत अवैध शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना गग्गल की टीम जब गश्त पर थी, तो भाटी में सुरेंद्र कुमार निवासी भाटी डाकघर रजोल की दुकान से 7,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना गगल में प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) ए में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, पुलिस थाना धर्मशाला के तहत टंग बाजार में गुलशन कुमार निवासी टंग तहसील धर्मशाला की दुकान से 3,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज कर लिया है। अन्य मामले में पुलिस थाना शाहपुर की टीम जब गश्त पर थी तो भनाला में गाड़ी नंबर एचपी 39ए-2417 से 18,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना शाहपुर में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) ए में मामला दर्ज कर लिया है। एसपी कांगड़ा ने इन मामलों की पुष्टि करते हुए अवैध शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

# धर्मशाला में स्कूलों की अंडर-19 फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ



फुटबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी रहे मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का 38वां संस्करण 27 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसी दौरान आयोजकों की ओर से वीरवार से स्कूलों के बीच अंडर-19 प्रतियोगिता फुटबाल प्रतियोगिता का आगाज करवाया गया, जिसमें धर्मशाला के आसपास के क्षेत्रों के स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। पुलिस ग्राउंड में आरंभ प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर धर्मशाला के कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागी टीमों को टूर्नामेंट के बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। पहले दिन खेले तीन मुकाबले खेले गए, जिसमें एपीएस सिद्धबाड़ी को हराकर हाईलैंड स्कूल ने जीत दर्ज की। वहीं, सेक्रेड हार्ट स्कूल को हराकर राजकीय सीसे स्कूल खनियारा और अचीवर हब स्कूल को दयानंद स्कूल ने हराकर जीत दर्ज की।

**◆ हाईलैंड स्कूल ने एपीएस सिद्धबाड़ी को हराकर जीत की दर्ज**

# कांगड़ा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रदर्शन

## आक्रोश रैली निकाली, महिलाओं ने कांग्रेस व सहयोगी दलों के खिलाफ की जोरदार नारेबाजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम (33 फीसदी महिला आरक्षण) के समर्थन में तथा कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों की ओर से विधेयक के विरोध के खिलाफ नारी शक्ति द्वारा जिला कांगड़ा में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं आक्रोश रैली का आयोजन किया गया।

यह प्रदर्शन न केवल एक विरोध था, बल्कि महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी के लिए एक सशक्त जनआंदोलन के रूप में उभरकर सामने आया। इस दौरान लगभग 150 की संख्या में मातृशक्ति ने उत्साह, जोश और दृढ़ संकल्प के साथ भाग लिया। हाथों में तख्तियां और नारों के साथ महिलाओं ने कांग्रेस तथा उसके सहयोगी दलों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक बिल नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों, उनके अधिकारों और उनके सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह विधेयक महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाने का एक ऐतिहासिक अवसर था।

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते इस सुनहरे अवसर को बाधित करने का काम किया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बिल का विरोध नहीं, बल्कि देश की मातृशक्ति के आत्मसम्मान और अधिकारों पर सीधा प्रहार है। इसे देश की महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी और आने वाले समय में महिलाएं पूरी ताकत के साथ लोकतांत्रिक माध्यमों से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को इसका करारा जवाब देंगी और उन्हें यह अहसास कराएंगी कि नारी शक्ति अब जाग चुकी है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना भली-भांति जानती है। अंत में उपस्थित सभी महिलाओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और समान भागीदारी के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेंगी तथा समाज में जागरुकता फैलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को इस आंदोलन से जोड़ेंगी।




समाज में जागरुकता फैलाकर महिलाओं को इस आंदोलन में जोड़ने का लिया संकल्प। अनंत ज्ञान

## फैसले लो, फिर पलटो, यही बन गई कांग्रेस सरकार की पहचान : बिक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में शासन का स्तर इतना गिर चुका है कि सरकार खुद ही अपने फैसलों की विश्वसनीयता खत्म कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पहले निर्णय, फिर यू-टर्न की नीति पर चल रही है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था को पूरी तरह मजाक बना दिया है।



उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में सरकार द्वारा लिए गए अनेक फैसले ऐसे हैं, जिन्हें जनता के विरोध के बाद तुरंत वापस लेना पड़ा। चाहे बिजली सब्सिडी खत्म करने का मामला हो, बाहरी राज्यों के वाहनों पर टैक्स बढ़ाने का फैसला हो, कर्मचारियों के वेतन और पदों को लेकर निर्णय हों या सरकारी संपत्तियों के किराए में भारी बढ़ोतरी हर मुद्दे पर सरकार पहले जनता पर बोझ डालती है और फिर दबाव में आकर पीछे हट जाती है। यह स्थिति दर्शाती है कि सरकार के पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही दूरदर्शिता। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री बिना किसी ठोस योजना या आंकड़ों के फैसले लेते हैं, जिससे प्रदेश में अस्थिरता का माहौल बनता है। प्रशासनिक अधिकारी भी इस भ्रम में हैं कि कौन सा निर्णय स्थायी है और कौन सा कुछ ही दिनों में पलट जाएगा। इससे न केवल शासन की गति प्रभावित हो रही है, बल्कि आम जनता का विश्वास भी लगातार घट रहा है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता इस असफल और दिशाहीन सरकार को आने वाले समय में करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा प्रदेश के हित में काम करती रही है और आगे भी जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नगर परिषद नूरपुर में आचार संहिता के बीच उड़नदस्ता गठित उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम) अरुण शर्मा ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से 21 अप्रैल को नगर निकाय चुनावों की घोषणा के साथ ही नगर परिषद नूरपुर के क्षेत्राधिकार में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है तथा चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र 29, 30 अप्रैल एवं 2 मई को एसडीएम कार्यालय में दाखिल किए जा सकेंगे। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 6 मई को दोपहर 3 बजे तक प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे, जिसके पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। 17 मई को मतदान होगा तथा उसी दिन मतगणना के उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना सभी के लिए अनिवार्य है। निगरानी के लिए नायब तहसीलदार जीएस जरियाल (मो. नं. 9805135646) के नेतृत्व में उड़नदस्ता गठित किया गया है, जिसमें कनिष्ठ अभियंता, एमसी नूरपुर संजीव कुमार (मो. नं. 8988777279) तथा पुलिस कर्मी शशिपाल को सदस्य के रूप में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ एसडीएम कार्यालय में कंट्रोल रूम (दूरभाष: 01893-220024) स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत ऊपर दिए दूरभाष नंबरों पर कर सकता है। उन्होंने कहा कि उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा मतदाताओं से किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहने की अपील की।

## पशु मित्र भर्ती के लिए 30 ने क्वालीफाई किया फिटनेस टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पशु मित्र के लिए वीरवार को आयोजित फिटनेस टेस्ट में 30 अभ्यर्थी क्वालीफाई हुए हैं, जबकि नौ अभ्यर्थी अयोग्य घोषित किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा पशु मित्रों की भर्ती प्रक्रिया के तहत वीरवार को सिंथेटिक ग्राउंड में कस्बा नरवाना और जदरांगल क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के लिए फिजिकल टेस्ट आयोजित किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने अपनी शारीरिक दक्षता और क्षमता का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मशाला डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि कस्बा नरवाना क्षेत्र के लिए कुल 28 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 20 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में उपस्थित हुए, जबकि 8 अनुपस्थित रहे। परीक्षण के दौरान 4 अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया गया, जबकि 16 अभ्यर्थियों ने फिजिकल टेस्ट क्वालिफाई किया। वहीं जदरांगल क्षेत्र के लिए कुल 26 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 19 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट में उपस्थित हुए और 7 अनुपस्थित रहे। इस दौरान 5 अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया गया, जबकि 14 अभ्यर्थियों ने निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हुए फिजिकल टेस्ट पास किया। उन्होंने बताया कि फिजिकल टेस्ट निर्धारित मानकों के अनुसार, आयोजित किया गया, जिसमें अभ्यर्थियों की सहनशक्ति, शारीरिक क्षमता और फिटनेस का आकलन किया गया। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। विभाग का उद्देश्य योग्य और सक्षम पशु मित्रों का चयन करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

**◆ दक्षता परीक्षा में 9 अभ्यर्थी किए गए अयोग्य घोषित**

## हिमाचल में हेल्थ सिस्टम आईसीयू में कांग्रेस सरकार बनी मूकदर्शक : परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब से सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है, तब से प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र पूरी तरह चरमराता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाली के उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां आम आदमी खुद को ठगा हुआ और असहाय महसूस कर रहा है। परमार ने कहा कि आज प्रदेश के दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी कई किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है। कहीं डॉक्टरों की भारी कमी है, तो कहीं नर्सिंग स्टाफ तक उपलब्ध नहीं है। कई स्वास्थ्य संस्थान केवल नाम के रह गए हैं, जहां सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है।



यह स्थिति कांग्रेस सरकार की नाकामी और लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय, विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए थे। उस समय शुरू की गई हिमकेयर योजना (मुख्यमंत्री हिमाचल स्वास्थ्य देखभाल योजना) प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए एक जीवनरेखा साबित हुई थी। परमार ने बताया कि हिमकेयर योजना के तहत आयुष्मान भारत से वंचित परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता था। इस योजना के अंतर्गत सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में इलाज की सुविधा थी, जिससे लाखों परिवारों को गंभीर बीमारियों और महंगे ऑपरेशनों में राहत मिली। 5.5 लाख से अधिक परिवार इस योजना में पंजीकृत हुए थे और हजारों लोगों ने इसका सीधा लाभ उठाया। परमार ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज वही योजनाएं या तो बंद पड़ी हैं या उन्हें जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा सीमित कर दी गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण आज प्रदेश का आम आदमी इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल घोषणाओं और झूठे आश्वासनों तक सीमित रह गई है।

**अव्यवस्था** नगरोटा बगवां के मिनी सचिवालय में सफाई व्यवस्था चरमराई, दिव्यांगों के लिए बनाया शौचालय भी बंद

# बदहाल शौचालयों में पानी नहीं, मार रहे दुर्गंध

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां का मिनी सचिवालय आजकल गंदगी से अटा पड़ा है। खासकर तहसील कार्यालय के शौचालयों की हालत बेहद खराब हो गई है। शौचालयों में जहां साफ-सफाई का अभाव है तो वहीं, उनमें पानी तक भी उपलब्ध नहीं है। एक तो गर्मी और ऊपर से दुर्गंध इतनी कि यहां बीमारियां भी फैल सकती हैं। इतना ही नहीं, दिवयांगजनों के लिए बनाए गए शौचालय पर भी ताला जड़ा हुआ है, जिससे आने वाले लोगों को कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं।

यहां अपने काम के सिलसिले में पहुंचे लोग व्यवस्थापकों को कोसते नजर आए। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना था कि यह समस्या कोई आज की नहीं है, बल्कि काफी दिनों से चली आ रही है, जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन अफसोस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। चार मंजिला इस संयुक्त कार्यालय भवन में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ट्रेजरी, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, रोजगार कार्यालय व वेलफेयर सहित अन्य दफ्तर चलते हैं। जाहिर सी बात है कि यहां आसपास के काफी लोगों का बारह महीने जाना-आना लगा रहता है, लेकिन यहां पसरी गंदगी से परेशान लोग टॉयलेट में जाने से कतरा रहे हैं, क्योंकि उनसे आ रही दुर्गंध सिर को चकरा देती है। साल 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने इस मिनी सचिवालय की आधारशिला रखी थी और इस पर करीब साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं, लेकिन आज इस इमारत की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जनता का कहना है कि प्रशासन को इस बुनियादी सुविधा की ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह सीधे तौर पर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ा मामला है।




### क्या कहते हैं तहसीलदार

**जब** इस संबंध में तहसीलदार अशोक पठानिया से बात की गई तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि 'यह मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, इसके लिए संबंधित विभाग से बात करें।' उन्होंने इतना जरूर कहा कि यहां स्टाफ की कमी है।

### क्या कहते हैं एसडीएम



**जब** एसडीएम मुनीश शर्मा के समक्ष यह मामला उठाया गया तो वह भी काफी हैरान दिखे। उन्होंने कहा कि शौचालयों में पानी रेगुलर आता है। हो सकता है पानी की कोई टंकी लीक कर रही हो। चेक करवाने के बाद ही पता चलेगा। अगर खराबी पाई गई तो ठीक करवा दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या को गंभीरता से देख रहे हैं और समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा। शौचालयों की सफाई विस्तार से पहले भी करवाई गई थी। अगर फिर भी हालत खराब है तो उसमें सुधार अवश्य किया जाएगा। लोगों को कोई दिक्कत पेश न आए, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# बीड़ में म्यूजिकल फेस्ट 22-23 मई को



बीड़ में होने वाले म्यूजिकल फेस्ट में संगीत, योग और हिमाचली संस्कृति का संगम होगा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** प्रदेश की आर्थिकी में पर्यटन की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है और बीड़ जैसा खूबसूरत क्षेत्र तो पूरी तरह से पर्यटन पर ही निर्भर है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पिछले कई सालों से बीड़ में म्यूजिकल फेस्ट का आयोजन हो रहा है। इसके तहत इस वर्ष भी अगले माह 22 व 23 मई को बीड़ में म्यूजिकल फेस्ट का आयोजन हो रहा है। फेस्टिवल की मुख्य संयोजक अलकनंदा ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना है। हम सजावट के लिए बांस, देवदार के फल और पुराने कपड़ों का उपयोग करते हैं। यह भारत का इकलौता ऐसा आयोजन है, जो 48 घंटे निरंतर चलता है। जहां दिन में लाइव म्यूजिक चलता है, जिसमें कलाकार केवल अपनी मौलिक रचनाएं ही प्रस्तुत करते हैं और रात में साउंड हिलिंग, योगा और नेचर थेरेपी का आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की विशेषताओं में संस्कृति और खानपान भी शामिल हैं। स्थानीय हिमाचली और तिब्बती संस्कृति और उनके पारंपरिक व्यंजनों को मंच पर प्रदर्शित किया जाता है। इस फेस्टिवल के माध्यम से पर्यटकों को न केवल संगीत का आनंद मिलता है, बल्कि वे हिमाचली और तिब्बती सांस्कृतिक धरोहर से भी परिचित होते हैं। इस आयोजन से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों को भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

# न्यूज ब्रीफ

## रंगस-कंडरोला-चौड़ू सड़क 24 मई तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नादौन उपमंडल के तहत रंगस-कंडरोला-चौड़ू सड़क पर मरम्मत कार्य के चलते 24 अप्रैल से 24 मई तक यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि सड़क सुधार कार्य को सुचारु और शीघ्र पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस अवधि के दौरान वाहन चालक बड़ा से रैल लाहड़-चौड़ू मार्ग या चौड़ू से बल्ह चौक-बाबे दी कुटिया-रैल, रंगस मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी चालकों से सहयोग की अपील की है, ताकि कार्य समय पर पूरा हो सके।

## सलासी में 'आई लव हमीरपुर' सैलून का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के सलासी क्षेत्र में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री उषा बिरला ने 'आई लव हमीरपुर' सैलून का शुभारंभ किया गया। उन्होंने सैलून के ऑनर गौरव कुमार को शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में नए रोजगार सृजन की सराहना की। उषा बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि छोटे उद्यमी न केवल अपने परिवार को मजबूत बनाते हैं, बल्कि दूसरों को रोजगार देकर समाज को भी सशक्त करते हैं।

## झलाणा में बताया संतुलित आहार का महत्व

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल विकास परियोजना नादौन के तहत झलाण पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा शिविर आयोजित किया गया। इसमें अनिल कुमार, संजय गर्ग सहित स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी विभाग के अधिकारी और स्थानीय लोग शामिल हुए। अनिल कुमार ने कहा कि कुपोषण से बचने के लिए घर का पौष्टिक भोजन, मौसमी फल और सब्जियों का उपयोग बढ़ाना चाहिए। संजय गर्ग ने बताया कि बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए गर्भावस्था से ही मां का पोषण जरूरी है। डॉ. सुमन और डॉ. मनमोहन ने गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, आयरन-फोलिक एसिड और संतुलित आहार की सलाह दी। कार्यक्रम में गोदभराई और अन्नप्राशन संस्कार भी किए गए तथा बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मोटे अनाजों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

## सड़क से उछले पत्थर से दुकान का शीशा टूटा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोंरज उपमंडल के बैलग क्षेत्र में वीरवार को जब सड़क से गुजर रही गाड़ी के टायर से उछला पत्थर पास की दुकान के शीशे से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुकान का कांच पूरी तरह चकनाचूर हो गया, जिससे दुकानदार को लगभग 30 हजार रुपए का नुकसान हुआ। दुकानदार ने आरोप लगाया कि सड़क किनारे लंबे समय से बिखरे पत्थरों को हटाने की ओर विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ने घटना को गंभीरता से लिया और जल्द ही सुधार करने का आश्वासन दिया।

# उपायुक्त ने भोरंज में लिया विकास कार्यों का जायजा

## महिलाओं और नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ किया संवाद

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को भोरंज उपमंडल में विभिन्न संस्थानों का दौरा कर विकास कार्यों एवं अन्य गतिविधियों का जायजा लिया।

उन्होंने भकेड़ा पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के निरीक्षण के साथ-साथ इसी पंचायत के गांव भैरवीं जट्टां में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर की प्रतिभागी महिलाओं के साथ संवाद भी किया। उपायुक्त ने क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भी बातचीत की तथा महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी ली।



विद्यार्थियों के साथ संवाद करतीं डीसी गंधर्वा राठौड़। अनंत ज्ञान

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र भकेड़ा के निरीक्षण के दौरान शिशुओं को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की। उपायुक्त ने रौहीं पंचायत में भी विकास कार्यों जायजा लिया और जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने और कॅरियर के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं तथा उनका उत्साहवर्द्धन किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में शिक्षकों के साथ व्यापक चर्चा की। इस अवसर पर भोरंज के खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# इंदिरा कॉलोनी में तेज रफ्तार वाहनों पर कसा जाए शिकंजा

◆ प्रशासन से इस समस्या को लेकर जल्द ठोस कदम उठाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** कृष्णा नगर वार्ड नंबर-1 स्थित इंदिरा कॉलोनी से गुजरने वाला संपर्क मार्ग इन दिनों स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। यह मार्ग राष्ट्रीय उच्च मार्ग से पशु औषधालय के पास जुड़ता है, जिसके कारण बाहरी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ गई है। समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश सेन ने इस समस्या को लेकर प्रशासन से तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की है।

प्रकाश सेन के अनुसार, यह संपर्क मार्ग मूल रूप से कॉलोनी निवासियों की सुविधा के लिए बनाया गया था, ताकि आपात स्थिति में एम्बुलेंस पहुंच सके और निर्माण सामग्री आसानी से लाई जा सके। लेकिन अब यह मार्ग आसपास के गांवों खग्गल, दड़ूही, वुरनाड़ और मटाहनी से हमीरपुर आने-जाने वाले वाहनों के लिए शॉर्टकट बन गया है। परिणामस्वरूप दिन-रात तेज रफ्तार गाड़ियों का आवागमन जारी रहता है। मार्ग की भौगोलिक स्थिति भी जोखिमपूर्ण है-एक ओर तीखी चढ़ाई और दूसरी ओर खतरनाक उतराई। इसी कारण यहां कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। तेज गति, संकरी सड़क और वाहनों के पास न मिलने से जाम की स्थिति बनती है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पार करना तक जोखिम भरा हो गया है। लोगों का कहना है कि भारी वाहनों और ट्रैक्टरों ने सड़क को भी नुकसान पहुंचाया है, जिससे नगर परिषद को बार-बार मरम्मत करनी पड़ रही है। समाधान के रूप में कॉलोनी के एक छोर पर दोनों तरफ लोहे के एंगल लगाने का प्रस्ताव पहले ही पारित हो चुका है, ताकि केवल छोटी गाड़ियां ही गुजर सकें। अब लोग प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# आशीष ने विधायक निधि से बकारटी गांव को दिए 5 लाख



सुधार सभा बकारटी की कार्यकारिणी ने जताया आभार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विधायक आशीष शर्मा ने अपनी विधायक निधि से गांव बकारटी ग्राम पंचायत जंगल रोपा के मोक्ष धाम को दिए तीन लाख रुपए और इसी गांव के निचली बकारटी के लिंक रोड के अधूरे काम को सीमेंटेड पक्का करवाने को दिए दो लाख रुपए।

इस अवसर पर उपरली और निचली बकारटी के लोगों और भारतीय ग्राम सुधार सभा बकारटी की कार्यकारिणी द्वारा विधायक आशीष शर्मा का धन्यवाद किया और उनको ग्राम सुधार सभा के प्रधान सोम दत्त शर्मा और समस्त कार्यकारिणी और महिला मंडल की सभी सदस्यों द्वारा उन्हें शाल और टोपी पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी शर्मा मंडल अध्यक्ष, तेन सिंह बन्याल महामंत्री, सोम दत्त शर्मा, रमेश कुमार शर्मा, रत्न चंद चौधरी, देशराज चौधरी, पवन कुमार, राज कुमार हमीरपुरी, ओम प्रकाश चौधरी, अशोककुमार चौधरी आदि सदस्यों ने भाग लिया और सभी ग्रामवासियों और महिला मंडल की सभी महिलाओं ने विधायक का विधायक निधि से इस गांव के जरूरी कामों को करवाने के लिए पांच लाख देने का आभार प्रकट किया।

# व्यापार मंडल हमीरपुर ने नगर निगम एरिया में नॉइस-फ्री जोन लागू करने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला व्यापार मंडल हमीरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपायुक्त हमीरपुर से मिला और शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय में हमीरपुर नगर के बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर अनावश्यक रूप से वाहनों के हॉर्न बजाने की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

ध्वनि प्रदूषण के कारण मानसिक तनाव, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तथा कार्यक्षमता में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विशेषकर बाजार क्षेत्र, अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आसपास यह समस्या अधिक गंभीर रूप ले चुकी है और हमीरपुर को एजुकेशन हब के नाम से प्रदेश में जाना जाता है। इसलिए व्यापार मंडल आपसे विनम्र अनुरोध है कि हमीरपुर नगर निगम एरिया में 'नॉइस-फ्री जोन' घोषित किया जाए और शहर के मुख्य बाजारों, अस्पतालों एवं स्कूलों के आसपास हॉर्न बजाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा नो हॉर्न जोन के स्पष्ट साइन बोर्ड लगाए जाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन के माध्यम से नियमित निगरानी एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके हस्तक्षेप से शहर में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और नागरिकों को एक शांत एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा।

# 15 मई तक ट्रेड लाइसेंस बनवा लें सभी व्यापारी

- शहर में होर्डिंग लगाने के लिए नगर निगम की अनुमति अनिवार्य
- निगम की अनुमति के बगैर होर्डिंग लगाने पर होगी कड़ी कार्रवाई
- पालतू कुत्तों का पंजीकरण और पार्किंग का भी बनवाएं लाइसेंस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**नगर** निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश शर्मा ने निगम की परिधि में आने वाले सभी दुकानदारों, होटल, शोरूम, क्लीनिक, और अन्य व्यवसायों से आग्रह किया है कि वे 15 मई तक अपना ट्रेड लाइसेंस ऑनलाइन लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से बनवाएं। आयुक्त ने कहा कि जिन व्यापारियों को ऑनलाइन लाइसेंस बनाने में समस्या आ रही है, वे नगर निगम कार्यालय में आकर ऑफलाइन भी लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

आयुक्त ने विशेष रूप से निजी पार्किंग संचालकों से अनुरोध किया कि वे निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करें और फिर ट्रेड लाइसेंस बनवाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यापारी 15 मई तक अपना ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाते, तो उन पर प्रतिमाह 500 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त, आयुक्त ने निगम क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स और बैनर लगाने के संबंध में भी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि निगम की अनुमति के बिना लगाए गए होर्डिंग्स और बैनरों को बिना किसी सूचना के हटा दिया जाएगा, और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर जुर्माना वसूला जाएगा। शहरवासियों से एक और महत्वपूर्ण अपील करते हुए आयुक्त ने कहा कि वे 15 मई तक अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से करवा लें, क्योंकि पंजीकरण न करवाने पर जुर्माना हो सकता है। आयुक्त ने कहा कि इन उपायों को लागू करने का उद्देश्य शहर में एक बेहतर और व्यवस्थित व्यवस्था बनाना है, जिससे नागरिकों को अधिक सहूलत मिले और शहर में कोई असुविधा उत्पन्न न हो।

# पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन का आधार: सुभाष ढटवालिया




कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाल विकास परियोजना विभाग बिझड़ी की ओर से खंड स्तरीय 8वां पोषण आहार पखवाड़े का समापन समारोह वीरवार को प्राचीन दुर्गा मंदिर सोहारी में आयोजित किया गया।

समापन समारोह में कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में हम सब का खाना जंक फूड हो गया है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है अगर हमने नई पौध को बचाना है। ऐसे में पौष्टिक आहार का सेवन करना बहुत ही जरूरी हो गया है। पौष्टिक आहार से स्वस्थ जीवन का विकास होता है। इसमें सभी पौष्टिक तत्व शरीर को मिलते हैं तथा शरीर में बीमारियां नहीं लगती हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी सलीम मुहम्मद ने ढटवालिया को पोषण पखवाड़े में की गई गतिविधियों बारे अवगत करवाया। 15 दिन के दौरान बाल विकास परियोजना बिझडी में सभी 273 आंगनबाड़ी केंद्रों में विभागीय गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। अभियान का महत्व को फास्ट-फूड, जंक फूड तथा डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों से बचना है। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरियों का पोषण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पहले 1000 दिन- गर्भावस्था से लेकर बच्चे के 2 वर्ष तक अत्यंत निर्णायक होते हैं। इस अवसर पर बड़सर कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा कांग्रेस जिला महासचिव पवन कालिया कांग्रेस नेता एवं ट्रस्टी पवन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# अनुराग और भाजपा का असली चेहरा आया सामने: सुमन भारती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर को लेकर भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भगवा रंग सनातन धर्म में आस्था, त्याग और सम्मान का प्रतीक है और इसे केवल राजनीतिक छवि चमकाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंगलवार को भगवा गमछा पहनकर मांसाहार करना विरोधाभासी आचरण को दर्शाता है और करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। उनके अनुसार, जो नेता सार्वजनिक मंचों पर धर्म और परंपरा की बातें करते हैं, उन्हें अपने व्यवहार में भी वही प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए। भाजपा नेताओं द्वारा धर्म और भगवा का बार-बार उपयोग चुनावी लाभ के लिए किया जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनके लिए धर्म आस्था से अधिक एक राजनीतिक उपकरण बन गया है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब इस अंतर को समझने लगी है और दिखावे व वास्तविकता के बीच फर्क साफ नजर आ रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनका वैष्णो देवी मंदिर में जाकर सादगीपूर्वक पूजा-अर्चना करना धर्म के वास्तविक स्वरूप को दर्शाता है, जो आडंबर नहीं बल्कि सच्ची आस्था पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जुड़े लोगों की जिम्मेदारी है कि वे धार्मिक प्रतीकों का सम्मान करें और राजनीति में धर्म का चयनात्मक उपयोग बंद करें।

# नरेश कुमार ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस, हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन



परिवार के सदस्यों से मिलते जिला परिषद हमीरपुर के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी उर्फ दर्जी ने भोरंज विधानसभा क्षेत्र की बढ़ेर पंचायत के झोल गांव में रवींद्र कुमार के पिता के निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

इस दौरान नरेश दर्जी ने शोक संतृप्त परिवार के साथ बैठकर उनके दु:ख को साझा किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

उन्होंने इस कठिन समय में परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नरेश कुमार दर्जी ने परिवार की आर्थिक सहायता भी दी और कहा कि दु:ख की इस घड़ी में साथ खड़ा रहना ही सच्चा मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि वह भोरंज विधानसभा के प्रत्येक परिवार के लिए हर पल उपलब्ध हैं और सुख-दु:ख हर परिस्थिति में लोगों के साथ खड़े रहना अपना कर्तव्य मानते हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# बिझड़ी ताल स्टेडियम में आज से शुरू होगा कबड्डी महाकुंभ

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी कस्बे में बाबा बालक नाथ एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से आज से ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जा रहा है। यह कबड्डी महाकुंभ बिझड़ी के ताल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक बड़सर इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट में प्रदेशभर से 12 टीमें भाग ले रही हैं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पदम श्री एवं अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी व प्रदेश पुलिस विभाग में डीएसपी अजय ठाकुर शिरकत करेंगे।

◆ 12 टीमें दिखाएंगी अपना दमखम

प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को 15000 एवं ट्रॉफी भेंट की जाएगी। दूसरा स्थान हासिल करने वाली टीम को 12000 रुपए व ट्रॉफी की जाएगी। तीसरा एवं चौथा स्थान हासिल करने वाली टीमों को 2100 रुपए प्रति टीम दिए जाएंगे। इस ओपन कबड्डी टूर्नामेंट के सभी मैच मैट पर करवाए जाएंगे, ताकि खिलाड़ियों को चोट लगने से बचाया जा सके। यह जानकारी टूर्नामेंट के आयोजकों आशीष ठाकुर व साहिल शर्मा ने दी। कबड्डी के प्रत्येक मैच में रेफरी पैनल का निर्णय अंतिम माना जाएगा। जो भी टीम अनुशासनहीनता करती पाई गई उसे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया जाएगा। यह टूर्नामेंट कबड्डी के प्रति क्षेत्रवासियों का जोश और उत्साह बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी




पोषण अभियान के तहत वृत्त स्तरीय पोषण पखवाड़ा शिविर आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय हमीरपुर ने वीरवार को यहां वार्ड नंबर-9 के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण अभियान के तहत वृत्त स्तरीय पोषण पखवाड़ा शिविर आयोजित किया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता शर्मा ने कहा कि अच्छी सेहत के लिए संतुलित आहार सबसे जरूरी होता है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में सभी सुख-सुविधाओं के बावजूद कुपोषण की समस्या एक आम बात हो गई है। इसलिए, हमें अपनी आम दिनचर्या में अपने भोजन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विशेषकर, गर्भवती एवं धात्री माताओं में कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए उनके आहार में सभी पोषक तत्वों का समावेश होना चाहिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में पानी का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए। अगर गर्भवती माता स्वस्थ होगी तो उसका बच्चा भी स्वस्थ होगा। गर्भवती तथा धात्री माताओं को मौसमी फल-सब्जी तथा भरपूर नींद लेनी चाहिए। शिविर में उपस्थित लोगों ने कुपोषण को दूर करने की शपथ भी ली।

# भाजपा कभी भी किसी के खान-पान की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं रही: राकेश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा ने कभी भी किसी धर्म, क्षेत्र या समाज की खान-पान परंपराओं का विरोध नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू आस्था के अनुसार गौमांस निषेध धार्मिक विषय है और इस पर पार्टी का रुख हमेशा सख्त रहा है। राकेश ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया कि भाजपा के सत्ता में आने पर मछली पर प्रतिबंध लगेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा बार-बार स्पष्ट कर चुकी है कि वह खान-पान की स्वतंत्रता का सम्मान करती है और पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक परंपराओं को समझती है। उन्होंने अनुराग के मछली सेवन को प्रतीकात्मक बताते हुए कहा कि यह वहां की जनभावनाओं और परंपराओं के सम्मान का संदेश था। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए गांधी परिवार और अन्य नेताओं के आचरण पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने सुखविंद्र सिंह सुक्खू से जुड़ा एक पुराना मामला उठाते हुए कहा कि उस समय कांग्रेस नेताओं ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा देश की विविधता और खान-पान की स्वतंत्रता का सम्मान करती है, जबकि कांग्रेस अनावश्यक विवाद खड़ा कर रही है।

**समापन** सैनिक स्कूल सुजानपुर में आयोजित फुटबाल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# अंडर-17 छात्रा वर्ग में सैनिक स्कूल सुजानपुर विजेता

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल्स फुटबाल प्रतियोगिता 2026-27 (ग्रुप 'ए') का समापन हो गया। छह दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में नॉर्थ जोन की टीमों ने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। अंडर-17 छात्रा वर्ग के फाइनल में मेजबान टीम सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक रणनीति के दम पर रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल फतेहाबाद को 3-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, अंडर-17 छात्र वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दयानंद पब्लिक स्कूल पटियाला ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज कर मेजबान टीम को पीछे छोड़ दिया। अंडर-15 छात्र वर्ग में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल फतेहाबाद ने सैनिक स्कूल नगरोटा को 2-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। तीसरे स्थान के मुकाबलों में भी कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जहां विभिन्न टीमों ने अपनी श्रेष्ठता साबित की। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। अंडर-17 छात्रा वर्ग में कैडेट सेजल गुलेरिया बेस्ट प्लेयर और प्रियंशु चौधरी बेस्ट गोलकीपर रहीं। अंडर-17 छात्र वर्ग में श्याम कुमार बेस्ट प्लेयर और अंगद कुमार बेस्ट गोलकीपर चुने गए। वहीं, अंडर-15 वर्ग में स्टानजिन और कुमार माधवेंद्र ने अपने शानदार प्रदर्शन से खिताब हासिल किए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बृजेश पाल ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और खिलाड़ियों को अनुशासन व समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह प्रतियोगिता खेल भावना और टीमवर्क का बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरी।




अंडर-15 छात्र वर्ग में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल फतेहाबाद चैंपियन बना। अनंत ज्ञान

# द्रमण सड़क बनी मौत का जाल हर दिन खतरे से गुजर रहे लोग

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा की पंचायत द्रमण को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अब आम सड़क नहीं, बल्कि 'मौत का जाल' बन चुका है। मोहल्ला ओबड़ी व सरोडी से होकर गुजरने वाली इस सड़क की हालत इतनी भयावह हो चुकी है कि हर दिन इस पर सफर करना लोगों के लिए अपनी जान दांव पर लगाने जैसा है। टूटे हुए हिस्से, गहरे गड्ढे व धंसती सतह ने इस मार्ग को पूरी तरह असुरक्षित बना दिया है। चंबा फ्रीडम फाइटर्स संगठन के अध्यक्ष प्रशांत महाजन ने इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को उनके निवास स्थान पर मिलकर ज्ञापन सौंपा व तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के साथ चंबा फ्रीडम फाइटर्स संगठन के अध्यक्ष प्रशांत महाजन। अनंत ज्ञान

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि समय रहते इस सड़क का सुधार नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से उपेक्षा का शिकार है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और रोजाना चंबा आने-जाने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कई बार मरीजों को अस्पताल तक ले जाना भी इस खस्ताहाल सड़क के कारण मुश्किल हो जाता है।

वाहन चालकों के लिए यह मार्ग आर्थिक बोझ बन गया है। हर दिन गाड़ियों में खराबी व दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों का आरोप है कि विकास के बड़े-बड़े दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। क्षेत्र का घना जंगल, जहां बाघ, भालू जैसे जंगली जानवरों की आवाजाही स्थिति को और खतरनाक बनाते हैं। रात के समय अंधेरे में इस सड़क से गुजरना किसी डरावने अनुभव से कम नहीं, ऐसे में सड़क किनारे सोलर लाइट लगाने की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेती दिख रही है। प्रशांत महाजन ने मांग की है कि सड़क का मरम्मत/निर्माण कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाए व मार्ग पर सोलर लाइटें तुरंत लगाई जाएं। अब सवाल सीधा है क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा प्रशासन, या फिर द्रमण के लोगों को समय रहते राहत मिलेगी?

# 18 साल से अनसुनी वकीलों की मांगें अब राज्यसभा सांसद से लगाई गुहार

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला बार एसोसिएशन चंबा के अध्यक्ष अधिवक्ता अंकुश गुप्ता ने लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के समक्ष एक अहम ज्ञापन सौंपा। सांसद के दौरे के दौरान अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए न्याय व्यवस्था से जुड़े बुनियादी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया व तत्काल समाधान की मांग की।

बार एसोसिएशन ने साफ तौर पर कहा कि पिछले 18 से 20 वर्षों से उनकी मूलभूत मांगें जिला प्रशासन के समक्ष उठाई जाती रही हैं, लेकिन अब तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिवक्ताओं ने इसे न्याय व्यवस्था की जमीनी मजबूती के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया। अधिवक्ताओं ने कोर्ट परिसर के भीतर या आसपास एक व्यवस्थित कैंटीन की सख्त जरूरत बताई, ताकि वकीलों, वादियों व कर्मचारियों को स्वच्छ भोजन की सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने डीसी चंबा को निर्देश जारी कर सिविल सप्लाई, चुनाव विभाग व आबकारी-कराधान विभाग के खाली पड़े सरकारी भवनों को बार एसोसिएशन को सौंपने की मांग उठाई। उनका कहना है कि इन भवनों का उपयोग लाइब्रेरी, कैंटीन व नए वकीलों के बैठने के लिए किया जा सकता है।

## डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की मांग

**तकनीकी** युग में कानूनी कार्यों के डिजिटलीकरण को देखते हुए अधिवक्ताओं ने आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की मांग की, जिसमें ई-जर्नल, ऑनलाइन डाटाबेस और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों। बार एसोसिएशन ने सांसद से आग्रह किया कि वे संसद में अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े मुद्दे उठाएं, जिसमें चैंबर की सुविधा, नए वकीलों के लिए मासिक वजीफा और लंबित 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' को लागू करवाना शामिल है। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि हर्ष महाजन इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाएंगे। उनका कहना है कि यदि इन मांगों पर अमल होता है, तो इससे न केवल वकीलों को राहत मिलेगी, बल्कि जिले में न्याय व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# मैहला घार के समीप वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से होगी नियंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग-154ए, चक्की-चंबा-भरमौर मार्ग के अंतर्गत मैहला घार में जारी भूस्खलन रोकथाम (लैंडस्लाइड मिटिगेशन) कार्यों के दृष्टिगत जनहित व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 31 मई तक वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से नियंत्रित करने के आदेश जारी किए हैं। डीसी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31 मई तक प्रतिदिन प्रातः 6 से सायं 6 बजे तक कार्य के दौरान आवश्यकता अनुसार प्रति घंटे 25 से 30 मिनट तक वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोककर (होल्ड कर) यातायात नियंत्रित करने के आदेश जारी किए गए हैं। डीसी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्रभाग चंबा द्वारा सूचित किए जाने तथा लैंडस्लाइड मिटिगेशन से संबंधित जारी कार्यों के दौरान जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आपातकालीन सेवाओं से संबंधित एंबुलेंस, अग्निशमन तथा पुलिस वाहनों के परिचालन के दौरान उन्हें बिना किसी विलंब के आवागमन की अनुमति रहेगी।

# चंबा में उड़ान, डलहौजी में सन्नाटा, एक 80% पूरी, तो दूसरी परियोजना फाइलों में दफन: मनीष

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्र में विकास की असल तस्वीर अब सवालों के घेरे में है। एक ही समय में स्वीकृत दो हवाई कनेक्टिविटी परियोजनाओं में हैरान करने वाला अंतर सामने आया है चंबा हेलिपोर्ट परियोजना जहां 80 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है, वहीं डलहौजी जल हवाईअड्डा परियोजना अब तक कागजों से बाहर ही नहीं निकल पाई। यह सिर्फ देरी नहीं, बल्कि विकास के नाम पर भेदभाव की बू दे रही है।



सामाजिक कार्यकर्ता और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में डलहौजी क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने चंबा में आयोजित एक तीखी प्रेस वार्ता में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में 'उड़े देश का आम नागरिक' योजना के तहत देशभर में 50 नए एयरस्ट्रिप, जल हवाई अड्डे व हेलिपोर्ट विकसित करने की घोषणा हुई थी। इसी क्रम में डलहौजी को जल हवाईअड्डा और चंबा को हेलिपोर्ट के लिए चिन्हित किया गया। सरीन ने खुलासा किया कि जुलाई 2023 में ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मिले अधिकारिक पत्र में दोनों परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी थी और नवंबर 2024 में इन्हें 'उड़ान 5.5' के तहत अंतिम सूची में शामिल भी कर लिया गया। इसके बावजूद जमीनी हकीकत चौंकाने वाली है, जहां चंबा हेलिपोर्ट पर करीब 13 करोड़ रुपए खर्च कर तेजी से काम किया जा रहा है और परियोजना लगभग पूरी होने की कगार पर है, वहीं डलहौजी का जल हवाईअड्डा आज भी 'शुरुआत' का इंतजार कर रहा है। प्रेस वार्ता के बाद सरीन ने इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरपु को विस्तृत मांग पत्र भेजकर जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि यदि इस मुद्दे को अब दबने नहीं दिया जाएगा। यदि किसी स्तर पर इस परियोजना को जानबूझकर रोका गया है, तो जिम्मेदार लोगों को उजागर कर कार्रवाई सुनिश्चित करवाई जाएगी।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी से बाज आएं बैंस: संजीव

अनंत ज्ञान



**मंडी।** एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने कहा कि बल्ह विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले युद्ध चंद बैंस के खिलाफ जमकर हल्ला बोला है।

उन्होंने कहा कि बैंस आए दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए संजीव गुलेरिया ने कहा कि बैंस स्वयं को बड़ा कांग्रेस का नेता जाहिर कर परिवार विशेष के साथ स्वयं को जोड़ रहे हैं, जिस राजनीतिक घराने से स्वयं को जुड़ा हुआ बता रहे हैं, उस घराने की ओर से आपके पक्ष में कोई बयान नहीं दिया गया है। जबकि उनकी पृष्ठभूमि मालूम है, वे कांग्रेस के किसी बड़े पद पर नहीं रहे हैं, न ही कोई बड़े नेता हैं। संजीव गुलेरिया ने कहा कि एड़ी ऊंची करके कोई बड़ा आदमी नहीं बन सकता और नहीं किसी पर कीचड़ उछाल कर आपके गुनाह छिपेंगे। आपके खिलाफ कागज सरकार और मेरे पास हैं, समय आने पर आपको बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप किसके इशारे पर यह सब कर रहे हैं। संजीव गुलेरिया ने कहा कि मेरे पर इल्जाम लगाया गया कि मेरे घर की नीलामी होने वाली है, नोटिस चिपका हुआ है। मेरे साथ तो ऐसा कुछ भी नहीं है, पर आपके घर पर आज भी नोटिस चिपका हुआ है। करोड़ों के कर्ज में डूबे हुए बैंक्रप्ट हैं, चेतावनी दी कि अपनी हद में रहें, कानून अपना काम करेगा, आपके अवैध कब्जे और एनआईए के सारे दस्तावेज हमारे पास हैं। संजीव गुलेरिया ने कहा कि हमें मालूम है कि किस पार्टी ने आपको सिक्योरिटी दी है और आप अपनी गाड़ी में फ्लैग रॉड लगाकर घूमते हैं।

# सुल्तानपुर वार्ड से नप चुनाव में रितिका की एंट्री

## बिजली, सीवरेज और कूड़ा प्रबंधन सुधार का रखा रोडमैप

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** सुल्तानपुर वार्ड की वर्षों पुरानी समस्याओं व बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी के खिलाफ अब एक मजबूत आवाज उठी है।

पेशे से कलाकार रितिका ठाकुर ने नगर परिषद चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए न केवल सिस्टम पर सवाल खड़े किए, बल्कि बदलाव का स्पष्ट रोडमैप भी सामने रखा है। 'अनंत ज्ञान' से बातचीत में रितिका ने अपने संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा, 'मैंने खुद संघर्ष करके अपनी पहचान बनाई है। अब समय आ गया है कि मैं राजनीति में आकर सुल्तानपुर वार्ड की जनता की सेवा करूं और उनके हक की आवाज बनूं।' वार्ड की स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, देश और प्रदेश के कई शहरों में काम किया है, जहां विकास साफ दिखता है, लेकिन अपने ही सुल्तानपुर वार्ड की हालत देखकर दिल को ठेस पहुंचती है। जिला मुख्यालय से महज 2-3 किलोमीटर दूर



होने के बावजूद यहां आज भी बिजली, सीवरेज और कूड़ा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोग जूझ रहे हैं। यह विकास नहीं, बल्कि सीधी उपेक्षा है।' रितिका ने साफ कहा कि अगर शहर के नजदीकी क्षेत्र का यह हाल है, तो दूरदराज इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। चुनावी वादों को लेकर उन्होंने व्यापक योजना पेश की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार को एक साथ जोड़ते हुए काम किया जाएगा। 'वार्ड में एक आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी और एक विशेष कमेटी बनाई जाएगी, जहां युवाओं को हर नई नौकरी की जानकारी, सही स्टडी मटेरियल और परीक्षा पास करने की रणनीति दी जाएगी, ताकि शिक्षा सीधे रोजगार से जुड़े।' महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए रितिका ने कहा कि महिलाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने सीवरेज समस्या के स्थायी समाधान, वार्ड में मौजूद 6-7 प्राकृतिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार और प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का वादा किया। रावी नदी में फैलते कूड़े को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि इसके लिए एक व्यवस्थित डंपिंग साइट या आधुनिक रीसाइक्लिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण को भी प्राथमिकता दी जाएगी, अब सुल्तानपुर वार्ड की जनता के सामने बड़ा सवाल है—क्या इस बार वे एक संघर्षशील कलाकार को जनसेवक के रूप में मौका देंगे, या फिर पुरानी समस्याओं के साथ ही आगे बढ़ना पड़ेगा?

# सस्ती ईएमआई के झांसे में फंसा रहे ठग, खुंदेल में संदिग्ध कॉल्स से दहशत

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत खुंदेल में इन दिनों सस्ती ईएमआई के नाम पर ठगी का एक नया मामला सामने आ रहा है। पिछले एक महीने से क्षेत्र के कई लोगों को संदिग्ध फोन कॉल्स आ रहे हैं, जिनमें प्रिंटर, बायोमेट्रिक डिवाइस और लैपटॉप जैसे उपकरण बेहद सस्ती ईएमआई पर उपलब्ध करवाने का लालच दिया जा रहा है। इन उपकरणों की कीमत 30 से 40 हजार रुपए बताई जा रही है, जिससे आम लोगों को आसानी से फंसाने की कोशिश की जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कॉल करने वाले पहले मीठी बातों से विश्वास जीतते हैं व फिर किसी वैध प्रमाण पत्र या दस्तावेज के नाम पर पैसे जमा करवाने का दबाव बनाते हैं। सरवन कुमार, हाकम चंद, रमेश जरयाल और सोनू सहित कई लोगों ने बताया कि खुंदेल और बतोट क्षेत्र में अब तक 5 से 6 लोगों को ऐसे कॉल्स मिल चुके हैं, जिससे यह मामला संगठित ठगी की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही पंचायत क्षेत्र में इतने लोगों को एक जैसी कॉल्स आना संदेह पैदा करता है कि इसमें किसी स्थानीय व्यक्ति की भी भूमिका हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग बाहरी राज्यों में काम के लिए गए हुए हैं, जिससे उनके पास गांव के लोगों की जानकारी और मोबाइल नंबर आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं। ठग लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, खुंदेल पंचायत के लोकमित्र केंद्र संचालक सरवन कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसी सस्ती ईएमआई के झांसे में न आएं व किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल या लेन-देन से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें। प्रशासन व पुलिस से भी मांग की जा रही है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि समय रहते इस तरह की ठगी पर लगाम लगाई जा सके।

# पुस्तक दिवस पर छात्रों में ज्ञान का दीप प्रज्वलित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में आज पुस्तक दिवस एवं विश्व कॉपीराइट दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करना तथा पुस्तकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रचना ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य खजाना हैं, जो न केवल बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने और पुस्तकों से मित्रता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ने विश्व कॉपीराइट दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को बौद्धिक संपदा के संरक्षण और मौलिक रचनाओं के सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी रचनात्मक कार्य की सुरक्षा और उसके अधिकारों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या द्वारा कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों को लघु कहानी पुस्तकों का वितरण किया गया, जिससे छात्रों में पढ़ने के प्रति रुचि और भी बढ़े। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। पूरा परिसर साहित्यिक उत्साह से सराबोर नजर आया और विद्यार्थियों ने पुस्तकों के महत्व को समझने का संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचने व सतर्क रहने की सलाह दी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुनियाला में विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों और कानून संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने एक मजबूत संदेश दिया सजग युवा ही सुरक्षित भविष्य की नींव हैं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से एएसआई राजेश कुमार और लेडी कांस्टेबल रेखा ने विद्यार्थियों को नशे की भयावहता, विशेषकर चिट्टा जैसे खतरनाक नशे के दुष्परिणामों के बारे में आगाह किया।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा युवाओं के सपनों को बर्बाद कर देता है और इससे दूरी ही सबसे बड़ा बचाव है। इसके साथ ही इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (112), यातायात नियम, पॉक्सो एक्ट, एंटी रैगिंग, गुड टच-बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन व तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम जैसे गंभीर विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचने और सतर्क रहने की अहम सलाह दी गई। लेडी कांस्टेबल रेखा ने विशेष रूप से छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े कानूनों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना को छुपाने के बजाय तुरंत रिपोर्ट करना जरूरी है, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य भूपेंद्र भारद्वाज ने पुलिस विभाग का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल छात्रों को जागरूक बनाते हैं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा भी दिखाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सवाल पूछे व कई अहम जानकारियां हासिल कीं, जिससे यह आयोजन ज्ञानवर्धक और प्रभावी साबित हुआ।

# भरमौर में खेल मैदान की कमी को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भरमौर कस्बे में खेल मैदान की लंबे समय से चली आ रही समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों व अभिभावकों ने आवाज बुलंद कर दी है। वीरवार को क्षेत्र के लोगों ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, भरमौर को एक सामूहिक ज्ञापन सौंपकर बच्चों व युवाओं के लिए उपयुक्त खेल मैदान उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में बताया गया कि भरमौर कस्बे में वर्तमान समय में किसी भी उचित खेल मैदान की व्यवस्था नहीं है, जिससे स्थानीय निवासी, किराए पर रहने वाले परिवार, सरकारी कर्मचारी तथा अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए बाहर से आए अभिभावक काफी परेशान हैं। बच्चों को खेलने के लिए सुरक्षित व निर्धारित स्थान न होने के कारण उनकी दिनचर्या और शारीरिक विकास पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि खेल मैदान के अभाव में बच्चे मजबूरन ऐतिहासिक चौरासी प्रांगण में खेलते हैं, जिससे वहां आने वाले पर्यटकों को असुविधा होती है व धार्मिक व पर्यटन स्थल की गरिमा भी प्रभावित होती है।

ज्ञापन में यह भी चिंता जताई गई कि यदि बच्चों को खेलने के लिए उचित स्थान नहीं मिला, तो उनके गलत गतिविधियों की ओर भटकने की आशंका बढ़ सकती है, ऐसे में प्रशासन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि भरमौर क्षेत्र में जल्द एक व्यवस्थित व सुरक्षित खेल मैदान की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों और युवाओं को बेहतर वातावरण मिल सके। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी इस जायज मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द ही ठोस कदम उठाएगा।

# हिंगराज चिराग व युद्धवीर टंडन को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार व प्रयास सोसायटी सिरमौर द्वारा जिला चंबा के दो शिक्षकों व साहित्यकारों हिंगराज चिराग व युद्धवीर टंडन को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक हिंगराज चिराग पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलूणी में प्रवक्ता हिंदी के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें यह सम्मान संस्था द्वारा अपने 30 वर्ष के सेवा काल में 10,000 के करीब देवदार व अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित करने व उन्हें सफलतापूर्वक वृक्ष बनाने की तपस्या के लिए दिया गया है। इसके अतिरिक्त साहित्य के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उनके प्रयासों जिसमें 'इस धरा पर' नामक पुस्तक का प्रकाशन को शामिल किया गया है। शिक्षक चिराग वर्तमान में 'सेव सिंगल पेज' जैसे पर्यावरणीय संरक्षण अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, दूसरी और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक युद्धवीर टंडन जो कि वर्तमान में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में कार्यरत हैं, उनको यह सम्मान उनके बीते एक दशक से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को वन्य जीव संरक्षण व पौधरोपण के प्रति जागरूक करने एवं प्रकृति की पाठशाला के सफल प्रयोग के लिए संस्था द्वारा दिया गया है। बताते चलें कि बीते एक दशक से अपने शिक्षक व आदर्श डॉ. विपिन राठौर के मार्गदर्शन में निरंतर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए अक्तूबर माह का पहला सप्ताह वन्य प्राणी सप्ताह के रूप में मनाने और उसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के कार्यों की प्रयास सोसायटी के महासचिव धीरज रामोल द्वारा प्रशंसा की गई। पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला चंबा के दो शिक्षकों को यह सम्मान मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की।

# हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का आज 30वें वर्ष में प्रवेश, अगले महीने नए स्वरूप में आएगी नजर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** 24 अप्रैल 1997 को मंडी कुल्लू मार्ग पर बिंदरावणी में एक छत के नीचे समूचे हिमाचल प्रदेश को छायाचित्रों के माध्यम से कुछ ही पलों में दर्शाने के इरादे से स्थापित की गई हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी शुक्रवार को 30 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है।

पुरातत्व चेतना संघ द्वारा हिमाचल की संस्कृति, इतिहास, कला, पुरातत्व, जनजीवन व हिमाचल के सौंदर्य व विकास को एक जगह पर दिखाने के उदेश्य से स्थापित की गई इस फोटो गैलरी को दो बार फोरलेन की जद में आने के कारण उजड़ना पड़ा है। पिछले एक साल से एक अस्थायी परिसर बल्ह घाटी के बैहना गांव के मलोरी में एक किराए के भवन में चल रही हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में शोधार्थियों व दर्शकों का आना निरंतर बना रहा। इसकी स्थापना के 29 साल पूरे होने पर संस्थापक छायाकार बीरबल शर्मा ने बताया कि इस फोटो गैलरी में अब तक पांच लाख से अधिक दर्शक देश विदेश से आ चुके हैं। इसमें एक संग्रहालय व पुस्तकालय भी स्थापित किया गया है। वर्ष 2016 के बाद इसको बार बार कई बार हटाना पड़ा व फिर से स्थापित करना पड़ा। विपरीत परिस्थितियों व बढ़ती आयु से कम होते जोश संबंधी परेशानियों के चलते कई बार इसे बंद करने का निर्णय भी लिया, मगर दर्शकों की बेहद उत्साहवर्द्धक व इसकी जरूरत संबंधी टिप्पणियों ने बढ़ती उम्र 70 के कारण कम होते हुए इसे फिर से किसी तरह से बनाए रखने के प्रयास जारी रखने पड़े, जिसके चलते अब ऐसी उम्मीद बन गई है कि मई महीने में एक नए व शानदार पुरातात्विक स्वरूप में यह देखने को मिलेगी।

इसका नया परिसर अब सुकेती नदी किनारे मलोरी बैहना की सुंदर वादियों में एक खुले स्थान पर देखने को मिलेगा। बीरबल शर्मा ने बताया कि बिंदरावणी में जो गैलरी परिसर में प्राचीन हटली के बरसेले थे।

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

**मैं चंचला देवी** (57 वर्ष) विधवा श्री संसार चंद निवासी गाँव बाग (संसाल), डाकघर संसाल यह घोषणा करती हूँ कि मेरी छोटी पुत्री ने घर छोड़ कर स्वयं अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है इस लिए मैंने उस से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं और आज दिन से मेरा उस से कोई सरोकार नहीं रहा और मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करने की घोषणा करती हूँ। सभी संबंधित नोट करें।

**व-अदालत श्री विकास शर्मा, हि०प्र०से० उपमण्डल दण्डाधिकारी भरमौर, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश।**

अनवान मुकदमाः जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (Birth and Death Registration)

**अनुवान मुकद्दमाः-** श्री दीपा राम पुत्र श्री रावण राम निवासी गांव कुठार डाकघर बडग्रां, तहसील भरमौर जिला चम्बा हिमाचल प्रदेश ।

**बनाम**

**सरकार हिमाचल प्रदेश ।**

तारीख पेशीः-23-05-2026

**जनसाधारण हेतु सूचना-** जैसा कि श्री दीपा राम पुत्र श्री रावण राम, निवासी गांव कुठार, डाकघर बडग्रां, तहसील भरमौर जिला चम्बा हिमाचल प्रदेश ने ग्राम पंचायत बडग्रां, विकास खण्ड भरमौर में अपने जन्म पंजीकरण (जन्म तिथि 21-04-1969) दर्ज करवाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अगर उक्त जन्म पंजीकरण सम्बन्धी किसी व्यक्ति विशेष या आम जनता को किसी प्रकार का उजर/एतराज हो तो वह दिनाक 25-05-2026 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर अदालत होकर अपना उजर/एतराज पेश करे। उजर/एतराज पेश न होने की सूरत मे कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जाएेगी ।

आज दिनाक 23 अप्रैल, 2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया ।

**(विकास शर्मा), हि०प्र०से०**
**उपमण्डल दण्डाधिकारी भरमौर, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश ।**

# सुरंगानी में तीसरे दिन भी फूटा मजदूरों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

# 58 की उम्र में हटाए कर्मचारी को लेकर उबाल

अनंत ज्ञान

**चंबा।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में कर्मचारी दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर मजदूरों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले चल रहा धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जोरदार तरीके से जारी रहा।

धरने में सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर और जिला अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध की विशेष मौजूदगी रही। दोनों नेताओं ने मजदूरों को संबोधित करते हुए साफ कहा कि यह केवल एक कर्मचारी की लड़ाई नहीं, बल्कि सभी श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई है, जिसे हर हाल में जीता जाएगा। यूनियन ने प्रबंधन पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि दुनी चंद को 58 वर्ष की आयु में सेवा से हटाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और नियमों के खिलाफ है, जबकि सेवानिवृत्ति की निर्धारित आयु 60 वर्ष है। इस फैसले ने मजदूरों में भारी रोष पैदा कर दिया है। यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जब तक दुनी चंद की नौकरी बहाल नहीं की जाती, आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले दिनों में इसे और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को आगाह किया कि मजदूरों के धैर्य की परीक्षा लेना भारी पड़ सकता है। धरना स्थल पर लगातार बढ़ती भीड़ और तीखे तेवर इस बात का संकेत दे रहे हैं कि मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह आंदोलन बड़े स्तर पर फैल सकता है।



सुरंगानी में प्रदर्शन के दौरान मजदूर। अनंत ज्ञान

# सिल्लाघ्राट व शलेलाबाड़ी में आयुष विभाग के स्वास्थ्य शिविर, 167 लोगों की जांच

अनंत ज्ञान

**चंबा।** आयुष विभाग चंबा की मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम द्वारा जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सिल्लाघ्राट व शलेलाबाड़ी में चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 167 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जानकारी के अनुसार, पहला शिविर 20 अप्रैल को ग्राम पंचायत सिल्लाघ्राट में तथा दूसरा शिविर 22 अप्रैल को उपमंडल भजराडू के अंतर्गत ग्राम पंचायत शलेलाबाड़ी में आयोजित किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनीता कुमार के दिशा-निर्देशों में आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना रहा। शिविरों के दौरान 33 मरीजों के शुगर टेस्ट, 13 के हीमोग्लोबिन टेस्ट तथा अनेक लोगों का ब्लड प्रेशर जांचा गया। चिकित्सकों ने मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां देने के साथ-साथ आवश्यक परामर्श भी दिया। साथ ही लोगों को योग को दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया और मौके पर योगासन भी करवाए गए। आयुर्वेद से संबंधित आईईसी सामग्री भी वितरित की गई।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनीता कुमारी ने बताया कि शिविरों की पूर्व सूचना होने के कारण बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जांच के लिए पहुंचे व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. संदीप वैद, डॉ. विशाल कोठारी, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी दलीप जरयाल, रंजना कुमारी, सतीश कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चैन लाल, तेज सिंह, योगा गाइड ललिता व जितेंद्र कुमार ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं, उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु गर्ग ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT NARKANDA DISTT. SHIMLA (H.P)**

No.NP/NKD/- 39-41 Dated: 13/ 04 /2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed item rate tender is hereby invited for the following works from the contractor/firms of appropriate class registered with Jal shakti Vibhag or HPPWD Dept or any other govt organization. So as to reach in the office of the undersigned on 27/04/2026 up to 12 :00PM and the same shall be opened by the undersigned on 27/04/2026 at 12:30 PM in the presence of the Contractor/firms or their authorized representative if present any The tender form can be obtained from this office against cash payment nonrefundable during the working hours on 27/04/2026 from 10:30 AM up to 11:30 AM and no tender form shall be issued by post. The earnest money shall be deposited in the shape of National saving certificate, DAC, Term Deposit Account in any Nationalize Bank duly pledge in the name of Secretary Nagar Panchayat Narkanda. The conditional tender will be rejected. If holiday declared by the Govt. on the above date to any reason, then shall be counted as next working day. Undersigned reserves accept and reject any tender.

| Sr. No. | Name of Work | Earnest money | Time limit | Cost of form |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Providing and fixing 200 w AC LED Luminary (Light) 8 Nos Octagonal Pole 16 m height Electric wire from connection point to heigh mast light on/off MCB switch Box Electric Chain Pully System to install and maintain light. concrete Base structure for installation of height mast light. (Drawings and specification could be seen at NP office at any working days) | 10000/- | 1 Months | 500/- |

**Terms and conditions:-**

1. Experience for the same .
2. Firm should be registered on Gem Portal.

**Sd/- Secretary,**
**Nagar Panchayat Narkanda**

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।

-शंकराचार्य

## संपादकीय

# तनाव और बढ़ती संवेदनशीलता

पहनावे को लेकर लेंसकार्ट कंपनी की कथित गाइडलाइंस के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला भी इस विवाद की चपेट में आ गई, जहां हिंदू संगठनों ने एक लेंसकार्ट शोरूम के बाहर जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने दुकान के भीतर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा नारेबाजी की और माहौल को और अधिक गरमा दिया। बाद में पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और संबंधित लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। अब यह विवाद कानूनी जांच के दायरे में आ चुका है।

यह पूरा विवाद एक कथित दस्तावेज के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शुरू हुआ, जिसमें दावा किया गया था कि कंपनी कार्यस्थल पर बिंदी और तिलक जैसे धार्मिक प्रतीकों पर रोक लगाती है, जबकि हिजाब की अनुमति देती है। इस दावे ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया और देखते ही देखते मामला विरोध प्रदर्शनों तक पहुंच गया।

हालांकि, कंपनी के संस्थापक और सीईओ पीयूष बंसल पहले ही इस दस्तावेज को फर्जी बताते हुए स्पष्ट कर चुके हैं कि यह कंपनी की आधिकारिक नीति का हिस्सा नहीं है। इसके बावजूद विवाद का शांत न होना यह दर्शाता है कि आज के डिजिटल युग में अफवाहें कितनी तेजी से सामाजिक तनाव का कारण बन सकती हैं। बिना पुष्टि के वायरल होती सूचनाएं कई बार वास्तविकता से दूर होती हैं, लेकिन उनका प्रभाव समाज में गहरा असर छोड़ देता है। यह मामला भी उसी प्रवृत्ति का उदाहरण बनता जा रहा है, जहां एक अपुष्ट दस्तावेज ने धार्मिक और सामाजिक संवेदनशीलताओं को प्रभावित किया। इस प्रकार की घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक और बहुलतावादी समाज के लिए चिंता का विषय हैं, क्योंकि ये सामाजिक सौहार्द को कमजोर करती हैं। प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन यह घटना एक चेतावनी के रूप में सामने आई है कि छोटे विवाद भी बड़े सामाजिक तनाव का रूप ले सकते हैं।

इस पूरे मामले ने यह सवाल भी खड़ा किया है कि क्या कंपनियों और संस्थानों से जुड़ी सूचनाओं की सत्यता की जांच बिना किए उन्हें साझा करना उचित है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने वाली अपुष्ट जानकारी अक्सर भ्रम और टकराव की स्थिति पैदा करती है। ऐसे में डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार सूचना साझा करना पहले से अधिक आवश्यक हो गया है। प्रशासन और सरकार की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण हो जाती है। आवश्यक है कि किसी भी संभावित विवाद की स्थिति में तुरंत संवाद स्थापित किया जाए और सभी पक्षों को विश्वास में लेकर समाधान खोजा जाए। साथ ही, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त लेकिन संतुलित कार्रवाई जरूरी है ताकि स्थिति नियंत्रण से बाहर न जाए। सामाजिक संगठनों और नागरिक समूहों की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। उन्हें चाहिए कि वे किसी भी विवाद को बिना पुष्टि के तूल न दें और शांतिपूर्ण संवाद को प्राथमिकता दें।

किसी भी दुकान या संस्थान में घुसकर नारेबाजी या तनाव पैदा करना न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि सामाजिक एकता के लिए भी हानिकारक है। यह भी स्पष्ट है कि विविधतापूर्ण समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाएं अत्यंत संवेदनशील होती हैं। इसलिए किसी भी मुद्दे को हल करते समय संयम, संवाद और सत्यापन को प्राथमिकता देनी चाहिए।

यह घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज के डिजिटल युग में सूचना, विश्वास और संवाद के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। सोशल मीडिया के इस दौर में अपुष्ट और भ्रामक सूचनाएं बहुत तेजी से फैलती हैं, जो कई बार समाज में अनावश्यक तनाव और गलतफहमियां पैदा कर देती हैं। यही कारण है कि एक कथित दस्तावेज ने भी बड़े स्तर पर विवाद का रूप ले लिया। कुल मिलाकर, यह पूरा प्रकरण हमें यह सिखाता है कि तकनीकी युग में अफवाहों की गति जितनी तेज है, उनका प्रभाव भी उतना ही व्यापक और कभी-कभी खतरनाक हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी सूचना को बिना सत्यापन के साझा न किया जाए और समाज में जागरूकता बढ़ाई जाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### 'क्रिकेट के भगवान'



सचिन तेंदुलकर
जन्म : 24 अप्रैल, 1973

**सचिन तेंदुलकर** (जन्म : 24 अप्रैल 1973) क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। उन्हें 'लिटिल मास्टर' और 'मास्टर ब्लास्टर' और 'क्रिकेट के भगवान' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया और टेस्ट व वनडे दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में 15,000 से अधिक रन बनाने वाले वे एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि वनडे में भी 18,000 से अधिक रन उनके नाम दर्ज हैं। सचिन ने 16 वर्ष की उम्र में 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।

अपने करियर में उन्होंने 200 टेस्ट और 463 वनडे मैच खेले। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें विश्वभर में लोकप्रिय बनाया। महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन ने भी उनकी बल्लेबाजी की सराहना की थी। कोच रमाकांत आचरेकर के मार्गदर्शन में उन्होंने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा को निखारा। स्कूल क्रिकेट में विनोद कांबली के साथ 664 रन की साझेदारी उनकी शुरुआती उपलब्धियों में शामिल है। सम्मानों की बात करें तो सचिन को भारत रत्न से सम्मानित किया गया, और वे यह सम्मान पाने वाले पहले खिलाड़ी बने। इसके अलावा उन्हें राजीव गांधी खेल रत्न, पद्म विभूषण और पद्म श्री भी प्राप्त हुए। सचिन तेंदुलकर का करियर केवल रिकॉर्ड्स तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। ■



कविता

### 'कहां हो कैसे हो'

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नमिता शर्मा, शिक्षिका

**कहां** हो कैसे हो कुछ तो बताओ
कभी तो मेरा फोन उठाओ
अपने बाग बगीचे देखने के बहाने ही आओ
बच्चों का हाल ही सही पूछने तो आओ
अच्छा चलो यूं करते हैं, एक संडे रखते हैं
कुछ मैं कहूं कुछ तुम सुनाओ
बहुत कुछ सुनाना है बच्चों को भी
कभी उनका भी तो हाल पूछो
कैसे इतनी बड़ी दुनिया में संभालती हैं अपने को
कोई तो दिलासा हिम्मत दे जाओ
कहां हो कैसे हो कुछ तो बताओ
कभी ख्यालों में ही सही आ कर मुस्कुराओ

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल प्रदेश में रोजगार की स्थिति और चुनौतियां



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश रोजगार के क्षेत्र में एक विशिष्ट लेकिन चुनौतीपूर्ण स्थिति प्रस्तुत करता है। राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि, बागवानी, पर्यटन और सेवा क्षेत्र पर आधारित है, जहां लगभग 60-65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं बागवानी गतिविधियों में संलग्न है। सेब उत्पादन, जिसे अक्सर एप्पल इकोनॉमी कहा जाता है, राज्य में आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 55-60 प्रतिशत है, जबकि उद्योगों का योगदान 25-27 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 13-15 प्रतिशत है, जो यह दर्शाता है कि रोजगार के अवसरों का झुकाव सेवा क्षेत्र की ओर अधिक है।

यदि बेरोजगारी की स्थिति पर नजर डालें, तो आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी दर लगभग 5.8 प्रतिशत दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। विशेष रूप से युवाओं (15-29 वर्ष) में बेरोजगारी दर 15-18 प्रतिशत के बीच है, जो एक गंभीर सामाजिक-आर्थिक चुनौती को दर्शाती है। राज्य के रोजगार कार्यालयों के अनुसार, वर्ष 2024 तक लगभग 8 से 9 लाख शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत हैं, जिनमें से बड़ी संख्या स्नातक और परास्नातक स्तर के युवाओं की है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बीच संतुलन अभी भी स्थापित नहीं हो पाया है।

सरकारी क्षेत्र में रोजगार की स्थिति पारंपरिक रूप से मजबूत रही है, और हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरियों को अत्यधिक सुरक्षित और प्रतिष्ठित माना जाता है। वर्तमान में राज्य सरकार में लगभग 2.25 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन वित्तीय सीमाओं के कारण नई भर्तियों की गति अपेक्षाकृत धीमी रही है। इसके स्थान पर संविदा और आउटसोर्सिंग आधारित नियुक्तियों में वृद्धि देखी गई है, जिससे स्थायी रोजगार के अवसरों में कमी आई है। यह प्रवृत्ति युवाओं के बीच असंतोष का कारण भी बन रही है।

निजी क्षेत्र में औद्योगिक विकास मुख्यत: बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र तक सीमित है, जिसे एशिया के प्रमुख फार्मास्यूटिकल हब के रूप में जाना जाता है। इस क्षेत्र में लगभग 40,000 से अधिक औद्योगिक इकाइयां संचालित हो रही हैं, जो करीब 3 से 4 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। हालांकि, राज्य के अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में औद्योगिक विकास का अभाव है, जिससे क्षेत्रीय असमानता उत्पन्न होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सीमित रहते हैं। पर्यटन क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार का एक प्रमुख आधार है। वर्ष 2023 में राज्य में लगभग 1.6 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ, जिससे सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से 8 से 10 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ। शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल होटल उद्योग, ट्रैवल सेवाओं, गाइडिंग, परिवहन और स्थानीय हस्तशिल्प के माध्यम से व्यापक रोजगार अवसर उत्पन्न करते हैं। हालांकि, यह रोजगार अधिकांशत: मौसमी होता है, जिससे आय की स्थिरता एक चुनौती बनी रहती है।

स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी हिमाचल प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी पहलों के माध्यम से युवाओं को वित्तीय सहायता और सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वर्ष 2023-24 में लगभग 25,000 से अधिक युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं का लाभ मिला, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही, आईटी, एग्री-बिजनेस और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप संस्कृति भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है।

कौशल विकास रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, और इस दिशा में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2022 से 2024 के बीच लगभग 1 लाख युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। इसके बावजूद, उद्योगों की आवश्यकताओं और युवाओं के कौशल के बीच अंतर बना हुआ है, जिसे स्किल गैप कहा जाता है, और यह रोजगार के अवसरों के पूर्ण उपयोग में बाधा उत्पन्न करता है।

हिमाचल प्रदेश में महिला रोजगार की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जाती है, जहां, महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 30-35 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। महिलाएं कृषि, बागवानी, स्वयं सहायता समूहों और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दे रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उनका आर्थिक सशक्तिकरण भी हो रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

फिर भी राज्य में रोजगार सृजन कई चुनौतियों से घिरा है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियां औद्योगिक विकास को सीमित करती हैं, जबकि शिक्षित बेरोजगारी और सीमित उद्योग स्थिति को जटिल बनाते हैं। पर्यटन और कृषि पर निर्भरता के कारण रोजगार अधिकतर मौसमी रहता है, साथ ही कौशल की कमी भी एक प्रमुख समस्या है। भविष्य में ग्रीन एनर्जी, ईको-टूरिज्म, डिजिटल सेवाएं और ऑर्गेनिक खेती रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकते हैं। उचित नीतियों और निवेश से राज्य आत्मनिर्भर बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# चंबा में जल संकट की निवारक सुही माता त्याग और बलिदान की प्रतीक



सुभाष चंद कासव
गांव जौवा, डाकघर गैहरा, तहसील व जिला चंबा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश की पवित्र धरती अपनी देवपरंपरा, लोक विश्वास और त्याग-बलिदान की अमर कथाओं के लिए प्रसिद्ध रही है। इन्हीं में से एक अत्यंत प्रेरणादायक कथा है सुही माता के बलिदान की, जो नारी शक्ति, मातृत्व और समाज के प्रति समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

बहुत समय पहले हिमालय की गोद में बसा चंबा नगर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता था। इसकी स्थापना राजा साहिल वर्मन ने की थी, जो एक न्यायप्रिय और प्रजावत्सल शासक थे। राज्य में शांति और समृद्धि थी, परंतु समय के साथ एक गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई-ध्पानी की कमी। धीरे-धीरे जल स्रोत सूखने लगे, कुएं खाली हो गए और नदियों का जल नगर तक नहीं पहुंच पा रहा था। लोग पीने के पानी के लिए दूर-दूर भटकने लगे। इस संकट का सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और किसानों पर पड़ा। महिलाएं घंटों पानी ढोने में लगी रहतीं, खेत सूखने लगे और पशु-पक्षी भी प्यास से व्याकुल हो गए। पूरा नगर संकट में डूब गया। राजा ने समस्या के समाधान के लिए कई प्रयास किए, लेकिन कोई भी उपाय सफल नहीं हो सका। राजा दिन-रात इसी चिंता में डूबे रहते कि उनकी प्रजा इस संकट से कैसे उबरेगी। राजा ने विद्वान ज्योतिषियों और तांत्रिकों को भी बुलाया, परंतु सब व्यर्थ रहा।

अंतत: रात के समय जब राजा सो रहे थे तो उन्हें एक स्वप्न हुआ जिसमें एक चौंकाने वाली बात सामने आई कि यदि चंबा नगर में स्थायी रूप से जल लाना है, तो इसके लिए एक महान बलिदान आवश्यक होगा। यह बलिदान राजपरिवार की किसी महिला का होना चाहिए। यह सुनते ही पूरा दरबार स्तब्ध रह गया। राजा के लिए यह निर्णय अत्यंत कठिन था। वे अपनी प्रजा को बचाना चाहते थे, लेकिन किसी अपने को बलिदान देना उनके लिए असंभव जैसा था। राजा साहिल वर्मन की रानी सुही अत्यंत धर्मपरायण, दयालु और साहसी थीं। वे अपनी प्रजा को परिवार के समान मानती थीं। जब उन्हें यह ज्ञात हुआ कि जल संकट दूर करने के लिए किसी पवित्र आत्मा के बलिदान की आवश्यकता है, तो उन्होंने इसे अपना कर्तव्य समझा। उनके मन में एक ही विचार था-यदि उनके त्याग से हजारों लोगों का जीवन बच सकता है, तो यह सर्वोच्च धर्म होगा। उन्होंने दृढ़ता से राजा से कहा, 'महाराज, प्रजा का जीवन हमारे जीवन से अधिक महत्वपूर्ण है। यदि मेरे बलिदान से यह संकट समाप्त होता है, तो मैं स्वयं को समर्पित करती हूं।'

राजा स्तब्ध रह गए और उन्हें समझाने का प्रयास किया, परंतु रानी अपने निर्णय पर अडिग रहीं। यह केवल साहस नहीं, बल्कि मातृत्व और कर्तव्य के बीच कठिन संघर्ष का उदाहरण था। उनका एक छोटा पुत्र भी था, जिसे छोड़ना उनके लिए अत्यंत पीड़ादायक था, फिर भी उन्होंने राज्य के भविष्य को प्राथमिकता दी। निर्धारित दिन रानी ने स्नान, पूजा और ईश्वर से प्रार्थना की। सादगी धारण कर वे उस स्थान पर पहुंचीं जहां जल स्रोत लाने का कार्य चल रहा था। पूरे नगर में शोक और श्रद्धा का वातावरण था। अंतिम प्रार्थना के साथ उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया।

कहते हैं, उसी क्षण वहां से जलधारा फूट पड़ी और चंबा नगर को जीवनदान मिला। सूखे स्रोत फिर बहने लगे और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। रानी सुही को देवी के रूप में पूजने लगे और वह 'सुही माता' के नाम से प्रसिद्ध हुईं।

आज भी चंबा में सुही माता मंदिर आस्था का केंद्र है। हर वर्ष बैसाखी के अवसर पर सुही मेला आयोजित होता है, जिसमें विशेष रूप से महिलाएं भाग लेती हैं, लोकगीत गाए जाते हैं और उनके बलिदान को याद किया जाता है। यह मेला नारी शक्ति, त्याग और समर्पण का जीवंत प्रतीक है। सुही माता की कथा हमें सिखाती है कि सच्ची महानता दूसरों के लिए जीने में है। त्याग, कर्तव्य और प्रेम ही जीवन के सर्वोच्च मूल्य हैं, और यही संदेश इस अमर गाथा को सदियों से प्रेरणादायक बनाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# भारतीय शतरंज का उदय : वैशाली की ऐतिहासिक जीत और उज्ज्वल भविष्य



हंसराज ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

शतरंज एक प्राचीन और बुद्धिमत्ता का खेल है, जिसकी उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। आज के आधुनिक युग में भारत ने इस खेल में एक नई पहचान बनाई है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारतीय शतरंज का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल और संभावनाओं से भरा हुआ है।

पहले डी.गुकेश ने कैंडिडेट्स जीत कर विश्व शतरंज में परचम लहराया, अब आर. वैशाली कैंडिडेट्स जीत कर, उसी नक्शे कदम पर है । विगत 28 मार्च से 16 अप्रैल तक महिला फीडे कैंडिडेट शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन स्थल केप सेंट जॉर्ज होटेल एंड रिसोर्ट पेजिया साइप्रस में संपन्न हुआ।

महिला कैंडिडेट प्रतियोगिता में कुल आठ राउंड खेले गए, जिसमें भारत की रमेश बाबू वैशाली ने पांच जीतों के साथ 14 में से 8.5 अंक प्राप्त कर महिला कैंडिडेट विजेता बनने का इतिहास रचा। भविष्य में इसी साल के अंत तक आर.वैशाली जू बेनजून को महिला विश्वकप के लिए चुनौती देंगी। इस बार भारत के पास ओपन वर्ग व महिला वर्ग, दोनों विश्व खिताब मुकाबलों में प्रतिनिधित्व करने का मौका होगा। जू बेनजुन पांच बार की विश्व चैंपियन हैं। यह मुकाबला इस साल के अंत में खेला जाएगा , जिसमें लगभग दो करोड़ सतर लाख की इनामी राशि दांव पर होगी।

वहीं, कैंडिडेट्स जीतने पर वैशाली ने लगभग 25 लाख की राशि सुनिश्चित कर ली है। यह जीत भारतीय शतरंज में एक बड़ा मील का पत्थर मानी जा रही है।

वैशाली ने पूरी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और तान झुंगोई, अलेक्शंद्रा गोरियाचाकिना जैसी मजबूत खिलाड़ियों चीन की खिलाड़ी के साथ दो हार का भी सामना करना पड़ा। अब वैशाली को चीन की पूर्व विश्व चैंपियन जू बेनजून के साथ विश्व महिला खिताब के लिए तैयारी करनी होगी। चीन की बादशाहत में सेंध लगाना ही वैशाली को महिला विश्व शतरंज खिताब दिलाएगा।

भारतीय शतरंज में हाल के वर्षों में अभूतपूर्व उभार देखने को मिला है, और इसमें युवा प्रतिभाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आर. वैशाली की ऐतिहासिक सफलता ने भारत को वैश्विक शतरंज पर नई पहचान दिलाई। अंतिम राउंड में दिव्या देशमुख ने कजाकिस्तान की बिबीसारा अस्सौऊबायेवा को ड्रॉ पर रोककर वैशाली की राह आसान की। दिव्या स्वयं 5.5 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता में आठ शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें भारत, चीन, रूस, कजाकिस्तान और यूक्रेन की प्रतिनिधि शामिल थीं। हालांकि कोनेरू हम्पी के नाम वापसी लेने के कारण अन्ना मुजीचुक को अवसर मिला। भारत की नई पीढ़ी-डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरीन और दिव्या देशमुख-विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। इनकी सफलता के पीछे विश्वनाथन आनंद का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, जिन्होंने भारत में शतरंज की मजबूत नींव रखी। महिला वर्ग में भी हरिका द्रोणावल्ली और कोनेरू हम्पी जैसी खिलाड़ियों ने प्रेरणा दी है।

साथ ही, Chess.com और Lichess जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस खेल को व्यापक बनाया है। वैशाली की उपलब्धि भारत के शतरंज महाशक्ति बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह जीत युवाओं, विशेषकर लड़कियों के लिए प्रेरणा है और दर्शाती है कि समर्पण व मेहनत से वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। सरकार और विभिन्न खेल संस्थाओं द्वारा दिए जा रहे समर्थन ने भी भारतीय शतरंज को मजबूती प्रदान की है। नई अकादमियों, प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और प्रदर्शन दोनों बढ़ रहे हैं। फिलहाल भारत में उच्च स्तरीय शतरंज प्रशिक्षण का अभाव है, उम्मीद है कि आखिल भारतीय शतरंज महासंघ इस दिशा में जरूर ध्यान देगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




# नारी को समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार क्यों नहीं दिए जाते?



डॉ. पीसी कौंडल
गांव ददोह, डा. धावन, तहसील बल्ह जिला मंडी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नारी का न केवल भारत बल्कि समूचे विश्वभर में विशेष स्थान रहा है। नारी मां है, बहन है, बेटी है, पत्नी है। क्या नारी के बिना मानव संसार की कल्पना की जा सकती है? नारी के बिना मानव रचना असंभव है। नारी ही बच्चे को जन्म दे सकती है। वह बच्चे को जन्म ही नहीं देती बल्कि उसका पालन पोषण भी करती है और अपनी सारी ममता बच्चे पर न्योछावर कर देती है। बच्चा भले ही बेटा हो या बेटी, वह तो मां के कलेजे का टुकड़ा होता है। मां के गर्भ में भ्रूण पलता है। भ्रूण बेटा है या बेटी, इसके लिए नारी अथवा पत्नी जिम्मेदार नहीं होती। जिम्मेदार तो पति को भी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि यह सब तो परमात्मा के हाथ में होता है, लेकिन जब पत्नी बेटी को जन्म देती है तो पति और उसके सास-ससुर, पत्नी को ही जिम्मेदार ठहराते हैं और बेटी को जन्म देने के लिए उसके ऊपर जुल्म ढाना शुरू कर देते हैं, क्योंकि उन्हें बेटी की नहीं बेटे की चाह होती है। इसके लिए पत्नी किसी भी रूप में दोषी नहीं होती, इसलिए बेटी को जन्म देने के लिए पत्नी को दोषी ठहराना उचित नहीं है। आज हमारे समाज में बेटी का पैदा होना अच्छा नहीं समझा जाता। नारी के गर्भ ठहर जाने पर यह जानने की कोशिशें की जाती हैं कि उसके गर्भ में पल रहा बच्चा बेटा है या बेटी। अगर बेटा है तो सारा परिवार खुश नजर आता है, अगर बेटी हो तो घर परिवार में मातम सा छा जाता है और उसे गर्भ में ही मार देने की कोशिश की जाती है या फिर जन्म लेते ही मार दिया जाता है। अगर कोई बेटी किसी कारण बच जाती है, उसका पूरा बचपन दुखों और जुल्मों का सामना करने में ही निकल जाता है।

यहां तक कि हमारा समाज बेटियों को बेटों के बराबर न प्यार देता है, न शिक्षा और न उन्हें बेटों की तरह घूमने फिरने की इजाजत ही दी जाती है। उन्हें मात्र चारदिवारी में ही बंद करके रखा जाता है और उस पर अनेक प्रकार के अंकुश लगा दिए जाते हैं। बेटी जहां भी जाती है, उस पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। अगर किसी लड़के से उसे बात करते हुए देख लिया जाता है तो पता नहीं क्या क्या दोष और पाप उसके सिर पर उसके अपने ही माता पिता द्वारा मढ़ने का प्रयास किया जाता है। बेटे भले ही पूरी पूरी रातभर जहां चाहे रहें और जो मर्जी चाहे करें उन्हें पूछा तक नहीं जाता। आखिर यह लड़का लड़की में अनावश्यक असमानता कहां से आ टपकी। बेटे के जन्म पर खुशियां मनाई जाती हैं। आस पड़ोस में मिठाइयां बांटी जाती हैं और ढोल धमाकों से नाच गाने किए जाते हैं। हर साल बेटे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है जबकि बेटी के जन्म पर मातम छा जाता है, न कोई ढोल नगाड़े, न नाच गाने और न हर साल उसका जन्म दिन मनाया जाता है। आखिर ऐसा भेदभाव क्यों? ऐसा व्यवहार देखकर बेटियों के अंदर अपने माता पिता,भाई बहनों के प्रति हीन भावना पनपने लगती है। नारी सृष्टि की आधारशिला है, जो जीवन, प्रेम और त्याग की प्रतीक है। वह बेटी, बहू, पत्नी और मां के रूप में समाज को संवारती है, फिर भी उसे समान सम्मान नहीं मिल पाता। यह विडंबना है कि कई बार नारी ही नारी के प्रति कठोर हो जाती है, जबकि उसे सहयोग और संवेदनशीलता का उदाहरण बनना चाहिए। इतिहास और वर्तमान दोनों इस बात के साक्षी हैं कि नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है-चाहे वह राजनीति, विज्ञान, शिक्षा या प्रशासन हो। रानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी और प्रतिभा पाटिल जैसी महिलाओं ने अपनी क्षमता सिद्ध की है। समाज को यह समझना होगा कि स्त्री-पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना समय की आवश्यकता है। जब नारी को सम्मान, समानता और अवसर मिलेगा, तभी एक संतुलित और समृद्ध समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तत्तापानी की मोनिका बनी टीजीटी नॉन-मेडिकल



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी के तत्तापानी की होनहार बेटी मोनिका ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा आयोजित टीजीटी नॉन-मेडिकल परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोनिका ने अपनी प्रारंभिक उच्च शिक्षा संजौली कॉलेज से बीएससी में पूरी की। इसके बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एमएससी भौतिक विज्ञान और बीएड की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने गेट जैसी कठिन परीक्षा भी सफलतापूर्वक पास कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मोनिका ने यह सफलता अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर हासिल की है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। वहीं, क्षेत्र के लोगों ने भी मोनिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### चंबानौन में 147 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के डॉ. हेमलता के मार्गदर्शन में चंबानौन क्षेत्र में एक बहु-विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर की अगुवाई डॉ. भावना ने अपनी टीम के साथ की, जिसमें चिकित्सकों के साथ-साथ एपीओ, सीएचओ और सी-4 स्टाफ भी शामिल रहे। शिविर के दौरान कुल 147 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। विभिन्न रोगों से संबंधित जांच एवं दवाइयों की व्यवस्था भी मौके पर ही की गई, जिससे क्षेत्रवासियों को विशेष लाभ मिला। इसके अतिरिक्त, शिविर में 'स्वर्ण प्राशन' कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया तथा उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

### बस में युवक 2 ग्राम हेरोइन समेत दबोचा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के थाना औट पुलिस ने एनएच-03 पर खोतीनाला के पास गश्त के दौरान एक प्राइवेट बस (एचपी65-4633) की रूटीन चैकिंग के दौरान एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से करीब 2 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान अजय कुमार (22 वर्ष), निवासी पधर, जिला मण्डी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है ताकि नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके। एसपी मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### मारपीट व धमकी के आरोप में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के थाना सरकाघाट में तारा चंद (53 वर्ष), निवासी रौहण, तहसील सरकाघाट की शिकायत पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार गौन्टा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपी की पहचान विपन ठाकुर उर्फ मोंटू, निवासी बनवाड़ के रूप में हुई है। पीड़ित के अनुसार घटना के दौरान उसे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण भी करवाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### सुंदरनगर में वृद्ध पर डंडे से किया हमला

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी के थाना सुंदरनगर में शुंका राम (78 वर्ष), निवासी गांव ध्वाल, तहसील सुन्दरनगर की शिकायत पर मारपीट, गाली-गलौच और जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार सामान वापसी को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और डंडे से हमला किया, जिससे उसे चोटें आई हैं। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शिकायतकर्ता का चिकित्सीय परीक्षण भी करवाया गया है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है तथा मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने गौतम का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग हिमाचल प्रदेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्रपाल गौतम के हिमाचल आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। प्रदेश प्रवक्ता शिवानी चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीवन कुमार के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नरोतम राम, जिला अध्यक्ष रघुबीर सिंह भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार, मदन लाल डोगरा, रामस्वरूप, सलामदीन और क्षितिज गिल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौतम ने संगठन सृजन को गति देने का संकल्प दोहराते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनके आगमन से प्रदेश में संगठन निर्माण को नई दिशा मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।



### मोटर वाहन व अन्य अधिनियमों के तहत सैकड़ों चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों और अन्य अधिनियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 392 चालान किए हैं। इसके अलावा कोटपा के तहत 55 चालान कर 5500 रुपए जुर्माना वसूला गया, जबकि माइनिंग एक्ट के तहत 6 चालान किए गए। पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्ती जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि की है।

# संधोल आईटीआई के समीप वाटर स्टोरेज टैंक राहगीरों के लिए बना 'मौत का कुआं'

## ठेकेदार ने अस्थायी रूप से टीन की चादरों से ढका गया था टैंक

अनंत ज्ञान

◆ अब ढांचा जर्जर होकर बना है हादसों का सबब




वाटर स्टोरेज टैंक।

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** आईटीआई संधोल के समीप निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा बनाया गया वाटर स्टोरेज टैंक अब राहगीरों और स्थानीय लोगों सहित आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए गंभीर खतरा बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण के समय इस टैंक को अस्थायी रूप से टिन की चादरों से ढका गया था, लेकिन अब यह ढांचा जर्जर हो चुका है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से आईटीआई के प्रशिक्षु, आसपास के बच्चे और आम लोग रोजाना गुजरते हैं। इसके अलावा गांव के लोग अपने मवेशी चराने भी इसी क्षेत्र में आते हैं, जिससे जानवरों के गिरने का भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह टैंक किसी की जान ले सकता है। इतना ही नहीं, ठेकेदार द्वारा निर्माण के दौरान श्मशानघाट की ओर जाने वाले पुराने रास्ते को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसे आज तक ठीक नहीं किया गया है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय बलयाली गांव के लोगों ने आईटीआई प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक टैंक को तुरंत सुरक्षित किया जाए और क्षतिग्रस्त रास्ते का पुनर्निर्माण करवाया जाए, ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

उधर, आईटीआई संधोल के प्रधानाचार्य लेख राज ने बताया कि वे छुट्टी पर है स्थिति देख कर इस टैंक को सुरक्षित करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएंगे।

# सुंदरनगर अस्पताल के शौचालय की हालत खस्ता

अनंत ज्ञान

◆ स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से की जांच और मरम्मत की मांग



**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर अस्पताल के विशाल भवन का एक बड़ा हिस्सा जर्जर हालत में है जहां खासकर नीचे की ओर से वर्षों से पानी का रिसाव आने की सूचना है जिससे नीचे की ओर का पलस्तर काला नीला पड़ गया है, जो बदसूरत तो हो ही गया है साथ ही खतरनाक कीटाणु से भरा भी लगता है।

इस ओर कई बार ध्यान दिलाया गया मगर सुधार के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया। यही नहीं जर्जर हालत के चलते अब फटेहाल में दरवाजे वाला पक्का स्थान भी टूट-फूट गया है, जिससे साफ साफ देखा जा सकता है कि दरवाजा बाहर आने में अब ज्यादा देर नहीं लगेगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि गुणात्मक कार्य के नाम पर यह कार्य कितना ठीक हुआ है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि अस्पताल संबंधी कार्य की जांच कर उत्पन्न हुई बदहाली का सुधारात्मक कार्य किया जाए।

# बीडीओ कार्यालय परिसर सुंदरनगर में कुत्तों का आतंक

## गंदगी से अटे पड़े कार्यालय परिसर में अब यह कमी भी हो गई पूरी

अनंत ज्ञान



बीडीओ कार्यालय परिसर में बैठे कुत्ते। अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** एक ओर जहां पिछले कई वर्षों से शहर एवं गांव में बेसहारा पशुओं की लगातार वृद्धि हो रही है वहीं शहरी क्षेत्र सुंदरनगर स्थित बीडीओ कार्यालय सुंदरनगर परिसर के एक कोने में आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड मंडराते नजर आ रहे हैं जिससे डरे सहमे होने का माहौल व्याप्त है।

सूचना मिली है कि बीडीओ कार्यालय के बाहर यानी आते-जाते रास्ते कई तरह की गंदगी से बुरी तरह अटे पड़े हैं, जिससे प्रदूषण फैलने का सिलसिला लंबा हो चला है। अब आवारा कुत्ते अंदर तक घुस आए हैं, जिससे कार्यालय आदि काम से आने वाले लोग भयभीत हालत में देखे जा सकते हैं। लोगों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि नगर परिषद के अंतर्गत आते इस कार्यालय परिसर आदि को शीघ्र ही आवारा कुत्तों से मुक्त करवाया जाए।

# तहसील कार्यालय करसोग में आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायत कक्ष स्थापित

**अनंत ज्ञान, करसोग।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि नगर पंचायत करसोग चुनाव के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश नगर निकाय अधिनियम, 1994 की धारा 281(ए) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तहसीलदार कार्यालय करसोग में आदर्श आचार संहिता से संबंधित एक शिकायत कक्ष स्थापित किया गया है। जहां दूरभाष नंबर 96252-64357 और 93171-35004 पर आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतें दर्ज करवाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायतों को प्राप्त करने और उनका निवारण करने के लिए कक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत करसोग में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संबंधी प्रक्रिया संपन्न करवाने के उद्देश्य से एसडीएम कार्यालय करसोग में नगर पंचायत चुनाव संबंधी कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 01907222236 है। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी इस दूरभाष नंबर पर हासिल की जा सकती है।

# सिया को न्याय दिलाने के लिए काम करेंगे सभी संगठन : सिंघा

अनंत ज्ञान



सिया के घर पहुंचा माकपा का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गोपालपुर क्षेत्र के नैण गांव में दिवंगत सिया गुलेरिया के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को इस कठिन समय में हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और सिया को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक राकेश सिंघा, संजय चौहान सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। परिवार से मिलते समय राकेश सिंघा भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक सके। माकपा नेताओं ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में एसएफआई का राष्ट्रीय नेतृत्व क्षेत्र का दौरा करेगा और संगठन की ओर से परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही सिया की स्मृति में स्मारक, लाइब्रेरी या ट्रस्ट बनाने का भी निर्णय लिया जाएगा, ताकि समाज में जागरूकता फैलाई जा सके।

उन्होंने कहा कि सिया के बलिदान को भुलाया नहीं जाएगा और हर वर्ष 13 अप्रैल को 'सिया शहीदी एवं बालिका सुरक्षा दिवस' के रूप में मनाने का प्रस्ताव है। प्रतिनिधिमंडल ने घटना के दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए निष्पक्ष जांच की मांग की और विश्वास जताया कि पुलिस न्याय सुनिश्चित करेगी।

# शिक्षा विभाग के फैसले पर भाषाई अध्यापक संघ नाराज

अनंत ज्ञान

◆ शत-प्रतिशत परिणाम पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण, निदेशालय स्तर पर मूल्यांकन की मांग

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषाई अध्यापक संघ ने निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े समाचार पर विरोध जताया है। संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, महासचिव अर्जुन सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. ललित, संस्थापक नरेंद्र कुमार शर्मा सहित जिला पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इससे शिक्षक वर्ग आहत हुआ है।

हेमराज ठाकुर ने कहा कि जिला मंडी में कक्षा पांचवीं और आठवीं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम उपलब्धि है, लेकिन इस पर असंतोष जताना शिक्षकों के परिश्रम पर सवाल है। विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसे बयानों से क्या संदेश देना चाहता है। उन्होंने कहा कि कम परिणाम पर शिक्षकों से जवाब तलब होता है, वहीं शत-प्रतिशत परिणाम पर भी संदेह जताना दोहरी नीति है। इससे शिक्षकों का मनोबल प्रभावित होता है।संघ ने कहा कि यदि 'रिटेंशन पॉलिसी' के तहत विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण करना है तो विभाग स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे। विधिवत परीक्षा के बाद शत-प्रतिशत परिणाम पर सवाल उठाना उचित नहीं।

संघ के अनुसार, यदि 'रिटेंशन' नीति लागू होती है तो परीक्षा स्कूल शिक्षा बोर्ड के नियमों के तहत हो और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को उसी कक्षा में रखा जाए। संघ ने जिला मंडी के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की इस उपलब्धि को सराहनीय बताते हुए कहा कि इसे सकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इस तरह की टिप्पणियां शिक्षकों के सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। संघ ने मांग की है कि शिक्षा विभाग इस प्रक्रिया को वापस ले और शिक्षकों को निर्बाध रूप से कार्य करने का अवसर दे। साथ ही कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन विभाग कर सकता है और लापरवाही पर कार्रवाई भी उसके अधिकार क्षेत्र में है, लेकिन ऐसे बयान मीडिया में देना उचित नहीं।

# एमसी चुनाव के लिए एसडीएम सदर मंडी कार्यालय में बनाया कंट्रोल रूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम चुनाव के सुचारु संचालन के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उप मंडल दंडाधिकारी, सदर मंडी रूपिंद्र कौर द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम एसडीएम कार्यालय, सदर मंडी में कार्य करेगा, जहां से चुनाव संबंधी गतिविधियों की निगरानी तथा आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। कंट्रोल रूम के लिए दूरभाष नंबर 01905-225207 जारी किया गया है, जिस पर आमजन तथा संबंधित अधिकारी आवश्यकता अनुसार संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी के रूप में अधीक्षक कार्यालय एसडीएम सदर मंडी के फतेह सिंह को नियुक्त किया गया है। उनका मोबाइल नंबर 9817666045 है। कंट्रोल रूम के संचालन में सहयोग के लिए वरिष्ठ सहायक प्रवीण कुमार तथा जेओए (आईटी) जगदीश को तैनात किया गया है। ये दोनों अधिकारी कंट्रोल रूम में आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक सहायता उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी सूचनाओं का आदान-प्रदान, शिकायतों का त्वरित निपटारा तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

# पूर्व अर्द्धसैनिक कर्मियों के हित में लिए अहम फैसले

अनंत ज्ञान



बैठक में मौजूद पूर्व अर्द्धसैनिक बल के कर्मचारी।

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश में पूर्व अर्द्धसैनिक बल कर्मियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों को लेकर भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण समिति की कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय शिमला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एसएस हार्टा (पूर्व आईजी) ने की, जिसमें बीते वर्ष की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में जिला मंडी में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की स्वीकृति को बड़ी उपलब्धि बताया गया, जिससे पूर्व कर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही प्रमुख मेडिकल कॉलेजों और पीजीआई में विशेष काउंटर स्थापित करने तथा सीजीएचएस कार्ड धारकों को कैशलैस सुविधा देने जैसे फैसलों पर भी संतोष जताया गया।

हार्टा ने बताया कि जिला और तहसील स्तर पर मोबाइल कैंटीन सेवा को दोबारा शुरू करने के लिए आईटीबीपी मुख्यालय स्तर पर प्रयास जारी हैं। बैठक में हेमंत धीमान (उप-महानिरीक्षक, सेवानिवृत्त), बीएस ससवाल (सेनानी, सेवानिवृत्त) सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अर्थ-डे पर एमएलएसएम कॉलेज में पर्यावरण का दिया संदेश




कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स व स्टाफ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के रसायन विभाग ने विश्व पृथ्वी दिवस-2026 को 'आवर पावर-आवर प्लेनेट' थीम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक सोच का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। इस दौरान विभाग ने विशेष अभियान चलाकर प्रयोगशाला में रसायनों और उपकरणों के वैज्ञानिक रखरखाव पर जोर दिया। साथ ही मृदा विश्लेषण जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को पर्यावरणीय जिम्मेदारी का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया।

एमएससी रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रयोगशाला सहयोगियों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज प्रबंध समिति की अध्यक्ष प्रो. राधिका चोपड़ा उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए मृदा विश्लेषण के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें वैज्ञानिक गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सेठी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, जबकि डॉ. नेहा सेन ने पृथ्वी दिवस के महत्व को सरल ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के नारों के साथ हुआ, जिससे पूरे परिसर में जागरूकता का संदेश फैल गया। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य प्राध्यापक और स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

**पत्रकार वार्ता**

## महिला आरक्षण बिल पर चंद्रशेखर का भाजपा पर हमला, बोले-

# महिला आरक्षण की आड़ में पुरुषवादी मानसिकता बढ़ा रही भाजपा

अनंत ज्ञान



मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक चंद्रशेखर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** कांग्रेस के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल की आड़ में भाजपा अपने पुरुषवादी एजेंडे को लागू करने की फिराक में थी, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने यह साबित कर दिया कि विपक्ष की आवाज को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि महिला आरक्षण का पहला संशोधन वर्ष 1996 में पारित हो गया था। मगर उस समय की विपक्षी पार्टी के रूप में भाजपा ने इसमें ओबीसी को शामिल करने की बात कर अड़ंगा अड़ा दिया। उन्होंने कहा कि 1976 में जनसंख्या नियंत्रण को आधार मान कर 25 सालों के भीतर इसे लागू करने की बात कही गई थी, लेकिन 2021 में कोरोना की वजह से देश में गणना नहीं हो पाई, जबकि कोरोना का टीकाकरण के चलते 220 करोड़ वैक्सीन लगाई गई। इसके बावजूद सौ करोड़ आबादी का डिजिटलाइजेशन नहीं हो पाया।

उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या के आधार पर इस बिल को लागू करने की कवायद की जाती तो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा 138 सीटें मिलती, जबकि दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के राज्य इस मामले में पिछड़ जाते। जिसके दूरगामी परिणाम होते। देश के सात राज्यों में इसका नुकसान होता।

चंद्रशेखर ने कहा कि दरअसल भाजपा का उद्देश्य महिला आरक्षण बिल लागू करना नहीं था। चार राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के दौरान संसद में यह बिल लाकर भाजपा चुनावी फायदा लेने की फिराक में थी। जिस तरह से बंगाल में एसआरसी लागू करके सियासी फायदा उठाना चाहती थी।

उन्होंने कहा कि इसके पश्चात संसद में सांसदों की संख्या 850 होनी थी, जिसमें 567 के करीब पुरुष और 283 के करीब महिला सांसद होनी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी पुरुषवादी सोच से कब बाहर निकलेगी। बीस राज्यों में सत्ता में होने के बावजूद एक ही मुख्यमंत्री महिला है, जो बिल संसद में पेश किया गया वह भी महिलाओं के लिए नहीं था। इसमें भी मात्र 102 सीटों में बढ़ोतरी महिलाओं के लिए होनी थी, जबकि 205 सीटें पुरुषों की बढ़नी थी। महिला आरक्षण के नाम पर पुरुष सांसदों की सीटें बढ़ने जा रही थी।

उन्होंने कहा कि 74 संविधान संशोधन में कांग्रेस ने पंचायतों और नगर निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया था, जबकि भाजपा ने जिस आरक्षण का विवाद बीच चुनाव में उठाया उसका मकसद राजनीतिक एजेंडा हासिल करना था। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत में खोट था, इसलिए सर्वदलीय बैठक भी नहीं बुलाई गई और न ही विपक्ष को विश्वास में भी नहीं लिया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जल बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नेत्र जांच शिविर में 112 लोगों ने करवाया चेकअप



नेत्र जांच शिविर में उपस्थित लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**करसोग।** बिलासपुर जिला के नयना देवी क्षेत्र के अंतर्गत गुरु का लाहौर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में कार्निया केंद्र चंडीगढ़ द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 112 लोगों की आंखों की जांच की गई।

शिविर का संचालन प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. राजन शर्मा और उनकी अनुभवी टीम ने किया। इस अवसर पर श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा तथा पंचायत प्रधान लक्की भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस शिविर में सलोआ, खाल, सरन, ठाणा और टिब्बा सहित आसपास के गांवों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं, जबकि जिन लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई, उन्हें मुफ्त चश्मे उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई। डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि सफेद मोतियाबिंद का इलाज केवल ऑपरेशन से संभव है, जबकि काले मोतियाबिंद का प्रभावी इलाज अभी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने आंखों की नियमित जांच को जरूरी बताते हुए लोगों को जागरूक किया। शिविर के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

# कुएं में कूदकर महिला ने दी जान, दो मासूम बेटियां हुईं अनाथ, ठठल में मातम

अनंत ज्ञान

**बड़ूही/ऊना।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत ठठल के वार्ड नंबर 9 में एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। यहां एक महिला ने कुएं में कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान रजनी (पत्नी स्वर्गीय हरजिंदर सिंह) के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रजनी के पति हरजिंदर सिंह की कुछ वर्ष पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पति के निधन के बाद से ही रजनी मानसिक तनाव से गुजर रही थी और उसका जीवन काफी संघर्षपूर्ण हो गया था। बताया जा रहा है कि वीरवार को रजनी ने घर के पास स्थित कुएं में अचानक छलांग लगा दी। घटना का पता चलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे व कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। उसे तुरंत सिविल अस्पताल अंब ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रजनी पहले भी आत्महत्या का

**◆ पति की पहले हो चुकी थी मौत, मानसिक तनाव से जूझ रही थी महिला**

प्रयास कर चुकी थी। अपने पीछे वह दो छोटी बेटियों को छोड़ गई है, जिनके सिर से पहले ही पिता का साया उठ चुका था। मां के निधन के बाद दोनों बच्चियां पूरी तरह बेसहारा हो गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में गहरा दुख व संवेदना का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा व मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति मानसिक तनाव से जूझ रहा हो, तो उसकी मदद करना बेहद जरूरी है। समय पर संवाद और सहयोग कई अनहोनी घटनाओं को रोक सकता है।

# उपमुख्यमंत्री ने बालीवाल में 1.34 करोड़ से निर्मित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बालीवाल में 1.34 करोड़ की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का शिलान्यास किया।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से आसपास के गांवों के हजारों लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होंगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को उपचार के लिए दूरस्थ क्षेत्रों का रुख न करना पड़े और समय पर इलाज सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि एक समय हरोली क्षेत्र बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से जूझता



उपमुख्यमंत्री प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास करते हुए।

था, लेकिन आज यह क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण की एक मजबूत मिसाल बन चुका है। स्वास्थ्य संस्थानों की सुदृढ़ श्रृंखला स्थापित होने से ग्रामीणों को अब घर के समीप ही बेहतर इलाज उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि 100 बिस्तरों की क्षमता वाले सिविल अस्पताल हरोली में शिशु रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, मेडिसीन, एनेस्थीसिया, त्वचा रोग, सर्जरी श्व माइक्रोबायोलॉजी जैसी विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ नर्सों की तैनाती के साथ अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी आधुनिक सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए लगातार बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में 3.69 करोड़ की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीटन का लोकार्पण किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं।

इसके अलावा 1.02 करोड़ की लागत से तैयार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठारबीत भी जनता को समर्पित किया जा चुका है। इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार, नियमित जांच व आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से मिल रही हैं। इसके अलावा भी दुल्हेड़, भदसाली, कुंगड़त में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पंजावर, पालकवाह, बढ़ेड़ा, कुठारबीत, बालीवाल, बाथड़ी और खड्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 1.17 करोड़ की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलोह का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा लोगों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र को विकास और जनसेवा का आदर्श मॉडल बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं पर समान रूप से कार्य किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को उसके घर-द्वार के निकट बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आए।

# झंडूता में जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ी मेले का भव्य शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बैहरन ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ी मेले का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर व उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

मेले की शुरुआत से पहले नरसिंह मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो झंडूता बाजार से होते हुए मेला स्थल बैहरन ग्राउंड तक पहुंची। शोभायात्रा में महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों व भक्ति गीतों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। मेला स्थल पर पारंपरिक रस्मों के तहत खूंटा गाड़ने व बैल पूजन के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। नलवाड़ी मेले में बैल पूजन की परंपरा विशेष महत्व रखती है, जिसे किसानों की समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। मेले में विभिन्न विभागों और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा प्रदर्शनियां लगाई गई हैं, जिनमें कृषि, हस्तशिल्प, लोक कला, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण विकास से संबंधित जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीण खेलकूद व अन्य लोक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस बार बैहरन ग्राउंड में पहली बार जिला स्तरीय स्तर पर मेले का आयोजन होने से स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मेला 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन द्वारा मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, जबकि स्थानीय व्यापार मंडल और आमजन भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नप के सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र अधिसूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के जारी निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद बिलासपुर के सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत विभिन्न वार्डों के लिए मतदान केंद्र अधिसूचित कर दिए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम बिलासपुर सदर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार वार्ड एक निहाल के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (कन्या) बिलासपुर, वार्ड दो स्टेडियम के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) बिलासपुर, वार्ड तीन रौड़ा के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला रौड़ा तथा वार्ड चार गुरुद्वारा के लिए एमसी रेस्ट हाउस बिलासपुर को मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी तरह जहां वार्ड पांच मुख्य बाजार के लिए किसान भवन बिलासपुर, वार्ड छह कोसरियां के लिए डिग्री कॉलेज बिलासपुर, वार्ड सात चंगर के लिए राजकीय माध्यमिक पाठशाला चंगर तथा वार्ड आठ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के लिए राजकीय माध्यमिक पाठशाला डियारा को मतदान केंद्र अधिसूचित किया गया है। वहीं, वार्ड नौ टाउन हॉल के लिए नगर परिषद कार्यालय बिलासपुर, वार्ड दस धोलरा के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय डियारा तथा वार्ड ग्यारह लखनपुर के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला लखनपुर को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद कार्यालय बिलासपुर के कम्युनिटी हॉल को मतगणना केंद्र, जबकि नगर परिषद के रैहन बसेरा के कमरा नम्बर-एक को स्ट्रांग रूम अधिसूचित किया गया है।

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा में विश्व पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाइस प्रिंसिपल अनिल कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर की। विद्यार्थियों ने 'पेड़ लगाओ, जल बचाओ' जैसे नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली का नेतृत्व प्रवक्ता राजकुमार ने किया, जिसमें बच्चों ने बाजार में जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'जलवायु साक्षरता व पर्यावरण' रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से अवगत कराया गया। स्थानीय लोगों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### 25 को होगा कुलदीप के काव्य संग्रह का विमोचन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ, हिमाचल प्रदेश इकाई द्वारा हिंदी के प्रमुख कवि कुलदीप शर्मा के नए कविता संग्रह 'आत्महत्या से बचे हुए लोग' का विमोचन 25 अप्रैल को जिला कल्याण विभाग सभागार में होगा। महासचिव देवेंद्र धर ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित कवि व साहित्यकार शामिल होंगे। पहले सत्र की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी, जिसमें लोकार्पण, शोध पत्र वाचन व परिचर्चा आयोजित होगी। 172 पृष्ठों के इस संग्रह में लगभग 75 कविताएं हैं, जो हाशिये पर खड़े लोगों की पीड़ा व संघर्ष को अभिव्यक्त करती हैं। स्थानीय साहित्यकार भी कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### 3 साल बाद झंडूत्ता में सीडीपीओ पद पर स्थायी नियुक्ति

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** बाल विकास परियोजना झंडूत्ता में लगभग तीन वर्षों से खाली चल रहे बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के पद पर अब स्थायी रूप से पवन कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। करीब तीन साल पहले पूर्व सीडीपीओ की सेवानिवृत्ति के बाद यह पद रिक्त था, जिसका नकारात्मक असर सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों पर पड़ रहा था। सीडीपीओ पद बच्चों के विकास व कल्याण योजनाओं की निगरानी के लिए अत्यंत आवश्यक है, अब स्थायी नियुक्ति होने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर सरकार व विभाग की योजनाओं की समयबद्ध जानकारी मिल सकेगी।

### रैंसरी स्थित भराड़ा देवी मंदिर में 27 को जागरण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना-धमांदरी रोड स्थित राज राजेश्वरी भराड़ा देवी मंदिर, रैंसरी में 27 अप्रैल को 12वां माता भगवती जागरण श्रद्धा व भक्ति के साथ आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम सुबह 8 बजे सुंदरकांड पाठ से शुरू होगा। इसके बाद 11 बजे संकीर्तन व 12:30 बजे भंडारा होगा। रात्रि 8 बजे भव्य जागरण आरंभ होगा, जिसमें गायक अभिषेक सोनी माता का गुणगान करेंगे। साथ ही आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। पंडित विजय द्विवेदी तारा रानी की कथा सुनाएंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### लखदाता पीर का जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के ग्राम पंचायत सिंगा में वीरवार को लखदाता पीर जी का जन्मदिन श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानी बाबा सिंगा व प्रधान बाबा होशियार सिंह अमन ने की। शुरुआत गायक कुलदीप माही के भजनों से हुई, जबकि गिल सिस्टर ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से माहौल को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर 80 किलो का विशाल केक काटा गया, जिसमें पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण रोड़ी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। केक प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजित यह कार्यक्रम भक्ति और उल्लास का प्रतीक बना रहा।

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहड़वीं में पृथ्वी दिवस उत्साह व जागरूकता के साथ मनाया गया। एनसीसी कैडेट्स व जूनियर रेडक्रॉस यूनिट के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इसके बाद स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल परिसर व आसपास की सफाई की गई। विद्यार्थियों ने 'प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण' विषय पर भाषण, स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया। कार्यवाहक प्रधानाचार्या रीता कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण को सभी की जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम का आयोजन रजनीश डोगरा और अतुल सिंह ने किया। अंत में प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### शीला देवी के निष्क्रिय होने का मामला किया दुरुस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर डॉ. शशी दत शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया में सदर तहसील के अंतर्गत पंचायत कचौली के गांव साई ब्राह्मणा निवासी शीला देवी पत्नी बलदेव राज को पोर्टल में निष्क्रिय दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि तकनीकी खराबी से ऐसा हुआ है, जिसे ठीक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल में शीला देवी को जीवित दिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे अन्य मामले खंड चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से भी संज्ञान में आए हैं और उनको भी जल्द ठीक कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर ऐसा कोई भी मामला सहारा योजना लाभार्थी के ध्यान में आता है, तो वह संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारी को सूचित करना सुनिश्चित करें।

# नारी चिंतपूर्णी स्थित अष्टम विद्या बगलामुखी मंदिर में प्रकटोत्सव दिवस की तैयारियां पूर्ण

अनंत ज्ञान




**चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के विख्यात धार्मिक स्थल नारी चिंतपूर्णी स्थित 'अष्टम विद्या बगलामुखी प्रकटोत्सव मंदिर' में मां बगलामुखी के प्रकटोत्सव दिवस की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मंदिर संरक्षक व मुख्य पुजारी यशपाल कौल ने कहा देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस पावन उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया है। यशपाल कौल ने बताया कि 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस प्रकटोत्सव में विशाल हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मंदिर की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्थान निस्वार्थ भक्ति व सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है। यहां किसी भी श्रद्धालु से दान या पर्ची के नाम पर कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं किया जाता, बल्कि श्रद्धा व सेवा ही मुख्य आधार है। मंदिर परिसर की विशेषता यहां मौजूद प्राकृतिक प्रतीक हैं, जो हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्मों की एकता को दर्शाते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रकटोत्सव दिवस के मौके पर ही मंदिर को दो दिनों के लिए खोला जाता है। पुजारी कौल के अनुसार, मां बगलामुखी की प्राकृतिक पिंडी के दर्शन मात्र से भक्तों के दैहिक व आध्यात्मिक कष्टों का निवारण होता है। 24 अप्रैल को होने वाले इस भव्य आयोजन के लिए मंदिर प्रशासन ने लंगर व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर माता के दरबार में हाजिरी भरकर पुण्य के भागी बनें।

# दिन-दहाड़े लगी आग से मची अफरा-तफरी रिहायशी मकान खतरे में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं/बिलासपुर।** घुमारवीं क्षेत्र के बिजोहा वार्ड में वीरवार को दिन-दहाड़े अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गई। आग लगने की घटना एक रिहायशी कॉलोनी के समीप हुई, जिससे आसपास के मकानों को भी खतरा पैदा हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया व तेज हवाओं के कारण लपटें तेजी से फैलने लगीं। घटना के समय कॉलोनी में मौजूद लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और साथ ही इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। आग की चपेट में आने से आसपास के रिहायशी मकानों को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहा, जिससे लोगों में भय का माहौल देखा गया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

## बिलासपुर के चार नगर निकाय चुनाव : शहरी सियासत की पूरी तस्वीर

# 34 वार्डों में मतदान, 16,782 मतदाता करेंगे फैसला

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चारों नगर निकायों में चुनावी माहौल पूरी तरह सक्रिय हो गया है।

आचार संहिता लागू होने के बाद अब चुनाव पूरी तरह मुद्दों व जनसंपर्क पर केंद्रित हो गया है। चारों नगर निकायों में मतदाता स्थानीय समस्याओं व विकास कार्यों को ध्यान में रखकर अपना फैसला करेंगे। बिलासपुर जिले के ये चारों नगर निकाय चुनाव आने वाले समय में शहरी विकास की दिशा तय करने वाले साबित होंगे, अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है व किसके हाथ में अपने शहर की जिम्मेदारी सौंपती है। नगर परिषद बिलासपुर, घुमारवीं, श्री नयना देवी जी व नगर पंचायत तलाई में इस बार कुल 34 वार्डों में मतदान होना है, जिसके लिए 34 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 16,782 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें पुरुष, महिला व एक ट्रांसजेंडर मतदाता भी शामिल है।

### नप घुमारवीं

**घुमारवीं** क्षेत्र व्यापार व शिक्षा का प्रमुख केंद्र होने के चलते हमेशा राजनीतिक रूप से सक्रिय रहता है। यहां 9 वार्डों में मतदान होगा व 9 ही मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 4,793 मतदाता इस निकाय में पंजीकृत हैं। यहां मुख्य रूप से शहरी सुविधाएं, सड़कें, पेयजल और बाजार व्यवस्था चुनावी मुद्दों में शामिल हैं।

### नगर परिषद बिलासपुर

**जिला** मुख्यालय होने के कारण नगर परिषद बिलासपुर सबसे बड़ा व राजनीतिक रूप से सबसे अहम निकाय माना जाता है। यहां 11 वार्डों में चुनाव होगा और इतने ही मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस निकाय में कुल 9,548 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें पुरुष व महिला मतदाताओं की संख्या लगभग बराबर है, साथ ही एक ट्रांसजेंडर मतदाता भी शामिल है। शहर के विकास, ट्रैफिक, पार्किंग और सफाई जैसे मुद्दे यहां के चुनाव का केंद्र बने हुए हैं।

### नप शाहतलाई

**नगर** पंचायत शाहतलाई तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जहां शहरीकरण का असर साफ दिखाई देता है। यहां 7 वार्डों में 7 मतदान केंद्र बनाए गए हैं व कुल 1,752 मतदाता पंजीकृत हैं। इस क्षेत्र में सड़क, पानी, सीवरेज व आधारभूत सुविधाओं का विकास चुनावी चर्चा के केंद्र में है।

### नगर परिषद श्री नयना देवी जी

**धार्मिक** पर्यटन के लिए प्रसिद्ध श्री नयना देवी जी नगर परिषद आकार में भले छोटा हो, लेकिन यहां के चुनाव काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। 7 वार्डों में 7 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं और कुल 689 मतदाता इस निकाय में शामिल हैं। यहां पर्यटन सुविधाओं का विस्तार, सफाई व्यवस्था व यात्री सुविधाएं प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं।

## उपायुक्त बिलासपुर ने नगर परिषद कार्यालय का किया निरीक्षण

# चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** स्थानीय नगर निकाय चुनाव की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने वीरवार को नगर परिषद कार्यालय बिलासपुर का निरीक्षण कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम तथा काउंटिंग सेंटर सहित चुनाव से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह सुव्यवस्थित, पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी स्तरों पर पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान डीसी ने नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी वर्षा चैधरी के साथ पूर्व में आयोजित नगर निकाय चुनावों की कार्यप्रणाली व अनुभवों पर विस्तृत चर्चा की तथा इस बार व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए



कि चुनाव से जुड़े प्रत्येक चरण में सतर्कता व जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए, ताकि किसी प्रकार की कमी की गुंजाइश न रहे। डीसी ने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर में कुल 11 वार्ड हैं, जिनमें से 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

नगर परिषद क्षेत्र में कुल 9,548 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,705 पुरुष तथा 4,843 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 1 में 735 मतदाता (365 पुरुष, 370 महिला), वार्ड 2 में 921 मतदाता (450 पुरुष, 471 महिला), वार्ड 3 में 826 मतदाता (403 पुरुष, 423 महिला), वार्ड 4 में 735 मतदाता (357 पुरुष, 378 महिला), वार्ड 5 में 1,143 मतदाता (582 पुरुष, 561 महिला), वार्ड 6 में 805 मतदाता (393 पुरुष, 412 महिला), वार्ड 7 में 608 मतदाता (286 पुरुष, 322 महिला), वार्ड 8 में 945 मतदाता (460 पुरुष, 485 महिला), वार्ड 9 में 873 मतदाता (441 पुरुष, 432 महिला), वार्ड 10 में 719 मतदाता (353 पुरुष, 366 महिला) तथा वार्ड 11 में 1,238 मतदाता (615 पुरुष, 623 महिला) पंजीकृत हैं। वर्ष 2020 में हुए नगर निकाय चुनाव में नगर परिषद बिलासपुर में लगभग 68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस बार जिला प्रशासन का प्रयास मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर लगभग 80 प्रतिशत तक पहुंचाने का है। डीसी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जा रही हैं।

# एमसी ऊना क्षेत्र में बरसात से पहले स्वां नदी व नालों की सफाई सुनिश्चित करें

अनंत ज्ञान



**ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने नगर निगम ऊना क्षेत्र में मानसून से पहले स्वां नदी, खड्डों व नालों से गाद हटाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए हैं, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि गाद जमा होने से पानी का बहाव बाधित होता है, जिससे बारिश के समय पानी सड़कों, खेतों व घरों में घुस जाता है और लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। वे इस संदर्भ में वीरवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विशेष रूप से नगर निगम ऊना क्षेत्र में मानसून से पहले की तैयारियों की समीक्षा की गई। एडीसी ने निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में आने वाले सभी नालों, खड्डों व स्वां नदी की सफाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां वन विभाग की भूमि आती है, वहां से पूर्व अनुमति ली जाए तथा निजी भूमि के मामलों में स्थानीय लोगों से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी कर यह कार्य मानसून से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ऊना अभिषेक मित्तल, उप वनसंरक्षक विकल्प यादव, संयुक्त आयुक्त नगर निगम मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने कर्मचारियों, पेंशनर्स व जनता से की वादाखिलाफी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कांग्रेस सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में कर्मचारियों, पेंशनर्स व आम जनता के साथ वादाखिलाफी की है। यह बात भाजपा सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एचएस गुलेरिया, संयोजक राजीव वशिष्ट, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, प्रकाश ठाकुर, किशन चंद, अजय पराशर, शिव मैहन ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार अपने चहेतों के विकास में लगी हुई है। युवा बेरोजगार होकर सड़कों पर घूम रहा है। महिलाओं को 15 सौ रुपए देने का वादा किया था, लेकिन आज दिन तक एक भी महिला के खाते में पैसे नहीं आए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके हक नहीं दिए जा रहे हैं। पेंशनर्स को अपने वित्तीय लाभ लेने के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करना पड़ रहा है। पेंशनर्स के लंबे समय से मेडिकल बिल फंसे हुए हैं, इसे देने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए।

# महिला स्वयंसेवकों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत होमगाड्र्स कंपनी 12/3 में वीरवार को नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को आपदा में प्राथमिक उपचार देने ओर घायलों को किस प्रकार से स्ट्रैचर पर ले जाने बारे जागरूक किया गया। होमगाड्र्स जिला ऊना आदेशक हितेश लखनपाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के चौथे दिन कुल 44 महिला नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने भाग लेकर अपनी दक्षता सिद्ध की। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को आपदा के समय राहत व बचाव कार्यों की बारीकियों से अवगत करवाया गया। विशेष रूप से आग पर नियंत्रण पाने के विभिन्न तरीकों, ऊंचाइयों से रेस्क्यू करने के लिए सीढ़ी के सही उपयोग और आपातकालीन स्थितियों में घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने के तरीकों का व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर कंपनी कमांडर हंसराज ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना है, ताकि वे समाज और प्रशासन की बेहतर सहायता कर सकें।

# एनटीपीसी कोलडैम ने कसोल व चम्योण में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्रों का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विकास एवं प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोलडैम ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्राम कसोल एवं चम्योण में 'सुंदर बाल वाटिका' (स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र) का उद्घाटन किया। ग्राम चम्योण में आयोजित कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक (हाइड्रो जियोलॉजी) एनटीपीसी कोलडैम, भुवनेश कुमार ने स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया, जबकि ग्राम कसोल में अपर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), जीके विवेक द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला कसोल के प्रधानाध्यापक राज कुमार, लेडी सुपरवाइजर भट्टी देवी, एनटीपीसी कोलडैम की वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) डॉ. अंजुला अग्रवाल, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) पूरन सिंह, कार्यकारी (सीएसआर) अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य




व्यक्ति उपस्थित रहे। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा इन आंगनबाड़ी केंद्र का व्यापक रूप से नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण किया गया है। इसके अंतर्गत भवनों की मरम्मत, बिजली सुविधाओं का उन्नयन, किचन व शौचालय का विकास तथा स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर फिल्टर की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त, बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट टीवी, वाई-फाई सुविधा, मेज-कुर्सियां, शैक्षणिक सामग्री, खिलौने एवं पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को आधुनिक व सर्वसुविधायुक्त बनाकर बच्चों की उपस्थिति व सीखने के स्तर को बढ़ावा देना है। इस परियोजना का क्रियान्वयन एनटीपीसी कोलडैम के सहयोग से एनोबल सोशल इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों व स्थानीय निवासियों ने एनटीपीसी कोलडैम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में किए जा रहे जनकल्याणकारी प्रयासों की सराहना की।

# फोरलेन निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की ग्राम पंचायत राजपुरा में फोरलेन निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। पूर्व पंचायत प्रधान सतदेव शर्मा के नेतृत्व में लोगों ने शिमला-मंडी-भराड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पडलग के पास सड़क पर बैठकर निर्माण कंपनी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क चौड़ीकरण कर रही निजी कंपनी क्षेत्र के लोगों के हितों की अनदेखी कर रही है। उनका कहना है कि रिहायशी इलाकों के पास चल रहे निर्माण कार्य से प्रदूषण में इजाफा हुआ है। हल्की हवा के साथ ही धूल के गुबार पूरे इलाके में फैल जाते हैं, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी बताया कि निर्माणाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा, जिस कारण स्थानीय लोगों व राहगीरों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इसके साथ ही जमीन अधिग्रहण को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन का मुआवजा तय मानकों से काफी कम दिया जा रहा है, जहां एक बीघा जमीन की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए होनी चाहिए। वहीं, किसानों को करीब 70 लाख रुपए प्रति बीघा ही मिल रहे हैं, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्व प्रधान सतदेव शर्मा सहित ग्रामीणों ने प्रशासन और कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित कंपनी की होगी।

# टीकाकरण के महत्व पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में 22 अप्रैल को 'जीवनभर सुरक्षाः हर आयु में टीकाकरण' विषय पर सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्व टीकाकरण सप्ताह 2026 के तहत सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग द्वारा हुआ। उद्घाटन अवसर पर कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह ने टीकाकरण को बीमारियों की रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय बताया। प्रो. अशोक भारद्वाज ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा का किफायती माध्यम कहा। प्रो. अनुपम पराशर ने सभी आयु वर्गों में टीकाकरण की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों व विशेष रोगियों के टीकाकरण पर चर्चा की। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

# कुल्लू में 30 अप्रैल से शुरू होगा निरंकारी युवा सिम्पोजियम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली निरंकारी युवा सिम्पोजियम इस वर्ष 30 अप्रैल, 1 और 2 मई को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आयोजित की जाएगी।

यह तीन दिवसीय युवोत्सव हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के युवाओं को एक मंच पर लाएगा, जिसमें लगभग 10 हजार युवा बहनें और भाई भाग लेंगे। यह आयोजन इस शृंखला का 16वां संस्करण होगा। निरंकारी मिशन के मंडी क्षेत्र के प्रभारी आरके अभिलाषी ने बताया कि यह समागम युवाओं को शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के सूत्र सिखाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह आयोजन पहली बार सितंबर 2018 में दिल्ली में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज व निरंकारी राजपिता जी के पावन सानिध्य में किया गया था, तब से अब तक देश-विदेश में इसके 15 सफल आयोजन हो चुके हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबाल और दौड़-कूद प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके साथ ही योग और अन्य विधियों



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरके अभिलाषी और अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

◆**चार दिवसीय हिमाचल व जम्मू कश्मीर के 10 हजार युवा लेंगे भाग**

के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी जाएगी। दूसरे और तीसरे दिन 'छह तत्व' विषय पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इनमें संगीत, नृत्य, नाटक, काव्य और विचार-विमर्श जैसी विधाओं के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और सामाजिक विषयों पर मंथन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति, भेदभाव रहित समाज और तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर जागरूकता भी फैलाई जाएगी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर निरंकारी राजपिता और सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज युवाओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें जीवन में संतुलन, सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। इस भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

निरंकारी सेवादल के सैकड़ों सदस्य पिछले कई दिनों से सेवा में जुटे हुए हैं, ताकि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि संतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज 28 अप्रैल को ही देवभूमि कुल्लू आएंगी और प्रदेश सरकार ने उन्हें स्टेट गेस्ट का दर्जा दिया हैं और तीन मई तक यहीं रहेंगी।

## युवाओं को मिलेंगे स्वस्थ जीवन के सूत्र

**एनवाईएस** अर्थात् निरंकारी यूथ सिम्पोजियम, संत निरंकारी मिशन के द्वारा आयोजित होने वाला एक युवोत्सव है, जिसमें भाग लेने वाले युवा शारीरिक, आध्यात्मिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के सूत्र सीखते हैं। जिला कुल्लू में 30 अप्रैल से 2 मई तक एनवाईएस का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी अटल सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में अभिलाषी यूनिवर्सिटी के चांसलर व संत निरंकारी मिशन, मंडी क्षेत्र के ज़ोनल इनचार्ज आरके अभिलाषी ने दी। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदिशा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में यह सिम्पोजियम सितंबर 2018 में पहली बार दिल्ली में आयोजित हुआ, तब से लेकर आज तक देश और विदेश में 15 एनवाईएस आयोजित किए जा चुके हैं। इस तीन दिवसीय युवा उत्सव में पहले दिन खेलों का आयोजन किया जाता है जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, कब्बड़ी और वॉलीबाल आदि के साथ साथ एथलेटिक्स भी शामिल किया जाता है। योग व अन्य विधियों से स्वस्थ रहने की प्रेरणा भी प्रदान की जाती है। दूसरे और तीसरे दिन ( छह तत्व) विषय पर संगीत, नृत्य, नाटक, काव्य, पैनल डिस्कशन आदि विधाओं के माध्यम से युवा अपनी कला के प्रदर्शन के साथ-2 अनेक सामाजिक विषयों पर मंथन करते हुए अध्यात्म के व्यावहारिक पक्ष के साथ जुड़ते हैं। एनवाइएस पर नशामुक्ति, भेद-भाव रहित समाज और तनाव प्रबंधन जैसे अनेक सामाजिक विषयों पर जागरूकता साझा की जाती है। अंत में निरंकारी राजपिता एवं सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज युवाओं को जोश के साथ-2 होश से अपने जीवन को सुंदर और सफल बनाने की शिक्षा प्रदान करते हैं। 30 अप्रैल, 1 और 2 मई को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू शहर में एनवाईएस आयोजित होने जा रहा है जिसमे लगभग हज़ारों युवा बहन व भाई अब हिस्सा लेंगे। यह एनवाईएस की यात्रा का 16 वां संस्करण होगा । इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 45 वर्ष के बीच होगी। इस पर्व की तैयारियों के लिए निरंकारी सेवादल के सैंकड़ो भाई बहन पिछले कई दिनों से सेवारत हैं।

# अटल टनल में सीसीटीवी के संचालन के लिए सौर ऊर्जा से होगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी अनुराग चंद्र शर्मा ने वीरवार को अटल टनल के पास सुविधाओं को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि यहां लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरे के संचालन के लिए बिजली की आवश्यकता को सौर ऊर्जा के माध्यम से इसकी आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने वन विभाग को यहां प्रस्तावित 45 वेंडस (दुकानों) के लिए निर्माण करने के लिए कार्य को गति प्रदान करने तथा वेंडिंग जोन सुनिश्चित करने के लिए योजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने बीआरओ को वाटर एटीएम को क्रियाशील करने, टॉयलेट आदि की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में उपमंडल अधिकारी मनाली गुंजीत चीमा, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुनील शर्मा, सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, डीएफओ एंजेल चौहान सहित अन्य बैठक में उपस्थित रहे।

# अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई; एसटीएफ और राजस्व विभाग ने नष्ट किए 2000 पौधे

अनंत ज्ञान

**आनी।** नशे के विरुद्ध छिड़ी जंग में कुल्लू पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) टीम को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।

आनी तहसील के तहत ग्राम पाली में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की खेती पर बड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने लगभग 2,000 अफीम के पौधों को नष्ट कर दिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, एसटीएफ कुल्लू को ग्राम पाली व उसके आस-पास के क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसटीएफ ने बिना समय गंवाए राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त टीम का गठन किया। टीम ने चिन्हित स्थानों पर अचानक दबिश दी। डीएसपी एसटीएफ हेमराज वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना आनी में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर अफीम उगाई गई थी, उसकी सही मालिकी का पता लगाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि की निशानदेही की जा रही है। निशानदेही की प्रक्रिया पूरी होने और आरोपियों की सटीक पहचान सुनिश्चित होने के बाद नियमानुसार गिरफ्तारियां की जाएंगी। फिलहाल, आनी थाना के अनुसंधानकर्ता अधिकारी दोनों मामलों में गहन छानबीन कर रहे हैं। एसटीएफ ने स्पष्ट किया है कि नशे के सौदागरों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके आस-पास नशे से संबंधित कोई भी अवैध गतिविधि या तस्करी हो रही है, तो उसकी सूचना तुरंत एसटीएफ को दें ताकि भविष्य की पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाया जा सके।

## नष्ट की गई फसल दो मामले दर्ज

**तलाशी** अभियान के दौरान टीम ने पाया कि पहाड़ियों और खेतों के बीच बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की गई थी। मौके पर अफीम के करीब 2,000 पौधे लहलहा रहे थे, जिन्हें टीम ने कानूनन प्रक्रिया के तहत मौके पर ही उखाड़कर नष्ट कर दिया।

# मनाली में निर्माण कार्यों पर 'गैस संकट' की मार

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल मनाली में इन दिनों विकास की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। शहर में जारी तमाम निजी व सरकारी भवन निर्माण कार्य ठप होने की कगार पर पहुंच गए हैं। हैरानी की बात यह है कि इस संकट का कारण कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि रसोई गैस सिलेंडरों की भारी कमी है।

खाना बनाने जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी न होने के कारण कई मजदूर वापस अपने गृह राज्यों की ओर लौट गए हैं। कामगारों का कहना है कि गैस न होने के कारण उन्हें पारंपरिक स्टोव या लकड़ी के चूल्हों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे खाना बनाने में घंटों लग जाते हैं और वे समय पर साइट पर नहीं पहुंच पाते। निर्माण व्यवसायी व ठेकेदारों की चिंता बढ़ती जा रही है। सीजन के समय जब निर्माण कार्यों में तेजी होनी चाहिए थी, तब मजदूरों की कमी ने प्रोजेक्ट्स को अधर में लटका दिया है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

स्थानीय ठेकेदार पिंका और शिव शंकर ने बताया कि हमने काम तो ठेके पर ले लिया है, लेकिन मजदूरों के बिना उसे पूरा करना असंभव है। प्रवासी मजदूर 3-4 की टोली में कमरा लेकर रहते हैं। गैस न मिलने से उन्हें भारी परेशानी हो रही है, जिससे नए मजदूर भी मनाली आने से कतरा रहे हैं। वहीं, लोगों का मानना है कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य नहीं की गई, तो निर्माण क्षेत्र को भारी आर्थिक चपत लग सकती है। मजदूरों की कमी से न केवल ठेकेदार, बल्कि भवन मालिक व स्थानीय व्यापारी भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों व व्यवसायियों ने प्रशासन से इस समस्या में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रवासी मजदूरों के लिए गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। लोगों के अनुसार सप्लाई चेन में आ रही रुकावटों को तुरंत दूर किया जाए। यदि प्रशासन समय रहते ठोस कदम नहीं उठाता, तो मनाली के निर्माण क्षेत्र में यह 'मंदी' और गहरा सकती है।

## मजदूरों का पलायन, चूल्हा जलना हुआ मुश्किल

**मनाली** में निर्माण कार्य का बड़ा हिस्सा बिहार व अन्य राज्यों से आए प्रवासी कामगारों पर टिका होता है। स्थानीय ठेकेदारों के अनुसार, गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से इन कामगारों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

◆**बिहार व अन्य राज्यों के कामगारों ने मोड़ा रुख**

# सोलंग नाला रोपवे में आपदा परिदृश्य को लेकर मॉक ड्रिल, फंसे लोगों का सफल रेस्क्यू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू के सौजन्य से सोलंग नाला स्थित रोपवे में संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना तथा आपदा के समय त्वरित राहत व पुनर्वास कार्यों की प्रभावशीलता का आकलन करना था। मॉक ड्रिल के दौरान रोपवे में तकनीकी खराबी का परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें तीन व्यक्तियों के फंसने की स्थिति दर्शाई गई। सूचना मिलते ही बचाव दलों ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए, निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। प्रशिक्षित टीमों ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से सभी फंसे व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस मॉक ड्रिल में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल , राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, आईटीबीपी, पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग तथा



स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पूरे अभियान की निगरानी की गई व विभिन्न चरणों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया। अभ्यास के दौरान संचार व्यवस्था, त्वरित प्रतिक्रिया, तकनीकी उपकरणों के उपयोग, मेडिकल सहायता तथा भीड़ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का भी परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन किया, जबकि अग्निशमन एवं बचाव दलों ने ऊंचाई से सुरक्षित निकासी (एवैक्यूएशन) की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

# आकाश इंस्टीट्यूट के अत्याधुनिक 'नीट ड्रॉपर बैच' कैंपस का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के कुल्लू कॉलेज गेट स्थित आकाश इंस्टीट्यूट में नीट ड्रॉपर बैच की कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए नए आधुनिक कैंपस का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस खास अवसर पर डॉ. बलदेव ठाकुर (पूर्व निदेशक, स्वास्थ्य विभाग, हिमाचल प्रदेश) और सुरेश कुमार (एमडी, कुल्लू कॉन्वेंट) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और संस्थान की इस पहल की सराहना की। क्षेत्रीय छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अब आकाश इंस्टीट्यूट ने अपने नए और अत्याधुनिक नीट ड्रॉपर बैच कैंपस खोला है। इस मौके पर डॉ. बलदेव ठाकुर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसी सुविधाओं के आने से अब बच्चों को घर से दूर बड़े शहरों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## 10 मई से नया सत्र, 1 मई को होगा 'प्री-नीट' टेस्ट

**संस्थान** के प्रतिनिधियों ने आगामी सत्र के लिए अपनी कार्ययोजना भी साझा की। उन्होंने बताया कि ड्रॉपर बैच के लिए 10 मई से विधिवत शुरू होगी। प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है व दूर-दराज के क्षेत्रों से छात्र भारी संख्या में आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 1 मई को संस्थान एक फ्री 'प्री-नीट' टेस्ट का आयोजन करने जा रहा है।

## जेईई मेन्स में सफलता का परचम

**आकाश** इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि आमिर ने जानकारी दी कि संस्थान के छात्रों ने जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया, हमारे 4 छात्रों ने 94 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर संस्थान का मान बढ़ाया है। यह परिणाम हमारी अनुभवी फैकल्टी और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य कुल्लू घाटी के प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन देना है, ताकि वे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें।

## स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय गुणवत्ता

**आकाश** इंस्टीट्यूट और कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के इस संयुक्त प्रयास को अभिभावकों ने भी हाथों-हाथ लिया है। अब कुल्लू के छात्रों को वही उच्च स्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन अपने ही शहर में उपलब्ध होगा, जिसके लिए पहले उन्हें चंडीगढ़ या दिल्ली जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था।

# न्यूज ब्रीफ

## 26 को भुंतर व आसपास बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल, भुंतर ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 केवी भुंतर फीडर के अंतर्गत 11 केवीएचटी लाइनों में खराब हुए क्रॉस आर्म को बदलने से संबंधित कार्य के कारण इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र तेगूबेहड़, पड़ित बेहड़, छरेडा, बिश्ट बेहड़, गदौरी, आईटीआई शमशी, छोयल, अप्पर मौहल, वेटनरी हॉस्पिटल व आस-पास के इलाकों में 26 अप्रैल सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त तिथि में मौसम खराब या बारिश रहती है तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा ।

## संगठनात्मक कार्यों व आगामी योजनाओं पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में जिला भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक जिला शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला के सभी मंडलों के संयोजक एवं सह संयोजकों ने भाग लिया। शिक्षक प्रकोष्ठ के परिचय के साथ प्रकोष्ठ द्वारा आने वाले दिनों में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पुरषोत्तम शर्मा, कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 2022 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनाली मंडल शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक प्रेम प्रकाश शाशनी,नगर मंडल के संयोजक बिशन ठाकुर सहित जिला के सह संयोजक निरंजन शर्मा सहित सभी मंडलों के संयोजक एवं सह संयोजक उपस्थित रहे।

## चगोला-चुट्टी बिहाली योजना पर खर्च होंगे 78.40 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका चरण-2) के तहत कुल्लू जिले में कृषि आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में दो प्रमुख जल बहाव सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य ठेकेदार को सौंपे गए हैं। चगोला से चुट्टी बिहाली योजना पर 78.40 लाख खर्च होंगे, जिससे 116 किसान परिवारों की 36.62 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। वहीं सुन्नी से मकरहाड़ योजना पर 86.20 लाख की लागत से 127 परिवारों की 41.29 हेक्टेयर भूमि को लाभ मिलेगा। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रतना की मौजूदगी में कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण पूरा करने का आश्वासन दिया गया। परियोजना का उद्देश्य कुल्लू व लाहौल की 21 उपपरियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई, फसल विविधीकरण और बाजार आधारित उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही डेयरी, मधुमक्खी पालन व मशरूम उत्पादन के जरिए ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में 6 लाभार्थियों का कृषि मशीनरी मरम्मत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ, जिन्हें स्वरोजगार के लिए टूल किट भी प्रदान की गई।

## पशु मित्र भर्ती : 17 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण की परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** जिला लाहौल-स्पीति के काजा उपमंडल के तहत आने वाले उप- मंडलीय पशु चिकित्सालय काजा में पशु मित्र के दो पदों पर भर्ती के लिए 21 अप्रैल, 2026 मंगलवार को लादरचा मेला मैदान काज़ा में शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन किया गया।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉश डाकपा तेनजिन ने जानकारी देते हुए बताया कि पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया के लिए 51 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 30 अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि शारीरिक परीक्षण में भाग लेने वाले 30 अभ्यर्थियों में से कुल 17 अभ्यर्थियों ने परीक्षण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पास की है। इस दौरान उप-मंडलाधिकारी काजा दीक्षित राणा, विभाग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डाकपा तेनजिन तथा डाश गयुरमेत अंगरूप के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## स्टूडेंट्स ने पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, कुल्लू में सात दिवसीय एएफएस इंटरकल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में इंदौर पब्लिक स्कूल के 11 छात्रों ने भाग लिया। उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सहयोग और मित्रता को बढ़ावा देना रहा। छात्रों ने कुल्लू की लोक संस्कृति, कुल्लवी नाटी, मंदिरों और बौद्ध मठ का भ्रमण किया। उन्होंने बिजली महादेव ट्रेक, अटल टनल व सिस्सु का भी अनुभव लिया। पृथ्वी दिवस पर प्रदर्शनी और खेल गतिविधियां आयोजित हुईं। समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में दोनों क्षेत्रों के लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य रैना वर्मा ने प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए। राजीव शर्मा, प्रबंधक कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल ने कहा कि यह एक्सचेंज प्रोग्राम छात्रों के लिए एक बहुआयामी अनुभव रहा, जिसने उन्हें भारत की सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य से जुड़ने का अवसर दिया।

# आनी में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद का जोरदार स्वागत, कस्बे में निकाली रैली

## संगठन मजबूती व जनहित मुद्दों पर मंथन, नेताओं ने दिया एकजुटता का संदेश

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद शर्मा का कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने आनी कस्बे में रैली निकाली और पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कांग्रेस पार्टी द्वारा भव्य स्वागत समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, एचपीएमसी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर चेतन चौहान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी आनी विधानसभा क्षेत्र परस राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। हिमाचल प्रदेश मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों



और आम जनता की आवाज रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया व कहा कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाना ही हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष परस राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती जमीनी स्तर से ही आती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने व जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनसेवा, एकता व समर्पण की भावना के साथ कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। वहीं, नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपने पर आभार प्रकट करते हुए विश्वास दिलाया कि वे आनी विधानसभा क्षेत्र के हर कांग्रेस कार्यकर्ता को एक सूत्र में पिरोकर पार्टी को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है व उनकी मेहनत से ही कांग्रेस मजबूत बनती है। उन्होंने आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सम्मेलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे व क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पर उठाए सवाल सतपाल का विरोध

**अनंत ज्ञान आनी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद शर्मा की नियुक्ति को लेकर पार्टी के भीतर विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। युवा कांग्रेस आनी ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सतपाल ठाकुर ने इस नियुक्ति पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। सतपाल ठाकुर, जो स्वयं भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल थे, उन्होंने कहा कि वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष व उनकी रैली में शामिल कई लोग कांग्रेस पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि पार्टी के विरोधी रहे हैं। उनका आरोप है कि इन्हीं लोगों की बगावत के कारण पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि असली कार्यकर्ता वही होता है, जो दिल से कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़ा हो, न कि केवल पद मिलने के बाद पार्टी के प्रति निष्ठा दिखाए। सतपाल ने पार्टी के आला कमान से नियुक्ति के इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इस बयान के बाद आनी क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है व कांग्रेस संगठन के भीतर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# पीपल जातर मेले का अस्थायी बाजार 28 से 15 मई तक लगाने पर जताया आभार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** व्यापार मंडल कुल्लू कार्यकारिणी की विशेष बैठक वीरवार को विपाशा मार्केट स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों से जुड़े अनेक विषयों पर चर्चा हुई तथा उनके समाधान के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।



बैठक के बारे में व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल सूद ने कहा कि व्यापार मंडल कुल्लू द्वारा सदर विधायक व जिला प्रशासन के समक्ष मांग रखी गई थी कि पीपल मेले को सीमित किया जाए, जो कि महीना भर चला रहता है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर मान लिया गया। पीपल जातर मेला 28.04.26 से 15.05.26 तक मनाए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी ने इसके लिए स्थानीय विधायक सुंदर ठाकुर, डीसी कुल्लू एवं कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रशासन व्यापारीयों के हित में मेलों के दिनों में कटौती कर स्थानीय व्यवसाय को राहत प्रदान करता रहेगा। सूद ने कहा कुल्लू शहर में सरवरी, इनर अखाड़ा में लोग भूस्खलन से दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं, खासकर अखाड़ा में लोगों को बरसात में अपने घरों से बाहर अन्य जगहों पर रहना पड़ता है। विधायक से आग्रह है कि जल्द ही अखाड़ा में सुरक्षा दीवार का कार्य शुरू करवाया जाए। व्यापार मंडल कार्यकारिणी सरकार से मांग करती है कि कुल्लू में मेडिकल कॉलेज खोला जाए, क्योंकि लाहुल, पांगी, आनी, स्नोर वेली के लोग इसके खुलने से लाभान्वित होंगे। बैठक में मुख्य संरक्षक दिनेश सेन, संरक्षक सदस्य राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय इंद्र चावला जगदीश बंगा सुबोध सूद, गोपाल चौधरी, जसपाल सिंह, सदस्य अतुल गुप्ता उपस्थित रहे।

**परेशानी** रोहतांग का दीदार न होने से फीकी पड़ी रौनक

# पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन कारोबार सुस्त

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** हिमाचल **प्रदेश** के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। पर्यटन सीजन होने के बावजूद माल रोड व अन्य प्रमुख स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस मंदी का मुख्य कारण रोहतांग दर्रे का पर्यटकों के लिए न खुलना माना जा रहा है। स्थानीय कारोबारियों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा, मनाली में पर्यटकों की आमद फिर से बढ़ेगी। मई और जून के 'पीक सीजन' में रोहतांग व अन्य सड़कें खुलने के बाद रौनक वापस लौटने की संभावना है।



पर्यटकों के बिना सूना पड़ा मनाली का मालरोड। अनंत ज्ञान

> **अगले** सप्ताह राष्ट्रपति का दौरा प्रस्तावित है, जिसके चलते सुरक्षा कारणों से अटल टनल और रोहतांग में सभी पर्यटन गतिविधियों को फिलहाल बंद रखा गया है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति के दौरे के बाद पर्यटकों को मढ़ी तक भेजने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **गुंजीत चीमा, एसडीएम मनाली।**

## बर्फ की चाहत ले जा रही 170 किमी दूर

**मनाली** आने वाले अधिकतर पर्यटकों की पहली पसंद रोहतांग दर्रा होता है, लेकिन दर्रा बंद होने के कारण पर्यटकों को बर्फ देखने के लिए करीब 170 किलोमीटर दूर शिंकुला का रुख करना पड़ रहा है। लंबी दूरी व दुर्गम सफर के कारण कई पर्यटक मनाली आने से परहेज कर रहे हैं।

## मढ़ी तक भी नहीं मिली अनुमति

**हैरानी** की बात यह है कि सीमा सड़क संगठन ने मढ़ी तक सड़क से बर्फ हटाने का काम पूरा कर लिया है, लेकिन प्रशासन ने अभी तक पर्यटकों को वहां तक जाने की अनुमति नहीं दी है। मनाली के होटल व्यवसायी अमर सिंह, राकेश ठाकुर, मेहर चंद व प्रीतम ने स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि होटलों में कमरों की बुकिंग गिरकर 25 फीसदी से 30 फीसदी तक रह गई है। केवल शनिवार व रविवार को ही थोड़ी बहुत चहल-पहल देखी जा रही है। एडवेंचर स्पोर्ट्स का हब मानी जाने वाली सोलांग वैली भी इस बार खाली नजर आ रही है। पैराग्लाइडिंग व जिपलाइन ऑपरेटरों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर सख्ती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पर्यावरण कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को जिला पर्यावरण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

कुल्लू के उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक उपायुक्त कार्यालय के बहुउद्देशीय हॉल में संपन्न हुई, जिसमें जिला पर्यावरण योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने रांगड़ी क्षेत्र में लीगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के रिसाव को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रांगड़ी में कम्पोस्टिंग सुविधा विकसित करने की योजना को जल्द धरातल पर उतारा जाए। कचरे की दुर्गंध को कम करने के लिए पूरे परिसर में मियावाकी पद्धति से सुगंधित पौधों का रोपण किया जाए। नगर परिषद् कुल्लू को निर्देश दिए गए कि पिरडी में लीगेसी वेस्ट का पुन: आकलन कर उसकी मात्रा व घनत्व के आधार पर टेंडर प्रक्रिया शुरू करें और निदेशक शहरी विकास से मंजूरी लें। मनाली, लंका



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी। अनंत ज्ञान

> **हमारा** लक्ष्य जिले में शत-प्रतिशत कूड़ा एकत्रीकरण सुनिश्चित करना है। सही अपशिष्ट प्रबंधन न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि क्षेत्र में स्वच्छ पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।
>
> **अनुराग चंद्र शर्मा, डीसी कुल्लू।**

बेकार और भूतनाथ स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अपग्रेडेशन कार्य पूरा कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर, एसडीएम मनाली गुंजीत चीमा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुनील शर्मा सहित विभिन्न विभागों (स्वास्थ्य, आयुर्वेद, पशुपालन, जल शक्ति और लोक निर्माण) के प्रतिनिधि और सभी नगर निकायों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कांडीधार व धाऊगी सहित जिले की सभी मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी साइट्स की प्रगति पर चर्चा हुई। डीसी ने सभी शहरी निकायों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक साइट की आर्थिक व्यवहार्यता और परिचालन लागत का अध्ययन कर रिपोर्ट सौंपें। कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों को कूड़ा प्रबंधन के नियम बनाने के लिए प्रेरित करें। स्वच्छता मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने निर्देश दिए कि खुले में कूड़ा फेंकने वालों के भारी चालान किए जाएं। कूड़ा फेंकने वाले हॉटस्पॉट चिन्हित कर पहले उनकी सफाई की जाए, फिर वहां साइन बोर्ड लगाए जाएं।

# नगर परिषद पार्किंग के पिलर से दुर्घटनाओं का खतरा बाल, बाल बच रहे वाहन चालक

अनंत ज्ञान



◆ खासकर दोपहिया वाहनों के चालक संभल ही नहीं पाते

◆ एमसी पार्किंग का यह पिलर वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रहा

**नाहन।** शहर के वार्ड नंबर 7 में नगर परिषद (एमसी) पार्किंग स्थल से सटा गेट का पिलर दुर्घटना का केंद्र बन गया है। पार्किंग में आने-जाने वाले वाहन इस पिलर के कारण सड़क पर दौड़ रही गाड़ियों से टकराने से बार-बार बाल-बाल बच रहे हैं। अब तक कई छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, खासकर दोपहिया वाहनों के चालक संभल ही नहीं पाते। स्थानीय निवासी अनंत ज्ञान ने बताया कि पिलर पार्किंग के मुहाने पर इतना संकरा स्थान बना रहा है कि वाहन चालकों को रास्ता तंग हो जाता है। तेज रफ्तार सड़क यातायात के बीच यह बाधा जानलेवा साबित हो रही है। 'विकास के नाम पर बने इस ढांचे ने सुरक्षा को दांव पर लगा दिया है। कई बार बाइक सवार गिरते-गिरते बचे हैं,' उन्होंने कहा। नाहन शहर में बढ़ते वाहनों के दबाव के बीच यह समस्या और गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विकास कराने वाले नेता इस खतरे को नजरअंदाज कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने सड़क सुरक्षा के लिए कई अभियान चलाए हैं, लेकिन नगर परिषद को इस पिलर को हटाने या स्थानांतरित करने के स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए। निवासियों ने मांग की है कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन तत्काल कार्रवाई करे। एमसी पार्किंग का यह पिलर न केवल वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रहा है, बल्कि ट्रैफिक जाम भी बढ़ रहा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बड़े हादसे का अंदेशा है।

**सोलन नगर निगम चुनाव: ओपन वार्डों में टिकट के दावेदारों की भारी हुई भरमार**

# निगम कार्यालय में नो ड्यूज लेने की होड़, नए और पुराने दिग्गज सक्रिय

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** नगर निगम सोलन के ओपन वार्डों में टिकट के दावेदारों की लंबी कतारें लग गई हैं। निगम कार्यालय में नो ड्यूज प्रमाण पत्र लेने के लिए पुराने दिग्गजों से लेकर नए चेहरों तक पहुंच रहे हैं। आरक्षण रोस्टर जारी होने के बाद कई पुरुष पार्षद चुनावी दौड़ से बाहर हो गए, जो अब परिवार की महिला सदस्यों को मैदान में उतारने की रणनीति बना रहे हैं।



## ओपन वार्डों में तीखी टक्कर

**ओपन वार्ड-7** से भाजपा में दर्जनभर से अधिक दावेदारों ने आवेदन किए, जबकि कांग्रेस से 5 नाम सामने आए। वार्ड-2 और 3 में सस्पेंस कायम है यहां पूर्व में महिला पार्षद रही है। वार्ड 2 से सुषमा शर्मा और वार्ड-3 से रजनी पार्षद रही है। दोनों भाजपा से है। दोनों का ही अपने अपने वार्ड में खासा दबदबा है। ऐसे में पुरुष दावेदारों को पार्टी का टिकट हासिल करना पहाड़ चढ़ने जैसा है। वहीं वार्ड-4 में दोनों दलों के चाहवानों की लंबी सूची है। वार्ड-4 में पिछली बार संगीता ठाकुर कांग्रेस के टिकट से चुनाव जीती थी। इसी तरह ओपन वार्ड-10 से चुनिंदा चेहरे उभर रहे हैं। इसमें कांग्रेस से अंकुश सूद और भाजपा से विवेक डोभाल, इंदु सूद दावेदारी पेश कर सकते हैं। वार्ड-12 में पूर्व मेयर उषा शर्मा की दावेदारी से कांग्रेस के पुरुष दावेदारों की राह कठिन हो गई, तो भाजपा मजबूत प्रत्याशी की तलाश में है। वार्ड-15 ओपन होने के चलते यहां भाजपा और कांग्रेस के दावेदारों की लिस्ट लम्बी है। कांग्रेस से अभी विनय भगनाल का नाम आगे चल रहा है।

## महिला आरक्षित वार्डों में नए समीकरण

**महिला** आरक्षित वार्ड-1 में पूर्व पार्षद नीलम सबसे मजबूत दावेदार हैं, जो पहले भाजपा से जीती थीं। कांग्रेस यहां मजबूत चेहरा उतारने को बेताब है। वार्ड-5 में अभी कोई बड़ा नाम नहीं, लेकिन पूर्व महिला पार्षदों का दबदबा रहेगा। वार्ड-6 एक बार फिर से महिला आरक्षित हुआ है। इस वार्ड से भाजपा से रेखा साहनी चुनाव जीती थी। इस बार भी वह अपनी दावेदारी पेश कर सकती है। जबकि कांग्रेस से एक बार शीतल गुप्ता को मौका मिल सकता है। वार्ड-9 में दोनों दल मजबूत महिला प्रत्याशी चाहते हैं। भाजपा से तृप्ता लाम्बा की दावेदारी के कयास लगाए जा रहे हैं। वार्ड-11 से पूर्व पार्षद अभय शर्मा (कांग्रेस) अपनी माता या पत्नी को उतार सकते हैं। वार्ड-14 में पूर्व मेयर राजीव कौर की माता सुलक्षणा देवी मैदान में हैं, भाजपा के लिए चुनौती।

## एससी वार्डों में सीधी टक्कर

**एससी** आरक्षित वार्ड-13 में पूर्व डिप्टी मेयर मीरा आनंद (भाजपा) मजबूत, लेकिन अन्य दावेदारों को मनाना चुनौती। वार्ड-8 में पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर का प्रभाव है, भले ही पुरुष दावेदार उभर रहे हों। भाजपा-कांग्रेस दोनों को टिकट वितरण में कठिन निर्णय लेने होंगे। नो ड्यूज लेने की प्रक्रिया तेज होने से चुनावी माहौल गर्म है।

## लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में मनाया पृथ्वी दिवस

**अनंत ज्ञान, अर्की।** लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और पर्यावरण जागरूकता के साथ मनाया गया। इस वर्ष का थीम 'Our Power, Our Planet' रहा, जिसने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी को रेखांकित किया। इस अवसर पर बी.एड. के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया। एक प्रभावशाली स्किट प्रस्तुत की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस प्रस्तुति के माध्यम से प्रकृति की रक्षा का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। इसके साथ ही पोस्टर निर्माण गतिविधि का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने 'Our Power, Our Planet' थीम पर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। पोस्टरों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने, प्रदूषण कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल नाहन में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा जागरूकता शिविर से हुई, जिसमें उन्हें रेत, बीज, पौधों एवं फूलों के बारे में रोचक तरीके से जानकारी दी गई। बच्चों ने सेव अर्थ थीम पर आकर्षक फेस मास्क बनाकर सभी का मनमोह लिया। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों ने मदर अर्थ के लिए धन्यवाद कार्ड तैयार किए। थंब प्रिंटिंग के माध्यम से बनाए गए इन रंग-बिरंगे कार्ड्स ने प्रकृति के प्रति उनके प्रेम और आभार को दर्शाया। कक्षा तृतीय से पांचवीं तथा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में मिनी किचन गार्डन गतिविधि में भाग लिया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने सेव मदर अर्थ विषय पर सुंदर एवं संदेशपूर्ण पोस्टर बनाए। कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी डिक्लेमेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली वक्तव्यों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण की आवश्यकता को उजागर किया। विद्यालय की निदेशक-प्रधानाचार्य देवेंद्र कौर सहगल ने अपने संदेश में कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करती हैं।

### गिरिपार को जोड़ने वाले पुल का टूटा फर्श और टूटी रेलिंग दे रही हादसे को न्योता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के अंतर्गत आने वाला सतौन पुल जो स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है इस समय दयनीय स्थिति में है। यह पुल वर्षों से क्षेत्रीय यातायात के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी रहा है। यह पुल पांवटा से गिरिपार क्षेत्र को जोड़ता है, परंतु आज इसकी स्थिति ऐसी है कि यह कभी भी ढह सकता है। स्थानीय प्रशासन और सरकार की अनदेखी के कारण यह पुल गंभीर खतरे में है जिसे लोगों की मांग है कि इसकी तुरंत मरम्मत किया जाए। सतौन पुल का निर्माण लगभग 50 वर्ष पहले किया गया था। उस समय इस क्षेत्र में पुल की आवश्यकता थी , ताकि आसपास के गांव और कस्बों को मुख्य शहर से जोड़ा जा सके। पुल का निर्माण उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से किया गया था और यह उस समय की इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना था। पुल ने अपने समय में कई बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं को झेला है, लेकिन अब उसकी उम्र और अत्यधिक उपयोग ने उसकी स्थिति को बहुत ही खराब कर दिया है। आज सतौन पुल की हालत बहुत ही दयनीय है। पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जो किसी भी वाहन के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। पुल के किनारे की रेलिंग टूट चुकी है, जिससे पैदल यात्रियों के लिए यह और भी खतरनाक हो गया है। पुल के नीचे के स्तंभों में दरारें आ चुकी हैं , जो इस बात का संकेत है कि पुल कभी भी गिर सकता है। पुल की सतह भी कई जगह से टूट चुकी है, जिससे वाहन चालक को असुविधा होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। सतौन पुल की खराब स्थिति ने स्थानीय लोगों के लिए समस्याओं का अंबार लगा दिया है। लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए मुख्य शहर जाना पड़ता है, लेकिन पुल की खराब स्थिति के कारण उन्हें लंबे रास्ते से जाना पड़ता है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होते हैं। इसके अलावा पुल की दयनीय स्थिति के कारण कई बार यातायात जाम की समस्या भी होती है, जिससे लोगों को बहुत असुविधा होती है। उधर, एसडीएम कफोटा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस पुल की मरम्मत को लेकर एनएच विभाग को कहा गया है। साथ ही उच्च अधिकारियों को पत्र भी लिखा जाएगा। जल्द ही पुल की मरम्मत की जाएगी।

### पुरुवाला व ज्वालापुर में दो महिलाओं के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** थाना पुरुवाला पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान गाँव नारीवाला में एक महिला के कब्जे से करीब 5 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस टीम इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रही थी, इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर जांच की गई और यह बरामदगी हुई। मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबंधित महिला के खिलाफ धारा 39(1)इ हिमाचल प्रदेश एक्साइज एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत जांच की जा रही है। एक अन्य मामले में थाना पुरुवाला पुलिस को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गाँव ज्वालापुर में एक घर पर कार्रवाई की। सूचना के अनुसार वहां अवैध शराब के भंडारण और बिक्री की गतिविधि संचालित होने की आशंका थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली, जहां से लगभग 4 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। इस संबंध में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि अवैध शराब की आपूर्ति और वितरण से जुड़े अन्य लोग भी इसमें शामिल हैं या नहीं। दोनों मामलों में थाना पुरुवाला में धारा 39(1)इ हिमाचल प्रदेश एक्साइज एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और ऐसे मामलों की निरंतर निगरानी भी की जा रही है। संबंधित मामलों में साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और आगे की कानूनी प्रक्रिया नियमानुसार जारी रहेगी।

### चिट्टा सप्लायर कुल्लू के डींग गांव से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अर्की व कुनिहार निवासी 2 युवकों (आयु 31 वर्ष एवं 32 वर्ष) जो एक मोटरसाइकिल पर सवार थे के कब्जे से 249 ग्राम चरस बरामद की गई। दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा इस संबंध में पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को 20 अप्रैल को न्यायालय में पेश करके पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया था तथा आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही थी तथा मामले में आगामी अन्वेषण जारी था। अभियोग के आगामी अन्वेषण के दौरान दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ, उनकी सीडीआर तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बरामद मादक पदार्थ चरस उक्त आरोपियों द्वारा जिला कुल्लू के आनी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से खरीदी गई थी। आरोपियों से पूछताछ उनके सीडीआर व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा इस मामले में संलिप्त आरोपी निवासी गाँव डींग, डाकघर जाओं, तहसील आनी जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश उम्र 38 वर्ष को बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर 22 अप्रैल गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले का आगामी अन्वेषण जारी है।

# रेणुका लॉयन सफारी में गूंजेगी टाइगर की दहाड़, पर्यटकों को मिलेगा नया रोमांच

अनंत ज्ञान



**एसपी जैरथ, नाहन ।** हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रेणुका लायन सफारी में जल्द ही पर्यटकों को एक नया और रोमांचक अनुभव मिलने वाला है। सफारी में अब बाघ की दहाड़ भी सुनाई देगी। जानकारी के अनुसार जून महीने में महाराष्ट्र से बाघ का एक जोड़ा रेणुका लाया जाएगा। वन विभाग द्वारा इस योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। बाघों के लिए विशेष एनक्लोजर ( बाड़ा ) तैयार किया गया है, जिसमें उनके प्राकृतिक वातावरण का खास ध्यान रखा जाएगा। सुरक्षा और देखरेख के लिए भी अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि बाघों को किसी तरह की परेशानी न हो। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जून के पहले सप्ताह में यहां टाइगर के नए जोड़े को लाया जाएगा। इसके बाद मिनी जू में फिर से रौनक दिखाई देगी और टाइगर की दहाड़ से जू शीघ्र गुलजार होगा। टाइगर का जोड़ा महाराष्ट्र से रेणुका लाया जाएगा। इसकी स्वीकृति वन्य प्राणी विभाग को केंद्रीय जू प्राधिकरण ( सीजेडए ) से मिल गई है। विभाग टाइगर के जोड़े को रेणुका लाने की प्रक्रिया में जुट गया है। विभाग ने संबंधित ठेकेदार को 15 मई तक बाड़े का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। गौर हो कि मिनी जू रेणुका जी में टाइगर के जोड़े को लाने की कवायद एक दशक से चली आ रही है। विभाग ने बकायदा करीब 1.50 करोड़ की लागत से एक आधुनिक बाड़े का निर्माण करवा रहा है। अब इसका 10 फीसदी काम अधर में लटका हुआ है, जिसे पूरा करने निर्देश जारी कर दिए हैं। काम पूर्ण होते ही टाइगरों को रेणुका शिफ्ट करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वन्य प्राणी विंग शिमला मंडल के डीएफओ डॉ. शहनवाज अहमद भट्ट ने बताया कि मिनी जू रेणुकाजी में टाइगर के जोड़े को लाने की विभागीय औपचारिकता पूरी कर ली गई है। बाड़े का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही जून के पहले हफ्ते में टाइगरों को महाराष्ट्र से यहां लाया जाएगा। इसके लिए सीजेडए भी अप्रूवल मिल गई है। यह प्रदेश का एकमात्र व पहला जोड़ा होगा , जिसे मिनी जू रेणुका जी में पर्यटकों के दीदार के लिए रखा जाएगा। हालांकि विभाग ने बीते नवंबर में टाइगरों को रेणुका जी में शिफ्ट करने का दावा किया था, लेकिन लंबी औपचारिकताओं को निभाने व अप्रूवल लेने में विभाग को छह माह का अतिरिक्त समय लग गया। इस पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। रेणुका आने वाले पर्यटक अब लायन सफारी के साथ टाइगर सफारी का भी आनंद ले सकेंगे, जिससे यहां पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघों के आगमन के बाद सफारी का आकर्षण और बढ़ जाएगा और यह स्थान देशभर के पर्यटकों के लिए और भी खास बन जाएगा।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में सतत विकास अभियान के साथ मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान



प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**सोलन ।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने विश्व पृथ्वी दिवस 2026 को 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय के तहत सतत विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ मनाया। सतत विकास एवं सामुदायिक सहभागिता की निदेशक पूनम नंदा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें पर्यावरण पर व्यक्तिगत एवं सामूहिक कार्यों के प्रभाव को समझने के लिए सशक्त बनाना था। विद्यार्थियों को ज्ञान, रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से सतत विकास के प्रति अपनी समझ को व्यक्त करने का मंच प्रदान करने के लिए कई आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पर्यावरण जागरूकता, जलवायु परिवर्तन और सतत प्रथाओं पर केंद्रित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जैव इंजीनियरिंग एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग उपविजेता रहा। डीआईवाई प्रतियोगिता ने पुनः उपयोग और जिम्मेदार उपभोग के महत्व पर प्रकाश डाला, जहां प्रतिभागियों ने रचनात्मक रूप से बेकार पड़ी सामग्रियों को उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित किया। बायोइंजीनियरिंग और खाद्य प्रौद्योगिकी संकाय विजेता बनकर उभरा, जबकि उपविजेताओं में विधि संकाय, योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर और डेटा विज्ञान संकाय तथा मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संकाय शामिल थे। बिजनेस मैनेजमेंट संकाय को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए विशेष प्रशंसा मिली। चेहरे पर चित्रकारी प्रतियोगिता में पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर केंद्रित कलात्मक अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन किया गया, जो यह दर्शाती हैं कि जागरूकता किस प्रकार सार्थक परिवर्तन ला सकती है। बायोइंजीनियरिंग और खाद्य प्रौद्योगिकी संकाय ने एक बार फिर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसके बाद योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर और डेटा विज्ञान संकाय और मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संकाय संयुक्त उपविजेता रहे।
सभी प्रतियोगिताओं में समग्र प्रदर्शन के आधार पर, बायोइंजीनियरिंग और खाद्य प्रौद्योगिकी संकाय को समग्र विजेता घोषित किया गया, जिसने निरंतर उत्कृष्टता और विषय के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर और डेटा विज्ञान संकाय, मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संकाय के साथ संयुक्त उपविजेता घोषित किए गए। सतत विकास और सामुदायिक सहभागिता की निदेशक, पूनम नंदा ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक छोटा कार्य और सचेत विकल्प एक व्यापक पर्यावरणीय प्रभाव में योगदान देता है।

# एयर रेड एवं बमबारी परिदृश्य पर आधारित मॉक ड्रिल 24 अप्रैल

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** जिला सोलन में आपदा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ी करने के उद्देश्य से 24 अप्रैल, 2026 को एयर रेड एवं बमबारी परिदृश्य पर आधारित एक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह जानकारी आज यहां गृह रक्षा 11वीं वाहिनी सोलन के आदेशक संतोष शर्मा ने दी। संतोष शर्मा ने कहा कि यह मॉक ड्रिल 24 अप्रैल, 2026 को रात्रि 08.30 बजे से ठोडो मैदान सोलन से सटे वार्ड नम्बर 7 में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान इस वार्ड में नियंत्रित ब्लैक आउट भी किया जाएगा। आदेशक ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान जवाहर पार्क में स्थित अलार्म को भी बजाया जाएगा ताकि सभी को सतर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि एयर रेड तथा बमबारी परिदृश्य पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन केन्द्रीय गृह मंत्रालय तथा प्रदेश के निदेशक अग्निशमन सेवाएं द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में किया जा रहा है। संतोष शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार के भ्रम अथवा घबराहट की स्थिति में न रहें क्योंकि यह एक पूर्व नियोजित अभ्यास है और इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन तैयारियों को परखना एवं सुदृढ़ बनाना है। आदेशक गृह रक्षा ने लोगों से अपील की है कि इस अवधि में जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं सहायता पहुंचाई जा सके।

# अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश दिल्ली में बैठे एक नाइजीरियन को दबोचा

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** जिला पुलिस सोलन द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया है। इस कार्रवाई में न केवल हेरोइन (चिट्टा) की बड़ी खेप बरामद की गई, बल्कि इस नेटवर्क के एक महत्वपूर्ण सप्लायर, जो कि एक नाइजीरियाई नागरिक है को भी गिरफ्तार किया गया है। 20 अप्रैल को पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 व 29 के अंतर्गत एफआईआर संख्या 95/2026 दर्ज की गई थी। इस मामले में प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान तीन व्यक्तियों के कब्जे से कुल 9.93 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में दो व्यक्ति बिहार राज्य के निवासी हैं, जबकि एक आरोपी नेपाली नागरिक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तुरंत जांच को आगे बढ़ाया गया तथा आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ड्रग सप्लाई चेन के बैकवर्ड लिंक को खंगालने का कार्य शुरू किया गया। जांच में यह सामने आया कि इस नेटवर्क की जड़ें दिल्ली तक फैली हुई हैं। इसी क्रम 20 अप्रैल को थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम को दिल्ली रवाना किया गया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से नई दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में चिन्हित स्थान पर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके पर यूजीन चिनवेउबा नामक 42 वर्षीय नाइजीरियाई नागरिक मौजूद पाया गया। संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए उसके आवासीय परिसर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कमरे से कुल 229 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा मादक पदार्थ की तौल हेतु प्रयुक्त एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत आरोपी को थाना प्रभारी द्वारा विधि अनुसार मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आरोपी इस ड्रग नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण सप्लायर है, जो विभिन्न राज्यों में नशे की खेप पहुंचाने में संलिप्त था। आरोपी के विदेशी नागरिक होने के कारण उसके विरुद्ध विदेशी अधिनियम की धारा 14 भी जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपी को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, जहां पुलिस रिमांड प्राप्त कर नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों, सप्लाई चैन तथा वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की जाएगी। इस सफल ऑपरेशन के माध्यम से जिला सोलन पुलिस ने न केवल भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया है, बल्कि नशा तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह कार्रवाई युवाओं को नशे के जाल से बचाने तथा समाज को सुरक्षित बनाने की दिशा में जिला पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिला पुलिस सोलन भविष्य में भी नशा तस्करों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगी। मामले में आगे की जांच प्रगति पर है।

**उपलब्धि** **मशोबरा के वैज्ञानिकों के सहभागी फल सुधार के प्रयास लाए रंग: किसान सेब की नई किस्म पंजीकृत**

# सेब की किस्म 'कंवर मझोली सिलेक्शन-1' पीपीवी एंड एफआरए द्वारा पंजीकृत

अनंत ज्ञान



**सोलन।** शिमला जिला के एक प्रगतिशील बागवान और डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, मशोबरा के वैज्ञानिकों के सहभागी फसल सुधार प्रयास रंग लाए है। विश्वविद्यालय ने किसान की इस सेब की एक नई किस्म के पंजीकरण में सफलता प्राप्त की है। पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (PPV&FRA) ने इस किस्म को आधिकारिक रूप से 'कंवर मझोली सिलेक्शन-1' नाम से पंजीकृत किया है। यह किस्म शिमला जिले के कथोग क्षेत्र के मझोली गांव के प्रगतिशील बागवान स्वर्गीय जोगिंदर सिंह कंवर तथा विश्वविद्यालय के मशोबरा केंद्र के वैज्ञानिकों के सतत प्रयासों का परिणाम है। मशोबरा केंद्र के सह-निदेशक डॉ. दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2016 में अपने बगीचे के नियमित निरीक्षण के दौरान स्वर्गीय जोगिंदर सिंह कंवर ने 47 वर्ष पुराने रेड डिलीशियस सेब के पेड़ की सबसे निचली शाखा पर कुछ असामान्य रूप से गहरे रंग के फल देखे। ये फल उसी पेड़ के अन्य फलों की तुलना में रंग में स्पष्ट रूप से भिन्न थे। इस भिन्नता की जांच के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से संपर्क किया गया। वर्ष 2017 में डॉ. दिनेश सिंह ठाकुर और डॉ. नीना चौहान की टीम ने बाग का सर्वेक्षण किया और इस परिवर्तन को पूरी शाखा उत्परिवर्तन (Whole Branch Mutation) के रूप में पहचाना। टीम ने वैज्ञानिक मूल्यांकन शुरू करते हुए परिवर्तित शाखा से बडवुड अलग किया और उसे ड्वॉर्फ M9 रूटस्टॉक पर ग्राफ्ट किया, ताकि वांछनीय गुणों की स्थिरता और फल की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके। इस किस्म का 4-5 वर्षों तक मशोबरा में, जो समुद्र तल से 2,286 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, अवलोकन और विश्लेषण किया गया। अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस किस्म को नई किसान किस्म के रूप में संरक्षित करने के लिए 'कंवर मझोली सिलेक्शन-1' नाम से पंजीकरण हेतु आवेदन PPV&FR में भेजा। उन्होंने बताया कि मशोबरा केन्द्र के वैज्ञानिकों ने आवश्यक पासपोर्ट डेटा एकत्र किया और वर्ष 2016 से इस किस्म के विकास और दस्तावेजीकरण में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उनके प्रयासों को अंततः इस किस्म के आधिकारिक पंजीकरण के रूप में सफलता मिली। किसान परिवार और वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय की उस नीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत किसानों की अनूठी किस्मों के पंजीकरण को मान्यता और सहयोग दिया जाता है, ताकि व्यापक किसान समुदाय को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पंजीकृत किस्म में रेड डिलीशियस के सभी वांछनीय गुण मौजूद हैं, साथ ही इसमें जल्दी आने वाले और गहरे आकर्षक रंग की विशेषता भी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोहरे वाले क्षेत्रों में, जहां फलों में अच्छा रंग लाना चुनौतीपूर्ण होता है, इस किस्म को अपनाना किसानों के लिए एक व्यवहारिक विकल्प साबित हो सकता है। डॉ. चंदेल ने आगे बताया कि किसान परिवार की पूर्व अनुमति से इस किस्म का वर्तमान में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा 'कंवर रेड' नाम से बहु-स्थान प्रदर्शन परीक्षण (Multi-location Performance Trials) के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है।

## डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विविध गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय अर्थ डे के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की जागरूकता और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उनमें जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल रीना पांटा ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल में लीफ पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके साथ ही स्कूल परिसर में पौधारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस पहल के माध्यम से बच्चों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया ।

# भारत-अफ्रीका साझेदारी अशांत विश्व में स्थिरता का संदेश देगी: जयशंकर

## कहा- भारत की विदेश नीति में अफ्रीका का अहम स्थान, लोगो और वेबसाइट लांच

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनिया जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है, भारत-अफ्रीका साझेदारी का विशेष महत्व है और यह एक अशांत और अनिश्चित दुनिया में 'स्थिरता' तथा 'विश्वसनीयता' का संदेश देगी। जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और अफ्रीका न केवल विकास साझेदार हैं, बल्कि ''एक बेहतर दुनिया को आकार देने में भी साझेदार'' हैं। उनकी ये टिप्पणियां दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे कई संघर्षों की पृष्ठभूमि में आई हैं, जिनमें पश्चिम एशिया का संघर्ष भी शामिल है जो 50 से अधिक दिन से जारी है और वैश्विक स्तर पर असर डाल रहा है।


आगामी शिखर सम्मेलन के लोगो में भारत और अफ्रीका के आपस में जुड़े हुए मानचित्रों को दर्शाने वाली छवि पर एक शेर की आकृति अंकित है। इसका विषय 'स्थायी साझेदारी साझा दृष्टिकोण' है और शिखर सम्मेलन 28 से 31 मई तक होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनिया जटिल भू-राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही है, हमारी साझेदारी का विशेष महत्व है। अशांत दुनिया में स्थिरता, अनिश्चितता में विश्वसनीयता और कठिन समय में एकजुटता का संदेश होगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न अफ्रीकी देशों के कई राजदूतों और राजनयिकों ने भाग लिया। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत ने हाल के वर्षों में अफ्रीका में 17 नए मिशन खोलकर अपनी राजनयिक उपस्थिति का विस्तार किया है, जिससे अफ्रीका में भारतीय मिशनों की संख्या 46 हो गई है। जयशंकर ने कहा कि आज अफ्रीका भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध 'हमारे सभ्यतागत संबंधों' पर आधारित हैं, जो सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध के माध्यम से विकसित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति एकजुटता दिखाई थी और इससे हमारे संबंध और भी मजबूत हुए। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स में 852 अंक की गिरावट निफ्टी भी 205 अंक लुढ़का

## ऑटो और सरकारी बैंक शेयरों में बिकवाली

**एजेंसी, मुंबई**



सेंसेक्स में वीरवार को 852 अंक (1.09%) गिरकर 77,664 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 205 अंकों (0.84%) की गिरावट रही, ये 24,173 पर आ गया। आज के कारोबार में फार्मा और मीडिया शेयरों में खरीदारी रही, जबकि ऑटो में सबसे ज्यादा बिकवाली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर की 22 अप्रैल की डेडलाइन को आगे तो बढ़ा दिया है, लेकिन तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी अब भी जारी रखी है, वहीं ईरान ने 'स्टेट ऑफ हॉर्मुज' में दो जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई हैं। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है। गौर रहे कि 22 अप्रैल को सेंसेक्स 757 अंक (0.95%) की गिरावट के साथ 78,516 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 199 अंकों (0.81%) की गिरावट रही, ये 24,378 पर आ गया। (अनंत ज्ञान)

# गिरावट: सोना 1,057 व चांदी 8,086 रुपए सस्ती



**एजेंसी, मुंबई।** सोना-चांदी के दामों में वीरवार को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,057 रुपए गिरकर 1.51 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 22 अप्रैल को इसकी कीमत 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 8,086 रुपए गिरकर 2.40 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.48 लाख रुपए प्रति किलो थी। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.48 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 13 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.43 लाख रुपए पर पहुंच गई है। 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का हाई बनाया था। यानी पीक से सोना 25 हजार रुपए और चांदी 1.42 लाख सस्ती हुई है। (अनंत ज्ञान)

# रक्षा उद्योग में साथ काम करने पर सहमत भारत और मिस्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारत** और मिस्र के बीच काहिरा में हुई 11वीं संयुक्त रक्षा समिति (जेडीसी) की बैठक के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए बातचीत हुई। दोनों पक्ष रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने और योजना बनाकर साथ काम करने पर सहमत हुए। रक्षा उद्योग सहयोग भारत-मिस्र रक्षा संबंधों का एक अहम हिस्सा बन रहा है, जिसमें दोनों पक्ष रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में सहयोग के मौके तलाश रहे हैं।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद ने किया और इसमें रक्षा मंत्रालय और सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। मिस्र के प्रतिनिधिमंडल में वहां के सशस्त्र बलों और रक्षा मंत्रालय के अधिकारी शामिल हुए। दोनों पक्षों ने पिछली जेडीसी बैठक के बाद हुई प्रगति की समीक्षा की और रक्षा सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार किया। भारत और मिस्र 2026-27 के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग योजना पर सहमत हुए। इसका मकसद, जिसका फोकस सैन्य संपर्क तंत्र को बढ़ाना, संयुक्त प्रशिक्षण को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना, सैन्य अभ्यास बढ़ाना और तकनीक बढ़ाने में सहयोग करना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय रक्षा उद्योग की तेजी से बढ़ती निर्माण क्षमताओं पर प्रस्तुति दी, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भारत का उत्पादन 20 बिलियन डॉलर को पार कर गया है और भारत 100 से ज्यादा देशों को लगभग 4 बिलियन डॉलर के उत्पादन निर्यात कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# जेएंडके में आतंकियों की मदद करने के आरोप में लोग किए गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में आतंकवादियों को साजोसामान संबंधी सहायता प्रदान करने के आरोप में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात शहर के हजरतबल इलाके से इन चारों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने इनमें तीन पुरुषों की पहचान हजरतबल निवासी जाहूर अहमद मीर, बशीर अहमद भट और गुलाम मोहम्मद भट के रूप में की है। महिला की पहचान हजरतबल निवासी शाजिया मोहम्मद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इनके कब्जे से एक हथगोला, एके-47 की 15 गोलियां, चार मोबाइल फोन और कुछ नकदी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और शस्त्र कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के कांगपोकपी जिले में छह बंकर नष्ट, हथियार भी किए बरामद



**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के कांगपोकपी जिले में छह बंकर नष्ट कर दिए गए। पुलिस के मुताबिक, तिंगपिबुंग गांव में दो, लुंगटर हिल में तीन तथा लेप्लेन गांव में एक बंकर नष्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने इन ठिकानों से 7.62 मिलीमीटर कारतूस के 12 खोखे जब्त किए।

अधिकारियों के अनुसार, एक अन्य कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भारत-म्यांमा सीमा से सटे एक स्थान से हथियार और विस्फोटक बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि एक एके-47 राइफल और मैगजीन, एक कार्बाइन और मैगजीन तथा चार आईईडी बरामद की हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी सांसद बोले- पाक लश्कर और जैश जैसे आतंकवादी समूहों पर कसे नकेल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिकी** सांसद ब्रैड शेरमैन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने की मांग की है। इस आतंकवादी संगठन का संबंध 2025 के पहलगाम आतंकी हमले से बताया जाता है। भारतीय दूतावास ने 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी आयोजित की है जिसमें शेरमैन ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने पहलगाम हमले की पहली बरसी पर उन 26 निर्दोष लोगों को याद किया जिन्हें आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था। शेरमैन ने कहा कि द रेजिस्टेंस फोर्स के हमलावरों ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया और कथित तौर पर पीड़ितों को धर्म के आधार पर अलग किया।

इस समूह को व्यापक रूप से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ने कहा, कि हमें इस अवसर का उपयोग पाकिस्तानी सरकार से लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अन्य आतंकवादी समूहों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने के लिए करना चाहिए। कैपिटल हिल (संसद भवन परिसर) में यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित हो रही है जब पाकिस्तान सात सप्ताह से जारी अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने के प्रयासों में मध्यस्थता करके खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है। प्रदर्शनी में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दलों के सांसदों ने शिरकत की। इस डिजिटल प्रदर्शनी में विश्व भर में हुए प्रमुख आतंकवादी हमलों को भी प्रदर्शित किया गया है, जिनमें 1993 के मुंबई बम विस्फोट, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम हमला शामिल हैं। इसमें हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठनों की पहचान भी बताई गई है, जिनमें पाकिस्तान के कई व्यक्ति और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठन शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# ब्रिटिश लॉरिएट स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** ब्रिटिश लॉरिएट स्कूल में इस वर्ष की थीम 'हमारी ताकत, हमारा ग्रह' (आवर पावर आवर प्लैनट) को अपनाते हुए विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह व जोश के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्कूल के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. कर्नल अतुल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विशेष कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि व्यक्तिगत प्रयास मिलकर बड़े और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। कक्षाओं को जीवंत व रंग-बिरंगे वातावरण में परिवर्तित किया गया, जहां पर्यावरण-अनुकूल शिल्पकला, पोस्टर व स्थिरता तथा संरक्षण पर आधारित रचनात्मक प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया व इसके उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने सड़कों और जल स्रोतों सहित सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पौधरोपण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पृथ्वी की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। यह कार्यक्रम प्रेरणादायक संदेश के साथ संपन्न हुआ, जिसमें पर्यावरणीय जिम्मेदारी के भाव को और अधिक मजबूत किया गया। इस अवसर ने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने और एक हरित, स्वच्छ तथा अधिक सतत् भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# वाघा बॉर्डर से व्यापार बहाल करने की वकालत की

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** आनंदपुर साहिब से लोकसभा सदस्य मलविंदर सिंह कंग ने वाघा बॉर्डर के माध्यम से सीमा पार व्यापार को पुन: शुरू करने की जोरदार वकालत की है, ताकि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर जैसे उत्तरी राज्यों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

मुंबई-कराची मार्ग पर जारी अंतरराष्ट्रीय व्यापार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वह पहले ही संसद में वाघा बॉर्डर के माध्यम से व्यापार बहाल करने का मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी व उत्पादक इस व्यापार की बहाली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को बड़ा बल मिलेगा। वह वीरवार को खरड़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास (एमपी लैड) फंड के तहत लगभग 28.93 लाख रुपए की लागत से पूरे किए गए विकास कार्यों के उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उद्घाटन किए गए परियोजनाओं में सरकारी मॉडल स्मार्ट स्कूल, जंडपुर में नए कक्षा-कक्ष का निर्माण (5 लाख रुपए), अभेपुर में ओपन जिम की स्थापना (3 लाख रुपए), मिल्ख गांव में 25 सोलर लाइटें (2.93 लाख रुपए), मानकपुर शरीफ में दरगाह के पास शेड का निर्माण (5 लाख रुपए), लुबानगढ़ स्थित स्टेडियम में 28 फ्लडलाइट्स की स्थापना (5 लाख रुपए), सियालबा में इंडोर जिम का निर्माण (3 लाख रुपए), बरौली गांव में गुरुद्वारा साहिब के पास सार्वजनिक पार्किंग का विकास (2 लाख रुपए) तथा माछीपुर गांव में सामुदायिक केंद्र का निर्माण (3 लाख रुपए) शामिल हैं। मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में कंग ने कहा कि प्रति सांसद 5 करोड़ रुपए का एमपी लैड फंड आनंदपुर साहिब संसदीय क्षेत्र के 1600 से अधिक गांवों की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अन्य सांसदों के साथ मिलकर यह मुद्दा लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया है और फंड में वृद्धि की मांग की है।

इससे पहले सरकारी मॉडल स्मार्ट स्कूल, जंडपुर में विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और मेहनत से उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, हॉकी ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर और परगट सिंह के उदाहरण देते हुए कहा कि ये सभी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी रहे हैं, जो इन संस्थानों की क्षमता को दर्शाता है।

# आज रात होगी सिविल डिफेंस मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मोहाली जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार रात जिला प्रशासनिक परिसर, सेक्टर 76, मोहाली तथा आसपास के क्षेत्रों में पहली सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त कोमल मित्तल ने दी। डीसी ने बताया कि मॉक ड्रिल रात 8 बजे दो मिनट तक उच्च-निम्न ध्वनि वाले एयर रेड सायरन के साथ शुरू होगी, जिसके बाद जिला प्रशासनिक परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में पूर्ण ब्लैकआउट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह ड्रिल लगभग 15 मिनट तक चलेगी, जिसके दौरान ब्लैकआउट प्रबंधन, निकासी एवं सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन, चिकित्सा सहायता तथा घायलों की देखभाल जैसी आपातकालीन प्रक्रियाओं का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्रिल के अंत में दो मिनट तक एक समान ध्वनि वाला सायरन बजाया जाएगा, जो ड्रिल समाप्त होने का संकेत होगा। आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से अपील करते हुए डीसी ने कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह केवल आपातकालीन परिस्थितियों में तैयारियों की जांच के लिए आयोजित की जा रही अभ्यास ड्रिल है। उन्होंने कहा कि यह ड्रिल जिला प्रशासनिक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में इस प्रकार आयोजित की जाएगी कि शहरवासियों की दैनिक दिनचर्या में कोई व्यवधान न आए।

# स्टूडेंट्स ने दस्तार से विरासत और गौरव का किया प्रदर्शन




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फेज-2 में पंजाबी संस्कृति की शान और दस्तार के महत्व को दर्शाने के लिए 'पग में प्राइड' नामक दस्तार बांधने की प्रतियोगिता बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ना था, जहां दस्तार केवल पहनावा नहीं बल्कि सम्मान, गर्व और पहचान का प्रतीक है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कोर्सों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अलग-अलग शैलियों में दस्तार बांधकर अपनी रचनात्मकता और पारंपरिक अंदाज का प्रदर्शन किया। विजेताओं का चयन उनकी सफाई, शैली और प्रस्तुति के आधार पर किया गया। परिणामों में पवनदीप सिंह (बीसीए प्रथम वर्ष) ने मोस्ट क्रिएटिव स्टाइल अवॉर्ड, असीसदीप सिंह (बीसीए प्रथम वर्ष) ने बेस्ट टेक्नीक अवॉर्ड, अवनीत सिंह (बीसीए प्रथम वर्ष) ने रॉयल लुक अवॉर्ड प्राप्त किया।

वहीं करमजीत सिंह (बीसीए तृतीय वर्ष) को जनता का फेवरेट चुना गया। एकमजोत सिंह (एमबीए प्रथम वर्ष) को स्वैग वाले सरदार का खिताब मिला और हर्षप्रीत सिंह (बीसीए तृतीय वर्ष) ने दिल जीत लिया अवार्ड जीता। डायरेक्टर डॉ. अनीत बेदी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में बैसाखी जैसे त्योहारों और ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों में अपनी विरासत के प्रति गर्व की भावना उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में सहायक होते हैं।

# चोरी की मोटरसाइकिल समेत दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर फतेहाबाद पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनसे चोरी के चार बाइक बरामद हुई हैं। इस बरामदगी से फतेहाबाद और टोहाना क्षेत्र में हुई चोरी की कई गुत्थियां सुलझने का दावा किया जा रहा है। डीएसपी कुलबंत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में गांव बोसवाल, ढाणी रूपनगर निवासी राजेंद्र सिंह ने पुलिस चौकी बस अड्डा में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, बीती 11 अप्रैल को वह अपनी बाइपक पुराने बस स्टैंड के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के पास खड़ी कर किसी काम से गया था। वापस आने पर उसकी बाइक वहां नहीं मिली। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने राहुल निवासी भुना को नामजद कर उसे गिरफ्तार किया। राहुल की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

# बिल को गिराकर कांग्रेस ने देश की महिलाओं का अपमान किया: कविता

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हरियाणा की पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि आंगन से लेकर आंतरिक्ष, खेल से युद्ध तक, पंचायत से लेकर संसद तक हर मोर्चे पर महिलाओं ने अपने आप को साबित किया है।

17 अप्रैल को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जा सकता था। विपक्ष ने बहाने बना कर के झूठी बातें लोगों के बीच में रख कर के इस बिल को गिराने का काम किया है। पूर्व मंत्री कविता जैन वीरवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को देश की आधी आबादी 70 करोड़ देश की महिलाओ को उत्साह था कि विपक्ष एकजुट होकर पार्टी बाजी से ऊपर उठ कर महिला शक्ति के लिए अच्छा फैसला लेगा। कांग्रेस, टीएमसी व उनके सहयोगियों ने मिल विपक्षी दलों से मिल कर बिल का पारित नही होने दिया। जब बिल गिरा तो विपक्ष ने उसका मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी नारी शक्ति को नारी शक्ति वंदना बिल को लेकर बड़ी आस थी। बिल के पारित होने के साथ नारी शक्ति को लोकसभा तथा विधानसभा में उनका हक मिलेगा। कांग्रेस, टीएमसी, सपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा बिल को पारित ने होने देना नारी शक्ति का अपमान है।

यह भी साफ है कि बिल पास होगा और 2029 महिला शक्ति को उसका हक मिलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोचा था कि जो परिसीमन के अंदर जो परिवर्तन होना है, जितने भी सीटें बढ़ेंगी इस विधायक को पारित करें और यह सुनिश्चित करें कि 2029 के चुनाव के अंदर महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हमेशा देशहित तथा जनहितैषी योजनाओं का विरोध किया है। जिस दिन नारी शक्ति वंदना बिल गिरा तो पीएम ने उसी दिन साफ कहा था कि बिल को दोबारा फिर लेकर आएंगे और 2029 के चुनाव से पहले देश की बेटियों को उनका हक जरूर मिलेगा।

# हेरोइन के साथ तीन बाइक सवार काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हांसी रोड रजबाहा पुल सीआईए स्टाफ ने बाइक सवार तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 29.12 ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को बुधवार रात सूचना मिली थी कि हांसी रोड रजबाहा पुल पर बाइक सवार तीन युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़े हुए हैं व ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को काबू कर लिया। पुलिस ने बाइक के साथ-साथ तीनों युवकों की तलाशी ली तो एक युवक के पास 29.12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान पटेल नगर निवासी रजत के रूप में हुई। जबकि उसके दोनों साथियों की पहचान पटेल नगर निवासी साहिल, सावित्री नगर निवासी गौरव के रूप में हुई। शहर थाना पुलिस ने हेरोइन के साथ पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# पंजाब श्रम कल्याण बोर्ड ने 7831 औद्योगिक श्रमिकों को 17.11 करोड़ के लाभ दिए: तरुनप्रीत

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** राज्य में औद्योगिक श्रमिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उनकी भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए पंजाब श्रम कल्याण बोर्ड ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न कल्याण योजनाओं के तहत 7831 लाभार्थियों को 17.11 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। बोर्ड की चल रही गतिविधियों व प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए पंजाब के श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने इन प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को जागरूकता अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र श्रमिक इन कल्याण योजनाओं का लाभ उठा सकें। मंत्री ने कहा कि जागरूकता की कमी अक्सर श्रमिकों को उनके लिए उपलब्ध कल्याण योजनाओं का लाभ लेने में बाधा बनती है। योजनाओं के दायरे के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि पंजाब श्रम कल्याण फंड अधिनियम, 1965 के तहत आने वाले संस्थानों में कार्यरत औद्योगिक श्रमिक बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।



उन्होंने कहा कि ये पहल स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं में श्रमिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए चलाई गई हैं। बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में चिकित्सा उपचार व सामान्य सर्जरी के लिए वित्तीय सहायता, एक्स-ग्रेशिया अनुदान, अंतिम संस्कार खर्च, एलटीसी, मातृत्व लाभ तथा मानसिक या शारीरिक दिव्यांगता वाले श्रमिकों के लिए सहायता शामिल है। इसके अलावा श्रमिक अन्य योजनाओं का लाभ भी ले सकते हैं, जिनमें शगुन योजना, चश्मा लगवाने संबंधी सहायता, दंत चिकित्सा देखभाल, श्रवण यंत्रों के लिए सहायता, तथा शिक्षा और दिव्यांगता मुआवजे हेतु छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं। मंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र श्रमिक तक कल्याण योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो और जरूरत के समय सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने अधिकारियों से जागरूकता शिविर और सरल आवेदन प्रक्रियाओं सहित सक्रिय उपाय अपनाने की अपील की ताकि इन योजनाओं के दायरे और प्रभाव को और बढ़ाया जा सके। पंजाब सरकार अपने विकास एजेंडे के एक अहम हिस्से के रूप में श्रम कल्याण को प्राथमिकता दे रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि औद्योगिक श्रमिकों को आवश्यक सहायता और उनका उचित सम्मान मिल सके।

## स्पोर्ट्स विंडो

### तेज गेंदबाज तुषारा ने एसएलसी के खिलाफ किया केस वापस लिया

**एजेंसी, कोलंबो।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी न करने पर श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर करने वाले तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने अब यह मामला वापस ले लिया है। तुषारा ने 2022 से अब तक 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने दलील दी थी कि एसएलसी ने फिटनेस परीक्षण में असफल रहने का हवाला देते हुए उन्हें एनओसी जारी करने से इनकार कर दिया था। उनके वकील ने जिला अदालत को बताया कि अब जबकि आईपीएल के अधिकतर मैच पूरे हो चुके हैं, इसलिए उनका मुवक्किल मुकदमा वापस लेना चाहता है, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। उन्होंने एसएलसी से माफी भी मांगी। तुषारा को इस सत्र में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलना था। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज बर्गर पर मैच फीस का 10 % जुर्माना

**एजेंसी, लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच के दौरान



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने वीरवार को एक बयान में कहा कि इस 30 वर्षीय खिलाड़ी के खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। बयान के अनुसार, 'राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।' बर्गर को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो ''मैच में किसी अन्य खिलाड़ी से अपमानजनक या आक्रामक अंदाज वाली भाषा का उपयोग, प्रतिक्रिया या इशारा करने से संबंधित है।' इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपराध स्वीकार कर लिया। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉलर लामिन यामल हुए चोटिल विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका

**एजेंसी, बार्सिलोना।** युवा फुटबॉलर लामिन यामल स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में बार्सिलोना की सेल्टा विगो पर 1-0 से जीत के दौरान चोटिल हो गए, जिससे उनकी विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका बन गई है। यामल ने 40वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया, लेकिन इस दौरान वह चोटिल हो गए। जैसे ही उनके साथी खिलाड़ी जश्न मनाने के लिए पहुंचे, वह जमीन पर गिर पड़े और फिर अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए दिखाई दिए। यामल इसके बाद आगे नहीं खेल पाए। उन्होंने बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक से बात की और फिर अकेले ही लॉकर रूम में चले गए। बार्सिलोना ने इस जीत से रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाकर खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को भी बढ़ा दिया है। बार्सिलोना के 32 मैच में 82 जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 73 अंक हैं। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत पूर्व जिमनास्ट फराह हादी

**फराह** एन अब्दुल हादी मलेशिया की एक खूबसूरत पूर्व कलात्मक जिमनास्ट और ओलंपियन हैं, जिन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया था। उन्होंने सीईए गेम्स में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और 2010 से 2014 के बीच राष्ट्रमंडल खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।



# आरसीबी और गुजरात के लिए आज बल्लेबाजों पर होगा जीत का दारोमदार

## पिछले मैचों में दोनों टीमों के गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन, पर बल्लेबाजों ने किया निराश

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आरसीबी और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे, जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी, जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था। वह अब अंक तालिका में आठ अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक), दिल्ली कैपिटल्स और टाइटंस (प्रत्येक 6 अंक) का नंबर आता है। मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा।

आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली, इसलिए आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी



तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा।

इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इससे उसके नेट रन रेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर ने कुछ हद तक निरंतरता दिखाई है, लेकिन बी साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गुजरात टाइटंस के पास प्रसिद्ध कृष्णा, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान जैसे अच्छे गेंदबाज हैं, लेकिन उन्हें बल्लेबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**गुजरात टाइटंसः** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच**

### आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने बनाए सबसे तेज 500 रन

**एजेंसी, लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके। लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं। (अनंत ज्ञान)



# टी-20 विश्व कप से पहले कमजोरियों का उजागर होना टीम के लिए अच्छा : हरमनप्रीत

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ने मजबूत वापसी का दिलाया भरोसा

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है।




भारतीय महिला टीम को अक्तूबर 2024 में हुए टी-20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखलाएं जीती। हरमनप्रीत ने तीसरे मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'पिछले टी20 विश्व कप के बाद हमने अधिकतर टी-20 शृंखला जीती हैं। यह एकमात्र ऐसी शृंखला है जिसमें हम पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह टीम के लिए अच्छा है कि हम जो भी गलतियां कर रहे हैं वह अभी कर रहे हैं, न कि विश्व कप में। यह सही समय है जब हम अपनी गलतियों से सीख सकते हैं और मजबूती से वापसी कर सकते हैं।' हरमनप्रीत ने कहा, 'कप्तान होने के कारण मैं हर बात को सकारात्मक रूप से लेती हूं।

हमें अभी दो मैच खेलने हैं और हम उनमें अच्छा प्रदर्शन करके वापसी कर सकते हैं।' इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में भारत का यह प्रदर्शन चिंता का विषय है। विशेषकर उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में 21 विकेट लिए हैं, जबकि भारत केवल सात विकेट ही ले पाया है। तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 192 रन का लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका ने इसे 16.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### एर्लिंग हालैंड के गोल से प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंची मैनचेस्टर सिटी

**एजेंसी, लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को



1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है। बुधवार को खेले गए एक अन्य मैच में लीड्स ने स्टॉपेज टाइम के सातवें मिनट में गोल करके बोर्नमाउथ के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। (अनंत ज्ञान)

### बार्सिलोना ने 7वीं बार जीता महिला स्पेनिश लीग का खिताब




**एजेंसी, बार्सिलोना**

बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है। रियाल मैड्रिड का गोल अंतर 38 है। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका को अगला वनडे विश्व कप जिताना मेरा लक्ष्य : कर्स्टन

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के नए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन का लक्ष्य एक ऐसी टीम तैयार करना है जो 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खिताब के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर सके। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व सलामी बल्लेबाज कर्स्टन को दो साल के अनुबंध पर श्रीलंका की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।



उनका कार्यकाल 15 अप्रैल से शुरू हो गया है। कर्स्टन ने वीरवार को यहां कहा, 'हम सभी प्रत्येक प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आगे कुछ बड़ी प्रतियोगिताएं खेली जानी है जिनमें 17 महीने बाद होने वाला पुरुष वनडे विश्व कप भी शामिल है। हम इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करना चाहेंगे।' वनडे विश्व कप अगले साल अक्तूबर और नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। श्रीलंका 2011 के बाद से वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंचा है। भारत ने उसे 2011 में फाइनल में हराया था। उस समय कर्स्टन भारत के मुख्य कोच थे। उन्होंने कहा कि वह सभी प्रारूपों के लिए सबसे संतुलित टीम तैयार करने की कोशिश कर रहे थे। कर्स्टन ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस समय मेरी प्राथमिकता यही है और मैंने इस पर काम करना भी शुरू कर दिया है। हम अलग-अलग प्रारूपों में विभिन्न भूमिकाओं के लिए खिलाड़ी तैयार करने पर ध्यान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि श्रीलंका ने टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और उससे पता चलता है कि खिलाड़ियों में भरपूर क्षमता है। हमें बस निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### एकाना की पिच पर्थ की वाका जैसीः जस्टिन लैंगर

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है। एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उसे यहां क्रमशः छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया। पिछले सत्र में भी एलएसजी ने यहां खेले गए आठ मैचों में से छह मैच हारे थे। इस तरह से उसने इस मैदान पर खेले गए 22 मैचों में से केवल नौ में जीत हासिल की है। लैंगर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यहां की पिच भारत के दूसरे स्थानों की पिच से बहुत अलग है। यह क्रिकेट के लिए शानदार पिच है। यहां आपको गति और उछाल दोनों देखने को मिलते हैं। हम अभी तक इससे सामंजस्य नहीं बिठा पाए हैं।' उन्होंने कहा, ''हमने अच्छी शुरुआत की थी। हम इस पिच पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं लेकिन हमारे बल्लेबाज इससे मिलने वाली अतिरिक्त गति और उछाल से तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। हमारे बल्लेबाज कई बार शॉर्ट पिच गेंदों पर आउट हुए।' (अनंत ज्ञान)

# जब मैदान पर आता हूं तो अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं: जडेजा

## लखनऊ के खिलाफ 40 रन की अहम पारी खेल राजस्थान को दिलाई जीत

**एजेंसी नई दिल्ली**

रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं, लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं।




जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा।' उन्होंने कहा, 'अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते।' जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। एकाना स्टेडियम की पिच पर धीमी गेंदबाजी करने के बारे में जडेजा ने कहा, 'जब मैं दिग्वेश राठी के सामने बल्लेबाजी कर रहा था तो उनकी कुछ गेंदें रुक कर विकेट पर आ रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं इस पिच पर धीमी गेंदबाजी करूं तो शायद मुझे भी कुछ मदद मिल सकेगी।' इसलिए मैंने पिच के हिसाब से गेंदबाजी की। (अनंत ज्ञान)

# मिचेल स्टार्क को आईपीएल में खेलने के लिए मिली हरी झंडी

**एजेंसी, सिडनी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोहनी और कंधे में चोट के कारण बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क जनवरी से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने एशेज के पांचों टेस्ट मैचों में अहम भूमिका निभाई। उन्हें इस श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग के पांच मैच भी खेले थे।



क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार, 'उम्मीद है कि स्टार्क भारत में अब कड़ा अभ्यास करेंगे। वह दिल्ली के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मई को होने वाले मैच में खेलने की राह पर हैं, जो उनका आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच होगा।' इस 36 वर्षीय खिलाड़ी की आईपीएल के शुरुआती चरण में अनुपस्थिति ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर बहस छेड़ दी थी, जिसके चलते स्टार्क को सोशल मीडिया पर स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। उन्होंने इसे बेहद गलत जानकारी करार दिया था।

स्टार्क ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली अभी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इस सत्र में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं, वहीं जोश हेज़लवुड ने शुरुआती मैचों में अनुपस्थित रहने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलना शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

**ओलंपिक-2028** ओलंपिक में पहली बार क्रिकेट मैचों का आनंद लेंगे दुनियाभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमी : गुप्ता

# ओलंपिक में नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान में होंगे क्रिकेट मैच

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका वीरवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा, 'यह इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि आज हम जिस चीज की नींव रख रहे हैं, वह सिर्फ एक क्रिकेट मैदान नहीं है। हम एक वादे की नींव रख रहे हैं। एक ऐसा वादा जिसे पूरा करने में 128 साल लगे।' गुप्ता लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के आयोजन स्थल के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने क्रिकेट को लॉस एंजिलिस खेलों में शामिल करने की





संजोग गुप्ता
सीईओ, आईसीसी

मंजूरी दी है और गुप्ता ने कहा कि इससे इस खेल के बढ़ते प्रभाव का पता चलता है।

उन्होंने कहा, ''दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी, तो यह केवल घोषणा मात्र नहीं थी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।' पोमोना स्थित क्रिकेट स्थल का जिक्र करते हुए गुप्ता ने कहा कि इसकी विरासत इसे क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है। उन्होंने कहा,

**2028 को लॉस एंजिलिस में होने वाली ओलंपिक खेलों में पहली बार होंगे क्रिकेट के मैच**

'इस वादे को पूरा करने के लिए पोमोना से बेहतर किसी अन्य जगह के बारे में मैं सोच भी नहीं सकता। खेल जगत में सबसे अच्छी चीजें तब होती हैं जब महत्वाकांक्षा और समुदाय का मिलन होता है और पोमोना में ये दोनों ही मौजूद हैं। यह स्थल अब एक ऐसे खेल की मेजबानी करेगा जो अपने मूल में ही समुदाय से जुड़ा हुआ है।'

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा कि ओलंपिक मंच क्रिकेट को वैश्विक पहचान देगा। उन्होंने कहा, 'जब जुलाई 2028 में ओलंपिक खेल होंगे तो चार अरब दर्शकों की निगाहें लॉस एंजिलिस पर होंगी। उनमें से कई लोगों की निगाहें पहली बार क्रिकेट पर पड़ेंगी।' (अनंत ज्ञान)